राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत


वर्ष : 13 , अंक : 42, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 29 अगस्त 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


## मुख्य अपडेट


जी-20 : मेयर शैली ओबेरॉय और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने तैयारियों का लिया जायजा .... पेज 03

ज्ञानवापी-श्रृंगारगौरी केस में 8 सितंबर को होगी अगली सुनवाई, पांच वादनी महिलाओं के .... पेज 05

तिरंगे के सम्मान में नीरज ने ठुकराई महिला फैन की मांग, फिर टी शर्ट पर ऑटोग्राफ .... पेज 07


### शिव का 'अभिषेक'



पवित्र श्रावण माह के आखिरी सोमवार को, प्रयागराज में भक्त एक मंदिर में भगवान शिव का 'अभिषेक' करते हुए।

## 5 करोड़ की रिश्वत का मामला, दिल्ली शराब घोटाले में एक्शन

### सीबीआई ने ईडी अधिकारी के खिलाफ दर्ज किया केस

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने प्रवर्तन निदेशालय के सहायक निदेशक पवन खत्री के खिलाफ करप्शन केस दर्ज किया है। शराब कारोबारी अमनदीप ढल की ओर से 5 करोड़ रुपये के भुगतान के मामले को लेकर यह एक्शन लिया गया। ढल दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में मदद हासिल करना चाहता था। ईडी ने पिछले महीने सहायक निदेशक पवन खत्री और अन्य आरोपियों के यहां छापा मारा था। इस दौरान 2 करोड़ रुपये से अधिक की रिश्वत राशि बरामद की गई थी। पूछताछ के बाद जांच एजेंसी ने अगस्त की शुरुआत में मामला सीबीआई को भेज दिया, जिसने 25 अगस्त को मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया। अधिकारियों ने बताया कि खत्री और ढल के साथ सीबीआई ने एअर इंडिया के सहायक महाप्रबंधक दीपक सांगवान, क्लेरिजेस होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विक्रमादित्य, चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रवीण कुमार वत्स और 2 अन्य- ईडी में एक यूडीसी नितेश





कोहर और बीरेंद्र पाल सिंह को भी नामजद किया है। सीबीआई की यह कार्रवाई श्वष्ठ की एक शिकायत पर शुरू की गई थी। दिल्ली सरकार की आबकारी नीति घोटाले की जांच के दौरान पाया गया कि मामले के आरोपी अमनदीप ढल और उसके पिता बीरेंद्र पाल सिंह ने 5 करोड़ रुपये की रिश्वत चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रवीण वत्स को ईडी जांच में मदद की व्यवस्था करने के लिए दी थी। उन्होंने बताया कि वत्स ने ईडी को बताया कि सांगवान ने दिसंबर 2022 में उसे खत्री से मिलवाया था।

#### ईडी ने सीबीआई को सौंपी थी जांच

अधिकारियों के अनुसार, प्रवीण वत्स ने कहा कि उसने आरोपियों की सूची से ढल का नाम हटाने के लिए सांगवान और खत्री को 50 लाख रुपये का अग्रिम भुगतान किया था। दिसंबर 2022 में वसंत विहार में आईटीसी होटल के पीछे पार्किंग वाली जगह पर यह पेमेंट हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि ईडी ने अपनी जांच सीबीआई को सौंपी, जिसके आधार पर केंद्रीय जांच एजेंसी ने इसे लेकर मामला दर्ज किया। इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले में जेल में बंद कारोबारी अमनदीप सिंह ढल को मेडिकल जांच के लिए शनिवार को एम्स ले जाने का निर्देश दिया। आबकारी नीति से संबंधित अलग-अलग मामलों में सीबीआई और ईडी की ओर से गिरफ्तार किए गए ढल ने स्वास्थ्य आधार पर 2 सप्ताह की जमानत देने की अपील की थी।

## नीतीश का 'इंडिया' कन्वीनर बनने से इनकार

### मैं कुछ बनना नहीं चाहता, बस सभी को एकजुट करना है : नीतीश

एजेंसी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'इंडिया' गठबंधन का कन्वीनर बनने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा- मैं कुछ भी नहीं बनना चाहता, ये बात मैं आपको बार-बार कहता आया हूं। मेरी ऐसी कोई इच्छा नहीं है।

मैं बस सभी को एकजुट करना चाहता हूं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के साथ सोमवार



को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल पहुंचे थे। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगी। इस बैठक में गठबंधन के संयोजक की घोषणा होनी है। शुरुआत से ही इस बात की चर्चा है कि नीतीश कुमार को संयोजक बनाया जाएगा।

#### 'इंडिया' की तीसरी बैठक में जारी होगा गठबंधन का लोगो

मुंबई में होने वाली 'इंडिया' की तीसरी बैठक में 26 दलों के लगभग 80 नेताओं के शामिल होने की संभावना है। न्यूज एजेंसी के अनुसार, मुंबई की बैठक में 'इंडिया' गठबंधन का लोगो जारी किया जा सकता है। 'इंडिया' की पहली बैठक पटना में 23 जून को हुई थी। बेंगलुरु में 17-18 जुलाई को दूसरी बैठक हुई थी।

नीतीश ने कहा, 'नहीं नहीं हमको कुछ नहीं बनना है... हम तो आपको बराबर कह रहे हैं.. दूसरे लोगों को बनाया जाएगा.. हमारी कोई इच्छा नहीं है। सबको एकजुट करना चाहते हैं और सब लोग मिलकर करें... हमको कुछ व्यक्तिगत नहीं चाहिए... हम तो सबके हित में चाहते हैं... हम लोग तो सबको एकजुट कर रहे हैं।'

पिछले दिनों गोपालगंज पहुंचे आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने साफ कर दिया था कि 'इंडिया' का कन्वीनर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही नहीं बल्कि कोई और भी हो सकता है।

## बिहार जातीय गणना : केंद्र ने वापस लिया हलफनामा

### सुधार के बाद सुप्रीम कोर्ट में दोबारा किया दाखिल

नई दिल्ली । बिहार में जाति आधारित गणना के मामले को लेकर केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया।

इस हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा कि केवल केंद्र ही जनगणना या जनगणना जैसी कोई भी कार्रवाई का हकदार है। हालांकि इसके कुछ ही घंटे बाद केंद्र सरकार ने अपना हलफनामा वापस ले लिया और इसे दोबारा से दाखिल किया गया।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अब पैरा पांच हटाकर दोबारा हलफनामा दाखिल किया है।

केंद्र सरकार की ओर से कहा गया है कि पैरा पांच अनजाने में शामिल हो गया था। पैरा पांच में कहा गया था कि केवल केंद्र ही जनगणना या जनगणना जैसी कोई भी कार्रवाई करने का हकदार है।



इससे पहले, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने कुछ घंटे पुराने हलफनामे में कहा था कि जनगणना अधिनियम 1948 के मुताबिक केंद्र सरकार के पास ही जनगणना कराने का अधिकार है, राज्य सरकार के पास नहीं।

साथ ही केंद्र ने कहा कि अधिनियम की धारा-3 के तहत केंद्र को ही यह अधिकार कानून के तहत मिला है, जिसमें केंद्र सरकार की ओर से ? अधिसूचना जारी करके यह घोषित किया जाता है कि देश में जनगणना कराई जा रही है और उसके आधार भी स्पष्ट किए जाते हैं. साथ ही हलफनामे में कहा गया कि संविधान में किसी अन्य प्राधिकरण या निकाय के पास जनगणना या जनगणना जैसा कोई कदम उठाने का अधिकार नहीं दिया गया है।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को यह भी बताया कि एससी, एसटी और ओबीसी के कल्याण के लिए सरकार की ओर से सभी जरूरी और समुचित कदम उठाए जा रहे हैं, जो संविधान और कानून के मुताबिक हैं।

केंद्र ने कहा कि जनगणना एक विधायी प्रक्रिया है, जो जनगणना अधिनियम 1948 के तहत है और केंद्रीय अनुसूची के 7वें शिड्यूल में 69वें क्रम के तहत इसके आयोजन का अधिकार केंद्र सरकार के पास है।

## कोचीन हवाईअड्डे पर विमान में बम रखने होने की धमकी

कोच्चि। केरल में कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर बेंगलुरु जा रहे एक विमान में बम रखे होने की धमकी मिलने पर सोमवार को सुरक्षाकर्मियों को सकते में डाल दिया। विमान सुबह साढ़े दस बजे निर्धारित प्रस्थान के लिए तैयार हो रहा था तभी सीआईएसएफ नियंत्रण कक्ष में धमकी भरी कॉल प्राप्त होने के बाद उसे वापस स्टैंड पर लाया गया। एक आधिकारिक संदेश में कहा गया है कि इसके बाद विमान को आइसोलेशन पार्किंग बे में स्थानांतरित कर दिया गया। विमान के सभी 139 यात्रियों को उतार दिया गया और गेट नंबर 7 पर सुरक्षा क्षेत्र में वापस भेज दिया गया।

## नागरिकों को तेजगति से सेवाओं की डिलीवरी पर फोकस करें : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकारी सेवा में आने वाले युवा प्रशासकों का आज आह्वान किया कि वे नागरिक सेवाओं की तेज डिलीवरी तथा टुकड़ों की जगह एक स्थायी एवं दीर्घकालिक समाधान मुहैया कराने के लिए खुद को तैयार करें और इसके लिए तकनीक की भी मदद लें। मोदी ने यहां सरकारी सेवाओं में नियुक्ति किये गये 51 हजार से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरण के अवसर पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, सरकार और शासन में बदलाव लाने के मिशन में आप सभी युवा मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। आप सभी उस पीढ़ी से आते हैं जहां सब कुछ बस एक क्लिक पर मिल जाता है। लोग हर सर्विस की तेज डिलीवरी चाहते हैं।

## आंध्र प्रदेश : स्कूलों में मोबाइल फोन हुआ बैन; शिक्षक भी नहीं कर सकेंगे इस्तेमाल

अमरावती। आज के समय में स्मार्ट गैजेट और मोबाइल फोन का इस्तेमाल काफी तेजी से होने लगा है। इसका बच्चों के दिमाग पर काफी गहरा असर पड़ रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए आंध्र प्रदेश सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, अब राज्य भर के स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

#### शिक्षक के लिए भी फोन पर लगा प्रतिबंध

स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी करते हुए विद्यार्थियों को स्कूलों में मोबाइल फोन लाने और इस्तेमाल करने से रोक लगा दिया है। इतना ही नहीं, विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, अब शिक्षकों को भी अपनी कक्षाओं में जाने से पहले अपना फोन हेडमास्टर के पास जमा करना



होगा।

#### यूनेस्को ने दी चेतावनी

दरअसल, विभाग की ओर से यह प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है, ताकि शिक्षण में किसी तरह की लापरवाही न हो। अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट के अनुसार की गई है।

#### बच्चों की भलाई और सुरक्षा के कारण लिया फैसला

हृश्वस्थ्ह ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगाने का समर्थन किया। इसमें कहा गया है कि विश्व स्तर पर चार में से एक देश ने डेटा गोपनीयता, सुरक्षा और बच्चों की भलाई के लिए कानून या नीति के तौर पर इस तरह का प्रतिबंध लगाया है। शैक्षिक क्षेत्र में डिजिटल उत्पादों का काफी तेजी से इस्तेमाल हो रहा है, जिसको ध्यान में रखते हुए यूनेस्को की ओर से चेतावनी दी गई है।

#### सख्ती से पालन करने का आदेश

स्कूल शिक्षा विभाग ने पहले ही शिक्षकों को कक्षा में मोबाइल फोन का इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की बात कही थी, लेकिन इस आदेश का सख्ती से पालन नहीं किया जा रहा था। शिक्षकों द्वारा कक्षा के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग करने से, छात्रों को स्वयं ही पाठ पढ़ने और समझने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

## नूंह में 51 लोगों से हुई ब्रजमंडल यात्रा

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में विश्व हिंदू परिषद , सर्वजातीय हिंदू महापंचायत और बजरंग दल के आह्वान पर हिंदू संगठन सोमवार को पैदल ब्रजमंडल यात्रा नहीं निकाल पाए। जिला प्रशासन ने 51 लोगों को पुलिस सिक्योरिटी के बीच 3 गाड़ियों में ले जाकर पहले नलहरेश्वर मंदिर में जलाभिषेक कराया। उसके बाद इन लोगों को गाड़ियों में ही फिरोजपुर झिरका के रास्ते सिंगार स्थित राधाकृष्ण मंदिर पहुंचाया गया। तीनों जगह जलाभिषेक के बाद यात्रा का समापन हो गया। नूंह के डीसी डीसी धीरेंद्र खड़गटा और हरियाणा की एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) ममता सिंह ने शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके जलाभिषेक कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने की जानकारी दी। सोमवार को नूंह के ऐतिहासिक नलहरेश्वर मंदिर में बाहरी लोगों को एंट्री नहीं दी गई। सिर्फ स्थानीय लोगों को लोकल आईडी दिखाने के बाद जलाभिषेक के लिए जाने की परमिशन दी गई।

## कोटा की कोचिंग में 2 महीने तक टेस्ट पर बैन

### रविवार को 4 घंटे में 2 स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया था; 8 महीने में 24 ने जान दी

एजेंसी

कोटा। कोटा में स्टूडेंट्स के सुसाइड का सिलसिला थम नहीं रहा है। पढ़ाई के प्रेशर में स्टूडेंट्स यहां लगातार जान दे रहे हैं। रविवार को भी दो स्टूडेंट्स ने टेस्ट सीरीज में कम नंबर आने से तंग आकर सुसाइड कर लिया। इसके बाद जिला कलेक्टर ने कोचिंग्स में टेस्ट लेने पर रोक लगा दी है। फिलहाल रोक दो महीने के लिए लगाई गई है।

रविवार को 4 घंटे के अंतर पर दो स्टूडेंट्स ने आत्महत्या कर ली थी। इस तरह इस साल जनवरी से 28 अगस्त तक 24 मामले सामने आए हैं। इनमें 13 स्टूडेंट्स को कोटा आए हुए दो-तीन महीने से लेकर एक साल से भी कम समय हुआ था।

सात स्टूडेंट्स ने तो डेढ़ महीने से लेकर पांच महीने पहले ही कोचिंग इंस्टीट्यूट में एडमिशन लिया था। इनके अलावा दो मामले सुसाइड की





कोशिश के भी सामने आ चुके हैं।

#### रविवार को 2 बच्चों ने सुसाइड किया; एक छठी मंजिल से कूदा, दूसरे ने फंदा लगाया

एएसपी भगवत सिंह हिंगड़ ने बताया ने रविवार दोपहर को करीब 3 बजे लातूर (महाराष्ट्र) के रहने वाले आविष्कार संभाजी कासले (16) ने कोटा में कोचिंग इंस्टीट्यूट की छठी मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। स्टूडेंट तलवंडी इलाके में 3 साल से रह रहा था।

वह यहां नीट की तैयारी कर रहा था। वह रविवार को रोड नंबर 1 स्थित कोचिंग इंस्टीट्यूट में टेस्ट देने के लिए आया था।

रविवार को रात 7 बजे कुन्हाड़ी के लैंडमार्क एरिया में आदर्श (18) अपने कमरे में फंदे से लटका मिला। आदर्श बिहार के रोहितास जिले का रहने वाला था। स्टूडेंट नीट की तैयारी के लिए 4 महीने पहले ही कोटा आया था। यहां लैंडमार्क एरिया में भाई-बहन के साथ फ्लैट लेकर रह रहा था।

#### टेस्ट पर रोक, फिर भी कोचिंग संस्थान बात नहीं मान रहे

कोटा कलेक्टर ओपी बुनकर ने 12 अगस्त को गाइडलाइन जारी कर कोचिंग संचालकों को सख्त हिदायत दी थी कि संडे के दिन कोई टेस्ट नहीं करवाएं जाएं। इसके बावजूद भी टेस्ट को लेकर रविवार के दिन ही दो छात्रों के सुसाइड के मामले सामने आए हैं।

घटना के बाद कलेक्टर ओपी बुनकर ने रविवार रात को आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार अब कोई भी कोचिंग संस्थान दो महीने तक बच्चों के टेस्ट नहीं लेगा।

### गैंगरेप

#### गाजियाबाद की सोसाइटी में हुई दरिंदगी, झारखंड से नौकरी के लिए आई थी


## गाजियाबाद : रेपिस्ट का नाम लिखकर रेप पीड़िता ने दम तोड़ा

गाजियाबाद। गाजियाबाद में रेप की शिकार 19 साल की लड़की की मौत हो गई। सोमवार तड़के वह दिल्ली सफदरजंग में जिंदगी की जंग हार गई। लेकिन, मौत से पहले मजिस्ट्रेट के सामने उसने दुष्कर्मी का नाम लिख दिया था। युवती झारखंड की रहने वाली थी। यहां एक सोसायटी में सुरक्षाकर्मी की नौकरी करती थी। पीड़िता के मौसेरे भाई ने तीन लोगों के खिलाफ दरिंदगी करने की एफआईआर लिखवाई है।

पीड़िता के मौसेरे भाई का आरोप है कि रेप के बाद आरोपियों ने कोल्डड्रिंक में जहर मिलाकर जबरदस्ती पिला दिया। पीड़िता डेढ़ महीने पहले ही नौकरी के लिए गाजियाबाद आई थी। रविवार को ही इस मामले में मुख्य आरोपी सिक्योरिटी सुपरवाइजर अजय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

झारखंड निवासी युवती क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में अपनी मौसी के घर रहती थी। वो एक सोसाइटी में बतौर सिक्योरिटी गार्ड तैनात थी। रविवार दोपहर युवती के मौसेरे भाई ने डायल-112 को कॉल करके उसके साथ तीन युवकों द्वारा गैंगरेप करने की जानकारी दी।

पुलिस के पहुंचने से पहले ही सहकर्मी पीड़िता को ग्रेटर नोएडा के शाहबेरी स्थित वृंदावन हॉस्पिटल ले



गए। लेकिन, हालत गंभीर होने के कारण उसे सफदरजंग के लिए रेफर कर दिया। इस मामले में पीड़िता के मौसेरे भाई ने सिक्योरिटी सुपरवाइजर अजय और दो अज्ञात युवकों पर गैंगरेप करने, मारपीट करने, कपड़े फाड़ने की स्नद्बक्रदर्ज कराई है।

#### कपड़े फटे थे, मुंह से झाग आ रहा था

पीड़िता के भाई ने आरोप लगाया कि मेरी बहन की हालत बहुत गंभीर थी। उसके कपड़े फटे थे। मुंह से झाग आ रहा था। सफदरजंग हॉस्पिटल में वह वेंटिलेटर पर उसको रखा गया था। मेरी बहन को रेप के बाद कोल्डड्रिंक में जहर मिलाकर जबरदस्ती पिलाया गया। इससे उसकी हालत बिगड़ती चली गई।

#### बेसमेंट में सुपरवाइजर के कमरे में हुई वारदात

डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस हॉस्पिटल पहुंची। यहां डॉक्टरों ने बताया कि युवती ने कुछ जहरीला पदार्थ खाया है। इससे उसकी हालत बिगड़ गई है। इसी बीच, मजिस्ट्रेट भी बयान दर्ज करने के लिए हॉस्पिटल पहुंच गए ।पीड़िता बहुत ज्यादा बोलने की स्थिति में नहीं थी, लेकिन कागज पर लिखकर बयान दिया। इसमें उसने घटना में अजय के शामिल होने की बात लिखी है। बाकी दो अज्ञात युवकों का जिक्र लिखित बयान में नहीं है। इस आधार पर पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुए सिक्योरिटी सुपरवाइजर अजय को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है।

## युवक ने लिव-इन पार्टनर की हत्या की

### सिर पर कुकर मारा, अफेयर का शक था; दो साल से साथ थे

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु में रविवार (27 अगस्त) को एक युवक ने अपनी 24 साल की लिव-इन पार्टनर के सिर पर प्रेशर कुकर मारकर हत्या कर दी। दोनों बेंगलुरु में जॉब करते थे। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान दोनों में दोस्ती और फिर प्यार हुआ था।

बेंगलुरु पुलिस ने बताया कि युवक की पहचान वैष्णव और युवती की देवा के रूप में की गई। पिछले दो साल से दोनों बेगुर स्थित माइको लेआउट इलाके में किराए के अपार्टमेंट में रहते थे। वैष्णव एक कंपनी में मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव है। देवा एक प्राइवेट कंपनी में सेल्स एग्जीक्यूटिव की नौकरी करती थी।



#### दोनों के घर में शादी की बात चल रही थी

वैष्णव केरल के कोल्लम और देवा तिरुवनंतपुरम की रहने वाली थी। दोनों ने अपने घरवालों को भी रिलेशन के बारे में बता रखा था। शादी की बात भी चल रही थी। हालांकि, वैष्णव को देवा का किसी और के साथ अफेयर होने का शक था। इसको लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था।


#### देवा के फोन आने पर वैष्णव ने प्रेशर कुकर से मारा

दोनों के झगड़े होते थे तो घरवालों ने कई बार उन्हें समझाया था। देवा और वैष्णव के बीच कलह की जानकारी पड़ोसियों को भी थी। पुलिस ने बताया कि रविवार (27 अगस्त) को देवा को किसी का फोन आया। इसी के बाद दोनों के बीच बहस शुरू हुई।

शाम करीब 5 बजे खाना बनाने के दौरान वैष्णव ने गुस्से में आकर देवा के सिर पर प्रेशर कुकर मार दिया। सिर से काफी खून बहने के कारण देवा की मौत हो गई। देवा की मौत के बाद वैष्णव फरार हो गया। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## भूपेश ने राष्ट्रीय खेल दिवस की दी शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रदेशवासियों,खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। बघेल ने खेल दिवस की पूर्व संध्या पर आज यहां जारी संदेश में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के योगदान को याद करते हुए कहा कि हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद ने अपने खेल से देश सहित पूरे भारतवासियों का सिर गर्व से ऊंचा किया है।





## शार्ट न्यूज

### उद्यान घोटाला : एसआईटी ने जांच की प्रगति रिपोर्ट हाईकोर्ट में सौंपी

नैनीताल। उत्तराखंड के उद्यान विभाग में करोड़ों रुपये के कथित घोटाले के मामले में विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) की ओर से सोमवार को अदालत में सील बंद रिपोर्ट सौंप दी गयी है। अब अदालत को तय करना है कि इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी जाये या नहीं ? मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में हल्द्वानी निवासी दीपक करगेती और अन्य की ओर से दायर जनहित याचिकाओं पर वर्चुअली सुनवाई हुई। एसआईटी की ओर से जांच की प्रगति रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में अदालत में सौंपी गयी। रिपोर्ट को रिकार्ड में ले लिया गया है। अदालत आज रिपोर्ट का परीक्षण नहीं कर पायी। अब छह सितम्बर को रिपोर्ट का परीक्षण किया जायेगा। अदालत यह भी देखेगी कि जांच सही दिशा में हो रही है या नहीं और इस प्रकरण की जांच सीबीआई के हाथों में सौपी जाये या नहीं ? याचिकाकर्ता की ओर से इसी साल एक जनहित याचिका के माध्यम से इस मामले को चुनौती दी गयी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि नर्सरियों और पौधारोपण के नाम पर भारी अनियमितातायें की गयी हैं। जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से पेड़ों की खरीद के नाम पर भारी भरकम घोटाला किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से इस प्रकरण की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गयी है।

### किशन रेड्डी ने नव नियुक्त उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र किए प्रदान

हैदराबाद। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री तथा तेलंगाना की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने नव नियुक्त उम्मीदवारों के बीच अनुशासन एवं समर्पण के महत्व पर जोर दिया। रेड्डी ने नव-नियुक्त उम्मीदवार को देश की अखंडता और एकता की रक्षा करने का आग्रह किया। उन्होंने 8वें राष्ट्रीय गुलाब गार मेले को संबोधित करते हुए कहा,देश की अखंडता और एकता की रक्षा के लिए अनुशासन एवं समर्पण के साथ काम करें। वह हकीमपेट के केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे, जहां उन्होंने सीआईएसएफ, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में भूमिका सहित केंद्र सरकार के पद हासिल करने वाले 323 व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। रेड्डी ने रोज़गार मेले के दौरान नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वालों की सराहना की और उन्हें हार्दिक बधाई दी। उनके माता-पिता की भूमिका को भी स्वीकार किया। रेड्डी ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत द्वारा हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की और कहा कि देश अब अमेरिका जैसे देशों के बराबर खड़ा है।

### केंद्रीय मंत्री ने रोजगार मेले में 348 बेरोजगारों को दिए नियुक्ति पत्र

देहरादून। देश के विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित राज्यों के 45 केन्द्रों पर 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य के साथ, उत्तराखंड के देहरादून में भी 8वें रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय वाणिज्य एवम उद्योग राज्यमंत्री, आईएएस (सेनि) सोम प्रकाश ने 348 बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। देहरादून के सीमा द्वार स्थित 23वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आइटीबीपी) मुख्यालय में आयोजित इस रोजगार मेले में बीएसएफ के 39, सीआईएसएफ में 17, आइटीबीपी में 64, एसएसबी में 12, आसाम राइफल्स में छह और सीआरपीएफ में 210 कुल 348 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि आज यहां विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल संगठनों जैसे भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा, असम राइफल्स के युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा मैं प्रधानमंत्री द्वारा ऑनलाईन वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से युवाओं को उनकी नियुक्ति पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई हैं।

### पी.एस.पी.सी.एल. का जे.ई. पांच हजार रुपए की रिश्वत लेता काबू

चंडीगढ़। पंजाब विजीलेंस ब्यूरो द्वारा आज श्री मुक्तसर साहिब में तैनात पी.एस.पी.सी.एल के जूनियर इंजीनियर (जे.ई.) सतनाम सिंह को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए काबू किया गया है। विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि दरवेश बस सर्विस कंपनी के मालिक गुरभेज सिंह निवासी श्री मुक्तसर साहिब ने शिकायत दर्ज करवाई कि आदेश अस्पताल के नज़दीक उसकी कंपनी की बस बिजली के खंबों से टकरा गई, जिस कारण दो खंबों को नुकसान पहुँचा। शिकायतकर्ता द्वारा पी.एस.पी.सी.एल के एक प्राइवेट ठेकेदार की मदद से बिजली के नये खंबे लगाए जाने के बावजूद भी जूनियर इंजीनियर ने इस मामले को रफा-दफ़ा करने और शिकायतकर्ता के ख़िलाफ़ कोई कार्यवाही न करने के बदले आठ रुपए की रिश्वत माँगी और सौदा पांच रुपए में तय हुआ। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायत की प्राथमिक जांच के उपरांत विजीलेंस ब्यूरो की टीम ने ट्रैप लगाकर जूनियर इंजीनियर सतनाम सिंह को सरकारी गवाहों की हाजिऱी में शिकायतकर्ता से पांच रुपए की रिश्वत लेते हुए काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्धी सतनाम सिंह के ख़िलाफ़ थाना विजीलेंस ब्यूरो, बठिंडा रेंज में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### नूंह हिंसाःविस में हंगामा, विपक्ष अदालती जांच पर अड़ा, विज बोले कांग्रेस का हाथ

चंडीगढ। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने नूंह घटना को बहुत ही गलत करार देते हुए सोमवार को कहा कि इस सिलसिले में अब तक लगभग 500 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विज ने राज्य विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान कांग्रेस द्वारा नूंह हिंसा की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से जांच कराने की मांग को लेकर किये गये हंगामें के बीच कहा कि राज्य में उनकी प्रजातांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष सरकार है तथा इसमें हर धर्म के लोगों को अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार धार्मिक गतिविधियों को करने की इजाजत है। उन्होंने कहा कि नूंह घटना में अब तक जो जांच हुई है उसके तहत 500 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे हुई पूछताछ में इस हिंसा के पीछे कांग्रेस का हाथ होने की बात सामने आई है। विज यहीं नहीं रूके उन्होंने कहा कि नूंह हिंसा के सिलसिले में फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान के खिलाफ भी सबूत मिले हैं। पुलिस ने उन्हें जांच में शामिल होने के लिये नोटिस जारी किया है। उनके इस बयान का सदन में कांग्रेस सदस्यों ने प्रतिकार किया तथा हंगामे की स्थिति बनती देख विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने सदन की कार्यवाही दूसरी बार भोजनकाल तक के लिये स्थगित कर दी।

### पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज की स्थापना को मंजूरी

चंडीगढ़। पंजाब में लीवर की बीमारियों के लिए विश्व स्तरीय उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय में, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल ने सोमवार को एसएएस नगर में पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलियरी साइंसेज की स्थापना को मंजूरी दे दी। इस आशय का निर्णय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पंजाब सिविल सचिवालय-1 स्थित उनके कार्यालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि इस फ़ैसले का उदेश्य पंजाब को देश भर में स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के गढ़ के तौर पर उभारना है। यह केंद्र जिगर से सम्बन्धित बीमारियों के डायग्नोस, स्वास्थ्य सुविधाएं और वाजिब दरों पर इलाज और काउंसिलिंग की सुविधाएं मुहैया करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। कैबिनेट ने लोगों को लाभ देने के लिए इस इंस्टीट्यूट के लिए 484 अस्थायी पद सृजन करने की भी मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने प्रशासकीय सुधार और सार्वजनिक शिकायतें विभाग में विभागीय नियमों के मुताबिक सीधी भर्ती कोटे के तकनीकी काडर के 20 पद भरने की भी मंजूरी दे दी। इस कदम का उद्देश्य बड़े सार्वजनिक हित में विभाग के कामकाज में कार्यकुशलता लाकर इसको सुचारू करना है।

# बंगाल के अवैध पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में 9 शव बरामद

## टुकड़ों में डेड बॉडी मिल रही; फैक्ट्री मालिक का पार्टनर गिरफ्तार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर में अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट मामले में फैक्ट्री मालिक के पार्टनर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीन अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रविवार (27 अगस्त) को सुबह करीब 8: 30 बजे फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ था।

इस हादसे में फैक्ट्री मालिक और उनके बेटे समेत 9 लोगों की मौत हो गई। रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को पूरी रात सर्च ऑपरेशन चला। एक व्यक्ति का धड़ तालाब से बरामद किया गया, जबकि सिर घटनास्थल के पास एक घर में मिला। एक हाथ और दो उंगलियां धमाके वाली जगह पर मिली।

इस हादसे में घायल लोगों को बारासात



पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट का असर

मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया हैं। इनमें एक की हालत गंभीर है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एरिया में बिजली न होने के कारण रेस्क्यू में काफी दिक्कतें हुईं। मलबा हटाने के लिए जेसीबी की मदद ली जा रही है।

### धमाके से शव के टुकड़े घरों की छत पर जाकर गिरे

पूरे इलाके में देखा गया। 50 से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा है। घटना के समय फैक्ट्री में कई मजदूर काम कर रहे थे। धमाके से शव के टुकड़े आसपास के घरों की छत पर जाकर गिरे।

### स्थानीय लोगों ने पुलिस से कई बार शिकायत की थी

स्थानीय लोगों ने बताया कि अवैध पटाखा फैक्ट्री को लेकर पुलिस से कई बार शिकायत की गई थी। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। इलाके में रहने वाले रतन हसन अली ने कहा, अब जब इतने सारे लोगों की जान चली गई तो लोगों को गिरफ्तार करके पुलिस क्या करेगी? जब शिकायत की थी तब आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए थी।

## कांग्रेस का ईडी कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय के सामने पूर्ववर्ती रमन सरकार के कथित घोटालों की जांच शुरू करने की मांग को लेकर आज से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। ईडी कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और धरना शुरू कर दिया। कांग्रेस नेताओं द्वारा धरना स्थल पर लगातार भाषण दिया जा रहा है,जिसमें ईडी पर भाजपा के राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कांग्रेस नेताओं और चुनाव की व्यवस्था में जुड़े नेताओं और नीतिकारों को परेशान करने,उनके यहां छापे डालने और उनके खिलाफ मामले दर्ज किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है,वहीं बार बार शिकायतों के बाद पूर्ववर्ती रमन सरकार के घोटालों की जांच नही करने का आरोप लगाया जा रहा है।

# अनुच्छेद 370 पर बहस करने वाले एक शिक्षक का निलंबन

## सुप्रीम कोर्ट ने कारणों का पता लगाने को कहा

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी को जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल से बात कर यह बताने को कहा है कि आखिर अनुच्छेद 370 विवाद पर बहस में भाग लेने के बाद वहां के एक शिक्षक को क्यों निलंबित किया गया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की संविधान पीठ ने श्री वेंकटरमणी से जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल से बात कर सच्चाई का पता लगाने को कहा। पीठ ने यह पता लगाने को कहा कि वहां के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक जहूर अहमद भट को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने खिलाफ दायर याचिकाओं पर



संविधान पीठ के समक्ष बहस करने के बाद निलंबित क्यों किया गया था।

संविधान पीठ को 25 अगस्त को भट के खिलाफ शुरू की गई निलंबन की कार्रवाई की जानकारी दी गई।

भट ने बुधवार को याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी थी।

पीठ के समक्ष वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि लोकतंत्र को इस तरह से कार्य नहीं करना चाहिए। जम्मू-कश्मीर सरकार के प्रमुख सचिव (स्कूल शिक्षा) आलोक कुमार द्वारा शुक्रवार को एक आदेश जारी किया गया, जिसमें श्री भट को निलंबित कर दिया गया है।

# कश्मीर में ड्रग तस्करों की 2.1 करोड़ की संपत्ति जब्त

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने चालू वर्ष के दौरान ड्रग तस्करों की करीब 2.1 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली।

बारामूला पुलिस ने तीन आवासीय घर, करीब 90.02 लाख मूल्य के तीन निजी वाहन और लगभग 1.2 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की है। स्वापक ओषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा के तहत पट्टन, क्रेरी, कमलकोट उरी और नांबला उरी बारामूला में ड्रग तस्करों की संपत्ति जब्त की गई।

बारामूला पुलिस की इस कार्रवाई से नशीली दवाओं के कारोबार के वित्तीय पहलू को बहुत नुकसान हुआ है और इससे दूसरों को नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल होने से हतोत्साहित करने में मदद मिलेगी।

# पदोन्नति को भी नियुक्ति बताकर प्रचारित करते हैं मोदी : खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र बांटते हैं और फोटो खिंचवाकर इसे भी सरकारी नौकरी देने के रूप में प्रचारित करते हैं।

खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचार पर भरोसा करते हैं। स्थिति यह है कि सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र बांटकर उसे भी नौकरी देने के रूप में प्रचारित करते हैं।

उन्होंने कहा,सालाना दो करोड़



नौकरियाँ देने का वादा कर, मोदी जी हमारे युवाओं को इस तरह के ईएमआई के रूप में कुछ हज़ार भर्ती पत्र बाँट रहे हैं। आज भी बाँटेंगे।

ताज़ा समाचारों से पता चला है कि इन सरकारी नौकरियों में उनके नाम भी हैं जिनको प्रोमोशन मिला है। उन्होंने कहा,उदाहरण के तौर पर इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च मोहाली द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अप्रैल में संस्थान ने 15 नई नियुक्तियां की और 21 व्यक्तियों के प्रमोशन को मंज़ूरी दी।

रोजगार मेला आयोजन के दौरान इनको भर्ती पत्र जारी किए गए थे। मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी ने अप्रैल 2023 में अपने जवाब में कहा कि 38 लोगों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। इन 38 लोगों में 18 प्रमोशन के मामले शामिल हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा,मोदी जी, अगर आपको युवाओं के भविष्य की रत्तीभर भी चिंता होती तो आप ये पीआर स्टंट में शामिल होकर उनकी आकांक्षाओं से खिलवाड़ नहीं करते। देश के युवा भाजपा के झूठ, जुमले और विश्वासघात को पहचान चुके हैं, और वे 2024 में मोदी सरकार को बाहर का रास्ता ज़रूर दिखाएँगे।

# मिश्रा ने जम्मू कश्मीर में नवनियुक्तों को नियुक्त पत्र सौंपे

श्रीनगर। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने सोमवार को श्रीनगर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) परिसर में 'रोजगार मेला' के तहत जम्मू कश्मीर के नवनियुक्त रंगरुटों को नियुक्त पत्र सौंपे।

मिश्रा ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में युवा रक्त के प्रवाह को बढ़ाने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए आज श्रीनगर में एक समारोह के दौरान जम्मू-कश्मीर के नवनियुक्त रंगरूटों



को नियुक्ति पत्र सौंपे। पूरे भारत में आज 45 स्थानों पर 51000 से अधिक सीएपीएफ उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे।

मिश्रा ने श्रीनगर में बीएसएफ में जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले दुनिया भारत के बारे में नहीं जानती थी और आज हर कोई विभिन्न क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों और क्षमता की प्रशंसा कर रहा है। दुनिया में कहीं भी गए प्रधानमंत्रियों, मंत्रियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दुनिया को भारत की उपलब्धियों और क्षमताओं से परिचित कराया और इसने आज परिदृश्य को पूरी तरह से बदल दिया है। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों के बाद दुनिया का केंद्र बन गया है और इससे हमारी जिम्मेदारियां भी दोगुनी हो गई हैं। बीएसएफ उम्मीदवारों को 17 बीएसएफ स्थानों पर प्रस्ताव सौंपे जाएंगे।

बीएसएफ कश्मीर ने एक्स पर लिखा, नित्यानंद राय, राज्य मंत्री (गृह) और राव इंद्रजीत सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) क्रमश: छावला और भोंडसी कैंप में चयनित बीएसएफ उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र के प्रस्ताव वितरित करेंगे।

## दो सितंबर को आदित्य-एल1 होगा लॉन्च

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 की सफलता के बाद, दो सितंबर को श्रीहरिकोटा से सूर्य का अध्ययन करने वाले मिशन आदित्य एल-1 का प्रक्षेपण करेगा। इसरो ने सोमवार को घोषणा की कि सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित भारतीय मिशन आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान दो सितंबर को 11 बजकर 50 मिनट पर शार रेंज, श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाएगा। इसके लिए इसरो अपने वर्कहॉर्स और विश्वसनीय प्रक्षेपण वाहन पीएसएलवी-सी57 का उपयोग करेगा। आदित्य एल 1 धरती से करीब 15 लाख किलोमीटर की दूरी तक जाएगा और सूर्य का अध्ययन करेगा। इसरो ने इस मिशन के लिए अपनी तैयारी पूरी कर ली है। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद अब सबकी नजर इसरो के इस सूर्य मिशन पर है। इसरो ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, पीएसएलवी-सी57/आदित्य-एल1 मिशन-सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला, आदित्य-एल1 का प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा से भारतीय समयानुसार 11-50 बजे दो सितंबर, 2023 को निर्धारित है।

# रिजिजू ने अरुणाचल में 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज मंच का किया उद्घाटन

ईटानगर। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने अरुणाचल प्रदेश के लोअर सियांग जिले के दीपा गांव में स्वतंत्रता सेनानियों और दीपा गांव के नायकों को सम्मानित करने के लिए और 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के समापन को चिह्नित करने के लिए 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज मंच का उद्घाटन किया।

गौरतलब है कि भारतीय तिरंगा पहली बार 1947 में अरुणाचल प्रदेश के दीपा गांव में फहराया गया था। एमएमएमडी अभियान का उद्देश्य, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रसारण के दौरान घोषित किया था। रिजिजू ने रविवार को ट्विटर पर राष्ट्रीय ध्वज पोडियम लॉन्च करने के बाद लिखा, अरुणाचल प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन, क्योंकि स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में दीपा में 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज मंच का उद्घाटन किया गया। अरुणाचल प्रदेश में पहली बार 1947 में दीपा गांव में भारतीय तिरंगा फहराया गया था।

कार्यक्रम में विधायक कार्दो न्यिग्योर और केंटो रीना, लोअर सियांग जिला परिषद के अध्यक्ष मार्पे न्गुबा और लेपराडा के उनके समकक्ष, न्याबी जिनी दिर्ची, लोअर सियांग के उपायुक्त मार्टो रीबा और जिला पुलिस अधीक्षक जी डांगजांगु सहित अन्य उपस्थित थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 104वें एपिसोड को सुनने के लिए भी लोग शामिल हुए।


## पटनायक ने की किशोर जेना को 25 लाख नकद इनाम देने की घोषणा

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्य के पहले खिलाड़ी बने भाला फेंक स्टार किशोर जेना को 25 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की। किशोर ने भाला फेंक में अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए, पांचवां स्थान हासिल किया। उन्होंने भाला फेंक में 84.77 मीटर की दूरी तय की, जो वैश्विक मंच पर उनके असाधारण प्रदर्शन को दर्शाता है। किशोर की भागीदारी एथलीट के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और ओडिशा के खेल इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी है।

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के तहत शीर्ष रैंकिंग वाले शहरों में श्रीनगर शामिल

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 के तहत भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले शहरों में स्थान हासिल किया है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी।

श्रीनगर 10 लाख से अधिक आबादी वाला शहर है। इस शहर ने देश भर में चौथी रैंक हासिल करके मील का पत्थर हासिल किया है। इससे पहले, मध्य प्रदेश का शहर इंदौर पहले, उत्तर प्रदेश का शहर आगरा दूसरे और महाराष्ट्र का ठाणे शहर तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा, मध्य प्रदेश के भोपाल शहर ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2023 के तहत 5वीं रैंक हासिल की



है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया था। श्रीनगर शहर का मूल्यांकन राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए कदमों के आधार पर किया गया है।

श्रीनगर में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तरीय कार्यान्वयन और निगरानी समिति के अध्यक्ष ऐजाज असद ने कहा कि जिला प्रशासन श्रीनगर शहर को एक बेहतर जगह बनाने के लिए सहयोगात्मक प्रयास जारी रखेगा।

श्रीनगर जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक के सुधार और 2025 तक पीएम10 के स्तर को कम करने तथा कार्यान्वित करने के लिए एनसीएपी को लागू करके, अध्यक्ष ऐजाज़ असद की अध्यक्षता में जिला प्रशासन श्रीनगर द्वारा कई पहल की गई हैं।

# विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने धामी के हाथ में बांधी राखी

**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून स्थित मुख्यमंत्रीआवास के मुख्य सेवक सदन में आयोजित रक्षाबंधन समारोह में प्रदेश की विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन भाई-बहन के पवित्र बंधन का त्योहार है। रक्षा बंधन महिलाओं के सम्मान का भी पर्व है। उन्होंने कहा कि यह पर्व पौराणिक एवं सांस्कृतिक महत्व का पर्व भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी नारीशक्ति ने अपने कार्यों और आत्मविश्वास से स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को पांच




लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला सशक्त बहना उत्सव योजना शुरू की गई है।

आज हर क्षेत्र में हमारी मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व बढ़ा है। राज्य में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। उत्तराखण्ड के विकास में मातृशक्ति की अहम भूमिका है। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कार्य हो रहे हैं। उनके नेतृत्व में देश में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया गया।


प्रधानमंत्री जी ने देश के सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि अपनी धार्मिक यात्रा का 05 प्रतिशत व्यय स्थानीय एवं महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये गये उत्पादों पर अवश्य खर्च करें। इससे हमारे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पिछले नौ सालों में देश में गरीबों के लिए चार करोड़ से अधिक आवास बनाये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में राज्य में जिन लोगों को आवास मिले उन्हें राज्य सरकार द्वारा घर में बर्तन एवं अन्य सामग्री खरीदने के लिए 05-05 हजार रूपये की धनराशि दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में अब जिनको आवास मिलेंगे, उन्हें बर्तन एवं अन्य सामग्री खरीदने के लिए राज्य सरकार द्वारा सात-सात हजार रूपये की धनराशि दी जायेगी।

मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में इससे पूर्व मुस्लिम समुदाय की महिलाओं ने मुख्यमंत्री की कलाई में राखी बांधी। उन्होंने सभी को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं देते हुए सबके सुखमय जीवन की कामना की।

# बीआरएस लाएगी देश की राजनीति में आमूलचूल परिवर्तन : केसीआर

हैदराबाद । भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने कहा है कि बीआरएस देश की राजनीति में आमूलचूल परिवरर्तन लाएगी।

राव ने सोमवार को यहां महाराष्ट्र के अल्पसंख्यक समुदाय के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं को गुलाबी स्कार्फ ओढ़ाकर बीआरएस की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चुनाव आने पर लोगों को घबराना नहीं चाहिए। लोगों की आकांक्षाएं तभी पूरी होंगी, जब वे एक ऐसी पार्टी और सरकार चुनेंगे, जो लोगों के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि छह दशकों तक जीतने वाली पार्टियों ने जनता के लिए कुछ नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में प्रचुर प्राकृतिक संसाधन हैं, कई नदियाँ यहीं बहती हैं। गाँवों और कस्बों



में बाढ़ क्यों आती है, लोगों को इसका कारण पता लगाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह अफसोस की बात है कि जिस भूमि पर फुले जैसे कई समाज सुधारकों और बुद्धिजीवियों ने जन्म लिया, वह पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है।

केसीआर ने लोगों और युवाओं से इस तथ्य के बारे में सोचने का आह्वान किया कि कांग्रेस और भाजपा पार्टियों को सत्ता देने के बावजूद लोगों के जीवन में कोई बदलाव नहीं आया है।

## शार्ट न्यूज

### रेरा ने भुगतान के बाद वापस कराए 13.90 लाख

नोएडा। उप्र रेरा कंसिलिएशन फोरम की मध्यस्थता से प्रोमोटर 'मेसर्स गौर हाई टेक इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रालि.' की गौतम बुद्ध नगर स्थित गौर सिटी मॉल परियोजना के एक आवंटी को इकाई के लिए किया गया भुगतान वापस कराया गया। कंसिलिएशन फोरम के समक्ष आवंटी की मांग थी कि इकाई का कब्जा की जगह निवेशित धनराशि की वापसी कराई जाए। इसके अनुसार प्रमोटर ने आवंटी को लगभग रुपए 13 लाख 90 हजार की धनराशि वापस कर दिए और विवाद का शांतिपूर्ण समाधान करा लिया गया। एग्रीमेंट फॉर सेल के अनुसार आवंटी दिनेश मोहन शर्मा ने प्रमोटर की परियोजना में जून 2020 में एक व्यवसायिक इकाई बुक की थी। लगभग 17 लाख 41 हजार की लागत वाले इकाई के लिए आवंटी ने पूर्ण राशि का भुगतान कर दिया था। आवंटी ने इकाई का कब्जा लेने के पूर्व प्रमोटर से सेंट्रलाइज्ड एसी लगाने की मांग की थी और इसके लिए वर्ष 2021 में उ.प्र. रेरा में शिकायत (एनआरसी145/12/86927/2021) दर्ज की थी। प्रमोटर के अनुसार लगभग सभी आवंटियों ने व्यक्तिगत एसी स्वयं से लगाने की जिम्मेदारी ली थी और इस कारण किसी भी आवंटी से एसी की लागत नहीं वसूली गई। इकाई में एसी हेतु जगह उपलब्ध कराया गया है। पीठ की सुनवाई में विवाद दोनों पक्षों की सहमति से कंसिलिएशन फोरम में आपसी सहमति हस्तांतरित किया गया था।

### यूजी में तीसरे राउंड तक 65532 विद्यार्थियों के दाखिले हुए कन्फ़र्म

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2023-2024 में अंडर ग्रेजुएट (यूजी) दाखिलों की संख्या अब तक 65532 तक पहुँच गई है। सामान्य सीट आवंटन प्रणाली (सीएसएएस) द्वारा 26 अगस्त को तीसरे राउंड के समापन पर जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 129785 विद्यार्थियों को आवंटन प्रस्तावित हुआ था जिनमें से 65532 विद्यार्थियों का दाखिला हो चुका है। अब तक हुए कुल दाखिलों में लड़कियों का प्रतिशत 53त्न रहा जबकि लड़कों का प्रतिशत 47 प्रतिशत है। पोस्ट ग्रेजुएशन (पीजी) का दूसरा राउंड चल रहा है। इसमें कुल 7226 भुगतान हो चुके हैं और कुल 2820 अप्रूवल्स हो चुकी हैं। बीटेक के दो राउंड खत्म हो चुके हैं। तीसरे राउंड से आवंटन ऑनलाइन होंगे, सिवाय इसके कि संकाय को कुछ दस्तावेजों को भौतिक रूप से सत्यापित करने की आवश्यकता हो। यूजी एडमिशन के तहत अब तक तीनों राउंडों में विद्यार्थियों द्वारा कॉलेजों की पसंद को लेकर प्राप्त जानकारी के अनुसार हंसराज कॉलेज, रामजस कॉलेज, दयाल सिंह कॉलेज, गार्गी कॉलेज और किरोड़ीमल कॉलेज ऐसे टॉप पांच कॉलेज रहे जिनमें सर्वाधिक दाखिले हुए। अब तक हुए तीनों राउंडों में कुल 38138 आवेदकों ने अपना फ्रीज़ का विकल्प चुना। अब तक हुए दाखिलों के अनुसार अपनी पहली वरीयता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की संख्या लगभग 10300 रही।

### मोटो-जीपी बाइक रेस को रोकने के लिए किसानों की मीटिंग

जेवर। सोमवार को किसान एकता संघ की मीटिंग कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मेहरबान खान व संचालन जिलाध्यक्ष पप्पे नागर ने किया। मीटिंग के दौरान किसानों की कई समस्याओं और क्षेत्र में स्थित बुद्ध इंटरनैशनल सर्किट में होने वाले मोटो जीपी बाइक रेस के विरोध में रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान संगठन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा बिक्रम नागर ने बताया की 1 सितम्बर को तहसील पर होने वाली किसान एकता संघ की पंचायत को सफल बनाने के लिए चर्चा हुई व सर्व सम्मति से बैठक में एक और निर्णय लिया गया। सितम्बर महीने में बुद्ध इंटरनैशनल सर्किट में होने वाली मोटो जीपी रेस का विरोध किया जाएगा। किसानों का कहना है कि प्राधिकरण द्वारा अभी किसानों को उनकी जमीन का अतिरिक्त मुआवजा नहीं मिला है। जिसकी चलते ही वह इस बाइक रेस को नहीं होने देंगे। जिसको लेकर किसान एकता संघ के बैनर तले 15 सितम्बर को सालारपुर अंडरपास के नीचे एक महापंचायत करने का भी फैसला बैठक लिया गया। इस महापंचायत को सफल बनाने के लिए संगठन के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से जनसंपर्क भी करेंगे।

### एक हजार से ज्यादा सरकारी स्कूलों में छात्र एडवाइजरी बोर्ड का गठन

नई दिल्ली। दिल्ली के करीब एक हजार से ज्यादा सरकारी स्कूलों में छात्र एडवाइजरी बोर्ड का गठन किया गया है। छात्रों में नेतृत्व कौशल को बढ़ाने और विभिन्न भूमिकाओं में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए छात्र सलाहकार बोर्ड की शुरुआत पायलट फेज में 20 स्कूलों से की गई थी। इन स्कूलों में छात्र सलाहकार बोर्ड की सफलता के बाद सभी सरकारी स्कूलों में लागू कर दिया गया है। इसके बाद छात्रों द्वारा छात्र सलाहकार बोर्ड के महासचिव और सदस्यों का चुनाव किया गया। शिक्षा मंत्री आतिशी ने त्यागराज स्टेडियम में सोमवार को इन छात्र सलाहकार बोर्ड के नवनिर्वाचित महासचिवों से मुलाकात कर उनके साथ नेतृत्व कौशल पर चर्चा की। इस दौरान बोर्ड के महासचिवों ने अपने अनुभव और स्कूल की बेहतरी के साथ-साथ बोर्ड द्वारा किए गए विभिन्न काम को शिक्षा मंत्री के साथ साझा किया। छात्रों ने शिक्षा मंत्री के साथ सलाहकार बोर्ड के गठन की प्रक्रिया को भी साझा किया। छात्रों ने प्रदर्शनी के माध्यम से छात्र सलाहकार बोर्ड के सदस्यों के चयन से लेकर स्कूल के विभिन्न मुद्दों में उनकी भागीदारी को भी प्रदर्शित किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार बीते आठ साल से स्कूलों को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का विजन है कि दिल्ली के हर बच्चे को बेहतर शिक्षा मिले। इसकी बदौलत स्कूलों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं।

### रक्षाबंधन पर महिलाएं दो दिन कर सकेंगी निशुल्क सफर, सरकार ने डबल की सेवा

**साहिबाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारी रक्षाबंधन पर बहनों को 24 घंटे नहीं बल्कि 48 घंटे निशुल्क रोडवेज बसों में सफर कराएंगे। उत्तर प्रदेश प्रमुख सचिव की ओर से निगम अधिकारियों को जारी आदेश में बताया गया है कि 29 अगस्त की रात 12 बजे से 31 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाओं के लिए परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा रहेगी जबकि पूर्व में 30 अगस्त की रात से 31 अगस्त की रात 12 बजे तक के आदेश दिए गए थे लेकिन अब आदेश को संशोधित किया गया है। ई बस डिपो प्रभारी पीआर बेरिवालिया ने बताया कि नगरीय परिवहन निदेशालय के आदेश पर रक्षाबंधन के दिन पर बहनों से ई बस में किराया नहीं लिया जाएगा। गाजियाबाद की पांच रूट पर पुराना बस अड्डा-लोनी, दिलशाद गार्डन-मसूरी, कौशांबी-गोविंदपुरी, कौशांबी-दादरी, कौशांबी-पिलखुआ संचालित हो रही है। महिलाएं किसी भी रूट पर संचालित हो रही ई बस में निशुल्क यात्रा कर सकती हैं। दूसरी ओर रोडवेज बसों में भी रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए यात्रा निशुल्क रहेगी। इस दौरान विशेष परिस्थिति को छोड़कर चालक और परिचालकों की छुट्टी रद्द रहेगी।

### सामूहिक दुष्कर्म की शिकार महिला सुरक्षा गार्ड की इलाज के दौरान मौत

गाजियाबाद । उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार महिला सुरक्षा गार्ड ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके की एक सोसायटी में महिला सुरक्षा गार्ड से सामूहिक दुष्कर्म की वारदात के सामने आई थी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीड़िता ने सोमवार तड़के दम तोड़ दिया। गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके की एक सोसायटी में महिला सुरक्षाकर्मी गार्ड रूम में बेहोश मिली थी। पीड़ित परिवार ने सुरक्षा कंपनी के सुपरवाइजर पर सुरक्षाकर्मी से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। महिला सुरक्षाकर्मी को गंभीर हालत में नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुपरवाइजर को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य लोगों की भूमिका की जांच चल रही है। झारखंड निवासी युवती वेव सिटी थाना इलाके में एक सोसायटी में सुरक्षाकर्मी के रूप में तैनात थी।

# अडानी ने गुजरात के लोगों का 3800 करोड़ लूटा : आप

## यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी के सबसे करीबी दोस्त अडानी और उनकी कंपनी ने किया

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि अडानी ने गुजरात के लोगों को महंगी बिजली देकर 3800 करोड़ रुपए की लूट की है फिर भी मोदी सरकार और प्रवर्तन निदेशालय-केन्द्रीय जांच ब्यूरो (ईडी-सीबीआई) चुप्पी साधे हुए है।

आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह मुद्दा गुजरात की जनता के साथ भ्रष्टाचार और लूट से जुड़ा है। गुजरात की जनता की जेब काटने का यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी के सबसे करीबी दोस्त अडानी और उनकी कंपनी ने किया है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी जब 2007 में गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस वक्त उनकी सरकार ने आडनी से बिजली को लेकर एक समझौता किया। समझौते के



अनुसार अडानी ने अगले 25 साल तक गुजरात की जनता को 2.25 रुपए प्रति यूनिट बिजली देने का वादा किया, लेकिन 2007 में गुजरात सरकार और अडानी के बीच पावर परचेज एग्रीमेंट किया गया। इसके बाद अडानी अचानक अपने वादे और एग्रीमेंट से पलट गए।

वर्ष 2018 में अडानी ने गुजरात सरकार के साथ एक और एग्रीमेंट साइन किया। उसमें कहा गया कि कोयला महंगे दामों में खरीदना पड़ रहा है इसलिए सरकार को बिजली के दाम महंगे देने पड़ेंगे, लेकिन एग्रीमेंट में यह शर्त लिखी गई कि आर्गस ग्लोबल कंपनी द्वारा दुनिया भर के देशों में कोयले का जो दाम बताया जाएगा, उसके अनुसार ही भुगतान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 2018 से 2023 तक अडानी ने कोयले का दाम जितना बताया है, गुजरात सरकार उतनी पेमेंट करती रही।

गुजरात सरकार ने इस दौरान अडानी की कंपनी को 13802 करोड़ रुपए का भुगतान किया। हैरानी की बात है कि गुजरात मॉडल की बात करने वाली गुजरात सरकार ने आर्गस ग्लोबल कंपनी के रेट से सत्यापन नहीं किया कि उस वक्त इंडोनेशिया में कोयले का क्या रेट था? एक सवाल यह भी उठा रहा है कि जब भारत में जरूरत से अधिक कोयले का उत्पादन किया जाता है तो अडानी को विदेश से कोयला खरीदने की जरूरत क्यों पड़ी?

आप नेता ने कहा कि इसी वक्त हिंडनबर्ग की रिपोर्ट भी आई। इसमें अडानी के भ्रष्टाचार के बारे में बताया गया था। जब मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, तब गुजरात सरकार के अफसर घबरा गए। अफसरों को लगा कि अडानी के साथ उनको भी जेल जाना पडेगा। इसके बाद गुजरात सरकार कुम्भकर्ण की नींद से जागी और 15 मई को एक चिट्ठी लिखी। इस चिट्ठी में गुजरात सरकार ने कहा कि अडानी ने जहां-जहां से जितने दाम में कोयला खरीदा, उसका कोई प्रमाण, कागजात या बिल नहीं दिए।

## दिल्ली संत महामंडल ने ब्रजमंडल यात्रा पूरी होने पर जताई खुशी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली संत महामंडल ने ब्रजमंडल यात्रा के पूर्ण होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा है कि संत महामंडल के प्रयासों और लोगों के सहयोग से 31 जुलाई को अधूरी रह गई ब्रजमंडल यात्रा सोमवार को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सिद्धपीठ श्रीदूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि ब्रजमंडल यात्रा के दौरान मेवात के कस्बा फिरोजपुर झिरका की अरावली पर्वत श्रृंखलाओं में स्थित प्राचीन शिव मंदिर, फिरोजपुर झिरका और नल्हड़ गांव में नलहरेश्वर महादेव मंदिर, विलेज सिंगर के शिव मंदिर में भगवान शिव का शांतिपूर्ण तरीके से जलाभिषेक किया गया। उन्होंने बताया कि फिरोजपुर झिरका की अरावली पर्वत श्रृंखलाओं में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के अनूठे इतिहास का जिक्र करते हुए उन्होंने प्राचीन मान्यता का हवाला दिया और कहा कि पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान इस रमणीक स्थल पर पूजा-अर्चना कर शिवलिंग की स्थापना की थी। इसी तरह से नलहरेश्वर महादेव मंदिर को लेकर मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने कौरवों और पांडवों का समझौता कराने के लिए इसी जगह को चुना था। यह प्राचीन और अद्भुत मंदिर अरावली पर्वत की गोद में बसा है और अत्यंत मनमोहक है।

दशनाम जूना अखाड़े के प्रवक्ता श्रीमहंत ने बताया यात्रा के दौरान 10 हजार से अधिक श्रद्धालु शोभा यात्रा में शामिल हुए।

यात्रा शांतिपूर्ण और पूरी तरह से सफल रही। संविधान ने हमें पूजा करने का अधिकार दिया है, जिसे हमसे कोई नहीं छीन सकता। इस सफल आयोजन से हमारी आस्था की जीत हुई है।

## जी-20 : मेयर शैली ओबेरॉय और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने तैयारियों का लिया जायजा

दिल्ली। आम आदमी पार्टी के मंत्री सौरभ भारद्वाज और दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने सोमवार को अनोखे अंदाज में जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया। दोनों रिक्शे पर सवार होकर निरीक्षण पर निकले। दोनों को रिक्शे में बैठा देखकर उनके कुछ समर्थक भी साथ चल पड़े। इस बीच दोनों ने उनसे भी बातचीत की। इससे पहले मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने सड़कों के किनारे खड़े वाहनों को हटाकर तीन दिन में सड़कों को साफ करने के लिए कहा है। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने करोल बाग जोन में ग्राउंड जीरो पर जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और दिल्ली के सभी बड़े बाजारों की सड़कों के किनारे लंबे समय से खड़े वाहनों को हटाकर इनके आसपास सफाई कराने का निर्देश दिया। लंबे समय से खड़े वाहनों के नीचे, आसपास जमा कचरा तत्काल साफ कराने के लिए कहा।

### दिल्ली के बाजारों का मेयर ने किया दौरा

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सड़कों के किनारे वाहनों को हटवाकर सफाई की जाए। इसके अलावा अवैध मलबे उठाया जाए। निरीक्षण के दौरान मेयर ने ऑटो टिप्पर चालक से बातचीत की और ये सुनिश्चित किया कि क्षेत्र में सुचारु रूप से घर-घर जाकर कूड़ा उठाया जा रहा है। मेयर ने दुकानदारों से भी आग्रह किया कि वे अपनी दुकानों के बाहर साफ-सफाई बनाए रखें और सड़क पर कूड़ा न डालें। मेयर ने कहा की मार्केट एसोसिएशन व आरडब्ल्यूए भी सक्रिय रूप से अब दिल्ली साफ होगी अभियान में सहयोग करें। मेयर ने कहा कि वे दिल्ली को दुनिया का सबसे साफ शहर बनाना चाहती हैं। इसीलिए जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले महा सफाई अभियान दिल्ली होगी साफ शुरू चलाया है। हर रोज वार्डों का औचक निरीक्षण कर रही हैं। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने करोलबाग जोन के देव नगर वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने देव नगर वार्ड की सड़कों और आंतरिक गलियों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि ये दिल्ली का मशहूर बाजार है, विदेशी मेहमान यहां घूमन के लिए आ सकते हैं। सड़कें साफ नहीं होंगी तो दिल्ली की खराब छवि उनके मन में बनेगी।

## महिला प्रोफेसर के मकान का ताला तोड़कर चोरी

मोदीनगर। मोदीनगर की प्रोफेसर कॉलोनी में बदमाशों ने एक मकान का ताला तोड़कर 1.50 लाख रुपये की नगदी, लाखों के जेवरात व अन्य कीमती सामान चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। नगर की प्रोफेसर कॉलोनी में डॉ. मधु शर्मा परिवार सहित रहती हैं। मधु शर्मा ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वह रात नौ बजे के आसपास जब ड्यूटी से वापस आईं तो घर का मुख्य गेट का ताला टूटा देखकर दंग रह गईं। जब अंदर गईं तो सारा सामान इधर उधर बिखरा हुआ था। डॉ. मधु शर्मा ने बताया कि बदमाश मेन गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर आए। उन्होंने बताया कि सेफ में रखे 1.50 लाख रुपए की नगदी ,लाखों के सोने चांदी के जेवरात व अन्य कीमती सामान चोरी करके ले गए। पीड़िता ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर चोरी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सरकारी स्कूल में दो छात्रों के यौन उत्पीड़न पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने यहाँ के एक सरकारी स्कूल में दो नाबालिग लड़कों के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली पुलिस और शिक्षा विभाग को नोटिस जारी किया है।

मालीवाल ने सोमवार को कहा, यह बहुत चौंकाने वाली घटनाएं हैं। एक ही स्कूल के छात्रों ने अपने साथियों के साथ यौन उत्पीड़न किया। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि शिक्षकों और प्रिंसिपल ने कथित तौर पर छात्रों को चुप रहने के लिए कहा। अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, अधिकारियों को घटना की सूचना न देने के लिए स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षकों के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए।

आयोग को दिल्ली के रोहिणी स्थित एक सरकारी स्कूल के दो नाबालिग छात्रों के साथ यौन उत्पीड़न की सूचना मिली। रोहिणी के एक सरकारी स्कूल में 8वीं कक्षा में पढ़ने वाले 13 वर्षीय लड़के का कथित तौर पर स्कूल के



अन्य छात्रों ने यौन उत्पीड़न किया। पीड़ित के अनुसार उसने कुछ दिन पहले अपने दो शिक्षकों को अपनी आपबीती सुनाई, लेकिन उन्होंने उससे मामले के बारे में किसी को भी न बताने के लिए कहा। इसी प्रकार 12 साल के एक अन्य लड़के ने भी आरोप लगाया है कि छात्रों ने उसके साथ भी यौन उत्पीड़न किया। उसने बताया है कि उसने जुलाई और अगस्त में अपने दो शिक्षकों को घटना के बारे में बताया था, लेकिन उन्होंने उनसे इस घटना के बारे में किसी से बात न करने के लिए कहा था।

आयोग के अनुसार उपरोक्त मामलों में शाहबाद डेयरी थाने में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। इस संबंध में दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने दिल्ली पुलिस और दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग को नोटिस जारी किया है। दिल्ली पुलिस को दिए अपने नोटिस में आयोग अध्यक्ष ने मामले में हुई गिरफ्तारियों की स्थिति पूछी है। आयोग ने स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षकों के खिलाफ की गई कार्रवाई का विवरण भी मांगा है और पूछा है कि क्या कथित तौर पर अधिकारियों को मामले की सूचना नहीं देने के लिए पॉक्सो अधिनियम के तहत उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

इसके अलावा दिल्ली महिला आयोग ने शिक्षा निदेशालय से मामले में जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है। आयोग ने यह भी पूछा है कि क्या अधिकारियों को घटनाओं की सूचना नहीं देने के लिए स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षकों को निलंबित किया गया है। आयोग ने स्कूलों में छात्रों की काउंसलिंग और यौन उत्पीड़न के मामलों की रिपोर्टिंग के लिए विभाग द्वारा बनाए गए दिशानिर्देशों का विवरण मांगा है।

## 115 करोड़ रुपए से दिल्ली के गांवों की बदलेगी सुरत

### विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता हुई दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड की बैठक में गांवों से जुड़ी 167 नई परियोजनाओं को मिली मंजूरी

नई दिल्ली। दिल्ली के विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में सोमवार को दिल्ली के गांवों के विकास कार्यों को गति देने को लेकर दिल्ली सचिवालय में ग्राम विकास बोर्ड की मीटिंग हुई। इस दौरान दिल्ली के गांवों में विकास सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड ने 167 नई योजनाओं को मंजूरी दी। इसके तहत सड़कों, नालियों, जल निकायों, सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान, खेल मैदान आदि से जुड़े विकास कार्य किए जाएंगे। दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में 115.52 करोड़ रुपए के लागत से विकास कार्य किए जाएंगे। बोर्ड मीटिंग के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को ग्राम विकास की



परियोजनाओं को तय समय सीमा के अंदर पूरा करने के निर्देश दिए गए। दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड की बैठक में सदस्यों ने लंबित और नए प्रस्तावों का मामला उठाया। इसके बाद विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के गांवों में विकास सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड का गठन किया था। इस बैठक में दिल्ली के गांवों के विकास के लिए 115.52 करोड़ रुपए की 167 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसके तहत दिल्ली के सभी गांवों में बेहतर सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। साथ ही, बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को ग्राम विकास से जुड़ी परियोजनाओं के काम को समय सीमा के अंदर पूरा करने के निर्देश दिए गए। विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि सरकार शहरी क्षेत्रों में रहने वाले दिल्ली के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विकास विभाग से जुड़े इन विकास कार्यों को सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, एमसीडी सहित अन्य सरकारी विभागों के माध्यम से किया जा रहा है।

### ग्राम विकास परियोजना के कार्य

- दिल्ली के गांवों में संपर्क सड़कों और ग्रामीण सड़कों का निर्माण
- तालाबों व जलाशयों का विकास
- गावों में सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान, खेल मैदान, व्यायाम शाला, लाइब्रेरी का विकास
- जल निकासी संरचनाओं का निर्माण
- चौपालों, बारात घर, सामुदायिक केंद्र आदि का निर्माण और मरम्मत का कार्य
- पेयजल सुविधा, स्ट्रीट लाइट आदि जैसे अन्य आवश्यकता आधारित कार्य

## चाइनीज मांझे की चपेट में आकर युवक की गर्दन कटी

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस से पूर्व पुलिस ने चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ खूब अभियान चलाया। लेकिन 15 अगस्त के बीतते ही चाइनीज मांझा धड़ल्ले से बिकने लगा है। शास्त्री पार्क फ्लाईओवर पर शनिवार शाम को स्कूटी सवार एक कारोबारी चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। हादसे में उसका गला कट गया। किसी तरह युवक ने हाथ से मांझा हटाने का प्रयास किया तो उसकी उंगलियां भी कट गईं। पीड़ित सोनू जैन ने किसी तरह मांझा हटाया तब तक उनके गले से तेजी से खून बहने लगा था। इसके बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और वह खुद ही स्कूटी चलाकर जग प्रवेश चंद अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में उनके गले में 10 टांके लगे। बाद में मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने पीड़ित से शिकायत लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। घटना के बाद पीड़ित के परिजनों ने रोष जाहिर किया है। परिजनों का कहना है कि प्रतिबंध के बाद भी मांझा बिक रहा है। पुलिस के मुताबिक सोनू जैन अपने परिवार के साथ शास्त्री पार्क इलाके में रहता है। इसकी गांधी नगर बाजार में धागे की दुकान है। शनिवार शाम को वह दुकान बंद कर अपनी स्कूटी से घर लौट रहा था। इस बीच जैसे ही वह शास्त्री पार्क फ्लाईओवर पर पहुंचा तो अचानक उसके गले में कुछ फंस गया।

## इंटरनेशनल ट्रेड शो में नोएडा के उद्यमियों को मिले प्राथमिकता

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर में लगने वाले उप्र इंटरनेशनल ट्रेड शो एंव जिला उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एनईए प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि 21 से 25 सितम्बर-2023 तक लगने वाले ट्रेड शो के सभी स्लाट पहले ही बुक हो चुके है इसलिए एनईए के सदस्य उद्यमियों के लिए अलग से 150 मीटर क्षेत्रफल का स्टाल उपलब्ध किया जाए। साथ ही ट्रेड में नोएडा के उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाए। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने की। इस मौके पर अवगत कराया गया कि औद्यौगिक सेक्टरों में प्राय: एक दिन में कई बार ब्रेक डाउन हो रहे है। इस कारण उद्यमीय को आर्थिक नुकसान होता है। विद्युत सबंधी तकनीकी खामियां को दूर करने के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार किया जाए। एक इकाई में तकनीकी खराबी होने की स्थिति में 5 से अधिक इकाइयों पर प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। जनरेटर के उपयोग में व्यवसाय द्वारा की गई पूंजीगत लागत और पर्यावरण, प्रदूषण के साथ-साथ पीएनजी के लिए हर महीने भुगतान का अतिरिक्त बोझ शामिल है। व्यक्तिगत जनरेटर को बढावा देने के बजाय 24 घंटे बिजली की आपूर्ति पर जोर दिया जाना चाहिए। इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए जैसे इकाइयों का ट्रांसफर, रजिस्ट्री आदि करवाने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू कराया जाए।

## दिल्ली के मूल ग्रामीण अपने अस्तित्व व आत्मसम्मान की लड़ाई लड रहे

नई दिल्ली। दयानंद वत्स, कार्यकारी अध्यक्ष, दिल्ली आदर्श ग्रामीण समाज (रजिस्टर्ड) ने कहा दिल्ली के मूल ग्रामीण अपने अस्तित्व व आत्मसम्मान की लड़ाई लड रहे है उन्होने दिल्ली के गांवों की सम्स्याओ से अवगत करवाया।

-आजादी के 77सालों बाद भी दिल्ली के सभी गांवों को लालडोरे से मुक्ति नहीं।

-हाउसटैक्स की तलवार गांवों पर लटक रही है। बिना बुनियादी सुविधाएं दिए टैक्स वसूली।

-मैट्रो रुट का विस्तार करने में गांवों की घोर उपेक्षा जारी। रिठाला बरवाला बवाना नरेला मैट्रो रुट को मंजूरी नहीं। 23सालों का लंबा इंतजार जारी है। उत्तर पश्चिमी लोकसभा क्षेत्र के गांवों में 23सालों बाद भी मेट्रो कनेक्टिविटी नहीं।



-गावों में बुनियादी सुविधाएं तक सुलभ नहीं। बच्चों को खेलने के मैदान नहीं, डिस्पैंसरी, कम्युनिटी सेंटर, स्किल सैंटर नहीं।

-सभी गांवों के हमारे श्रद्धेय ग्राम देवताओं के स्थानों का विकास हो।

-गावों के बड़े अस्पतालों में आवश्यक स्पेशलिस्ट स्टाफ, विभाग, आपरेशन थियेटर, 24घंटे जच्चा बच्चा सुविधा नहीं, दवाएं नहीं। लैब टेस्ट नहीं।

-सभी गांवों की फिरनी रोड बदहाल, जर्जर श्मशान घाटों पर शेड नहीं।

-गावों की गलियों और नालियों का निर्माण नहीं।

-कंझावला में अधिगृहीत 950 एकड जमीन पर डी एस आईआई डी सी औधोगिक क्षेत्र बनाने जा रहा है। जबकि यहां पर इसकी जरूरत ही नहीं है। यहां पर एजुकेशन हब बनाने की बात कही गयी थी। जिसमें स्कूल, कालेज, विश्वविद्यालय खोले जाने थे। ग्रामीण इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

बवाना में भी एजुकेशन हब बनना था। लेकिन वहां भी जबरन औधोगिक क्षेत्र बनाकर पूरे बवाना क्षेत्र को बरबाद कर दिया।

-बवाना में सनोठ के साथ की सैंकड़ों एकड़ भूमि पर शहर से कूड़ा लाकर डंपिंग ग्राउंड बना दिया। जो इलाके के लिए सिरदर्द बना हुआ है।

- ग्रामीणों की मांग है कि दिल्ली के बवाना, नरेला से सारी औधोगिक इकाइयों को दिल्ली से बाहर भेजा जाए। क्योंकि इनसे प्रदूषण हो रहा है।

डीडीए ने 2005 में बरवाला गांव की जो जमीन 25लाख रुपये प्रति एकड़ अनुमानित 4800गज अधिग्रहित की थी। उस जमीन में रोहिणी सेक्टर 34,35,36,37बना दिए।

-डीडीए सबसे बड़ा भू-माफिया और सबसे बड़ा सरकारी प्रापर्टी डीलर बन गया है। यह 360गांवों के किसानों का कहना है।

दिल्ली के मूल ग्रामीण आज अपने अस्तित्व की,अपने आत्मसम्मान की लड़ाई लड रहे हैं। आने वाली पीढ़ियां हमसे आपसे सवाल करेंगी कि जब आपके साथ अन्याय हो रहा था और आपको पता था तब भी आप चुप क्यों रहे?

नई दिल्ली
मंगलवार 29 अगस्त 2023
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय

## शिक्षण संस्थानों में अभी दूर है मानवीयता को मूल्य बनाने का सफर

सबसे चिंताजनक पहलू बच्चे के साथ हुए दुर्व्यवहार का तरीका है। यह कल्पना भी बेहद तकलीफदेह है कि जिस बच्चे को उसके सहपाठी थप्पड़ मार रहे थे, उसके कोमल मन–मस्तिष्क पर कितना गहरा मनोवैज्ञानिक आघात लगा होगा और भविष्य में वह स्कूल, कक्षा और बाकी बच्चों को लेकर किस हद तक सामान्य तरीके से सोच पाएगा। फिर शिक्षक के कहने पर थप्पड़ लगा रहे अन्य बच्चों के भीतर कैसा मानस तैयार होगा?

उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर के एक स्कूल में एक बच्चे की पिटाई का मामला स्तब्ध कर देने वाला है। खबरों के मुताबिक, निजी स्कूल में प्राथमिक कक्षा के एक विद्यार्थी की गलती सिर्फ इतनी थी कि वह पहाड़ा याद करके नहीं आया था। इतने भर के लिए शिक्षिका ने अन्य बच्चों से बारी–बारी थप्पड़ लगवाया। जो बच्चा धीरे से मार रहा था, उसे और जोर से थप्पड़ मारने को कहा। पीड़ित बच्चे के रोने के बावजूद कक्षा के बाकी बच्चों ने शिक्षिका का आदेश पूरा किया।

इस घटना में ज्यादा आपत्तिजनक पहलू यह भी सामने आया कि शिक्षिका ने पिटाई खा रहे बच्चे की धार्मिक पृष्ठभूमि और पहचान को लेकर भी अवांछित टिप्पणी की। मामले ने तूल तब पकड़ा जब कक्षा में इस घटना का किसी ने वीडियो बना लिया और उसे प्रसारित कर दिया। हालांकि वीडियो के सामने आने पर शिक्षिका ने अपने बचाव में दलील दी और पुलिस ने वीडियो सहित पूरे मामले की जांच कराने की बात कही है।

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद यही इस घटना के कानूनी निष्कर्ष तक पहुंचने का रास्ता होगा। मगर सच यह है कि घटना का जितना भी हिस्सा सामने आ सका है, वह बताता है कि हमारे शिक्षा संस्थानों में बेहतर पढ़ाई–लिखाई के साथ–साथ मानवीयता को एक मूल्य बनाने का सफर अभी बहुत लंबा है।

सवाल है कि सिर्फ कोई पाठ याद न कर पाने की वजह से किसी शिक्षक को यह अधिकार कहां से मिल जाता है कि वह बच्चे के साथ इस तरह पेश आए। इस मामले में कानूनी स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है और सर्वोच्च न्यायालय तक का साफ निर्देश है कि किसी भी स्थिति में बच्चे की पिटाई गैरकानूनी है। यहां तक कि उसके साथ डांट–फटकार भी नहीं की जा सकती। इसके बावजूद बहुत सारे शिक्षकों को इन निर्देशों पर गौर करना जरूरी नहीं लगता है। जबकि स्कूल और कक्षा में शिक्षक के व्यवहार को लेकर अगर कानूनी मानदंड तय किए जाते हैं तो यह अपने आप में एक अफसोसनाक पहलू है।

इसके अलावा, सुर्खियों में आए वीडियो में शिक्षिका जो कहती दिखाई देती है, उससे जाहिर है कि वह न तो शिक्षण के लिए योग्य है और न ही उसमें मानवीय संवेदना के तत्त्व बचे हैं। यों भी, स्कूली शिक्षा के दौरान अगर कोई बच्चा पढ़ाई–लिखाई के मामले में पीछे रह जाता है, तो यह मुख्य रूप से शिक्षकों की ही नाकामी है। पर अपने दायित्व को ठीक से न निभा पाने की भरपाई के लिए कई बार शिक्षक विद्यार्थियों को ही जिम्मेदार ठहरा देते हैं।

ताजा घटना का सबसे चिंताजनक पहलू बच्चे के साथ हुए दुर्व्यवहार का तरीका है। यह कल्पना भी बेहद तकलीफदेह है कि जिस बच्चे को उसके सहपाठी थप्पड़ मार रहे थे, उसके कोमल मन–मस्तिष्क पर कितना गहरा मनोवैज्ञानिक आघात लगा होगा और भविष्य में वह स्कूल, कक्षा और बाकी बच्चों को लेकर किस हद तक सामान्य तरीके से सोच पाएगा। फिर शिक्षक के कहने पर थप्पड़ लगा रहे अन्य बच्चों के भीतर कैसा मानस तैयार होगा?

अगर धर्म, जाति या वर्ग के आधार पर शिक्षक भी अपना बर्ताव तय करने लगेंगे और अन्य बच्चों को भी उसमें शामिल करेंगे तो जो समाज तैयार होगा, वह कितना मानवीय होगा? इस लिहाज से देखें तो इस घटना से निपटने के लिए सरकार को ऐसे कदम उठाने की जरूरत है, जो शिक्षा व्यवस्था को इस तरह के दुराग्रह और कुंठा से पूरी तरह मुक्त कर सके।

## तमिलनाडु की जनता तलाश रही द्रविड़ राजनीति का विकल्प

चंद्रयान–3 के लैंडर विक्रम ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर दक्षिण के महत्व को ही प्रतिपादित किया। उतना ही दिलचस्प यह है कि दक्षिण अफ्रीका में आयोजित ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक पहल की बात की। अपने देश की बात करें, तो अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में भी दक्षिण भारत महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। दक्षिण के छह राज्यों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मोदी–शाह और नड्डा की तिकड़ी रणनीति बनाने में लगी है। दक्षिण की 130 लोकसभा सीटों में भाजपा कितनी सीटें जीत पाती है, यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन भाजपा सबसे ज्यादा जोर तमिलनाडु में लगा रही है, जहां उत्तर भारतीय मतदाताओं की बड़ी आबादी है।

पिछले लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु में द्रमुक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 39 सीटों में से 38 सीटों पर कब्जा जमाया था। भाजपा उस हार को भूली नहीं है। इसलिए इस बार तमिलनाडु में द्रमुक की राजनीति को मात देकर वहां वह हिंदुत्व का परचम लहराना चाहती है। यह लक्ष्य पाने के लिए गृहमंत्री अमित शाह ने कुछ भी करने का संकेत दिया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी तमिलनाडु में भाजपा का प्रदर्शन अहम है। पिछले पांच साल के दौरान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों से उन्होंने कम से कम 2,500 बार तमिलनाडु का उल्लेख किया है। इस दौरान विदेशी मेहमानों को सम्मानित करते समय ज्यादातर समय तमिनलाडु के कलाकारों को याद किया गया है। वाराणसी में एक महीने तक चला %काशी–तमिल संगमम% कार्यक्रम वस्तुत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिमाग की उपज था। यह आकस्मिक नहीं है कि प्रधानमंत्री ने सौराष्ट्र–तमिल संगमन समारोह भी आयोजित किया। सैकड़ों साल पहले गुजरातियों और मराठियों के दक्षिण भारत के तमिनलाडु में बस जाने की याद में यह त्योहार मनाया जाता है। इसे भी नहीं भूलना चाहिए कि वर्ष 2009 में श्रीलंका के जाफना में हुए तमिलों के नरसंहार के बाद वहां पहुंचने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं।

उतना ही महत्वपूर्ण यह है कि पिछले दिनों मणिपुर के मुद्दे पर विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कच्चातीवू का जिक्र किया, जो तमिलनाडु के पास एक द्वीप है, और जिसे कांग्रेस की सरकार ने श्रीलंका को दे दिया था। इसी तरह लोकसभा में बहस के दौरान वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 1989 में तमिलनाडु की विधानसभा में हुई उस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का जिक्र किया, जब द्रमुक के विधायकों ने जयललिता की साड़ी खींच ली थी। वित्तमंत्री द्वारा इस घटना के जिक्र पर क्षुब्ध होकर द्रमुक के सांसदों ने सदन से वॉकआउट करने में ही अपनी भलाई समझी। उल्लेखनीय है कि केंद्र की मोदी सरकार ने जिन दो रक्षा गलियारों (डिफेंस कॉरिडोर) को मंजूरी दी है, उनमें से एक उत्तर प्रदेश में है और दूसरा तमिलनाडु में।

भाजपा की इन राजनीतिक पहलकदमियों को आखिर क्या कहेंगे? इसका अर्थ यह है कि तमिलनाडु की राजनीति में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए भाजपा गंभीर है और वह तमिलनाडु के युवाओं में राष्ट्रवाद का प्रसार करना चाहती है। बिहार के एक आईपीएस अधिकारी एनआर रवि को राज्यपाल बनाकर तमिलनाडु में भेजे जाने के राजनीतिक निहितार्थ थे। और राज्यपाल काफी समय से राज्य की द्रमुक सरकार से विभिन्न मोर्चे पर टकराकर एक संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं। तमिलनाडु में भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई द्वारा %एन मान–एन मक्कल% (मेरी मिट्टी–मेरी जनता) अभियान के तहत 120 दिनों की पदयात्रा का भी, जो राज्य की सभी 234 विधानसभा सीटों से होकर गुजरने वाली है, ठोस राजनीतिक संदेश है। तमिलनाडु में भाजपा की महत्वाकांक्षाओं पर विचार करते हुए यह जानना भी महत्वपूर्ण है कि योगी आदित्यनाथ की छवि वहां एक नायक की है।

# अब सूर्य पर भारत फतेह से दुनिया चमत्कृत होगी



-ललित गर्ग -

चंद्र अभियान की ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक नया इतिहास गढ़ने एवं एक और मैदान फतेह करने को तत्पर है और सूरज का अध्ययन करने के लिए संभवत: दो सितंबर, 2023 'आदित्य–एल 1' यानी सूर्य मिशन के प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा है। 'आदित्य–एल 1' अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल–1 (सूर्य–पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा के यथास्थिति अवलोकन के लिए बनाया गया है, इस मिशन की मदद से स्पेस में मौसम की मोबिलिटी, सूरज के तापमान, सोलर स्टॉर्म, एमिशन और अल्ट्रावॉयलेट रेज के धरती और ओजोन लेयर पर पड़ने वाले प्रभावों की स्टडी की जा सकेगी, जिससे मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को सकारात्मक मोड़ देने में सुविधा रहेगी। यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक और मील का पत्थर होगा। इस प्रक्षेपण के बाद अमरीका, जर्मनी और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बाद भारत सूर्य के पास उपग्रह भेजने वाला चौथा देश बन जाएगा। आदित्य एल–1 को पृथ्वी–सूर्य प्रणाली की ऑर्बिट के पांच बिंदुओं में से एक लैग्रेंज–1 में स्थापित किया जाएगा। यहां सूर्य पर ग्रहण के दौरान भी नजर रखी जा सकती है। यह पॉइंट पृथ्वी से 15 लाख किमी. दूर है। निश्चित ही चंद्रयान–3 के 3.84 लाख किमी. के सफर के मुकाबले आदित्य एल–1 का सफर कहीं ज्यादा चुनौती एवं संघर्षपूर्ण होगा।

दुनियाभर के वैज्ञानिक ब्रह्माण्ड के रहस्यों को जानने में जुटे हैं। जिस सौरमंडल में हम रहते हैं, उसे समझने के लिए सूर्य को जानना जरूरी है। सूर्य की ऊर्जा का अध्ययन धरती पर नहीं किया जा सकता। इसलिए दुनिया की दूसरी अंतरिक्ष एजेंसियों की तरह इसरो भी सूर्य के पास जाकर अध्ययन करना चाहता है। उसका पहला सूर्य अभियान सूर्य के कोरोना, प्रकाश मंडल, क्रोमोस्फीयर, सौर उत्सर्जन, सौर तूफानों और कोरोनल मास इजेक्शन के अध्ययन के साथ–साथ सूर्य की संपूर्ण इमेजिंग के नए द्वार खोल सकता है। लगातार चमकने वाला सूर्य, जहां ऊर्जा के लिए निरंतर विस्फोट होते रहते हैं, हमेशा से रहस्य का विषय रहा है। लेकिन ये विस्फोट कब होंगे और इसके प्रभाव क्या होंगे, इसकी सटीक जानकारी धरतीवासियों को नहीं है। ऐसे में इस टेलीस्कोप का एक उद्देश्य इनकी स्टडी करना है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मिशन के तहत अलग–अलग तरह के डाटा को जुटाकर ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकेगी जिससे धरती को होने वाले नुकसान के बारे में पहले से अलर्ट किया जा सकेगा। इस अभियान की कामयाबी इसरो के लिए अंतरिक्ष में एक और अहम छलांग होगी। इससे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी भी बढ़ेगी, जो कि फिलहाल सिर्फ दो फीसदी है। इसमें वृद्धि के लिए इसरो को उसकी महत्त्वाकांक्षाओं के अनुरूप सरकार से हरसंभव मदद मिलनी चाहिए। नया भारत एवं सशक्त भारत निर्मित करने की अनेक बहुद्देश्यीय एवं बहुआयामी योजनाएं आजादी के अमृतकाल में आकार लेने के लिये उजावली हैं, उन्हीं योजनाओं में अंतरिक्ष के अनुसंधान एवं अध्ययन से जुड़ी योजनाओं में से 'आदित्य–एल 1' एक बड़ी परियोजना है, जो सूर्य की गतिशीलता और उसके पास के मौसम की समझ में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। सूर्य का नाम आदित्य भी है, अत: इस नाम का अभियान या यान सबके आकर्षण का केंद्र बने, तो कोई आश्चर्य नहीं। यह अभियान दुनिया में एक भारतीय शब्द का प्रचार और भारत के अंतरिक्ष अभियान के स्वदेशी होने का अहसास करायेगा। योजना के अनुसार, यह यान कुल 125 दिन में सूर्य के पास की कक्षा में पहुंच जाएगा। सूर्य के एकदम निकट जाने के बारे में तो कोई सोच नहीं सकता, पर सूर्य के पास एक सुरक्षित कक्षा है जहां पहुंचकर कोई यान परिक्रमा करते हुए सूर्य को देख–परख सकता है। यह आदित्य अंतरिक्ष यान सात उन्नत उपयोगी उपकरणों से सुसज्जित है, जो सूर्य की विभिन्न परतों, प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर से लेकर सबसे बाहरी परत, कोरोना तक की जांच करने के लिए तैयार किए गए हैं। इरादा यह है कि सूर्य के पास घटित होने वाली तमाम गतिविधियों का डाटा एकत्र किया जाए, ताकि सूर्य की कुल क्रिया–प्रतिक्रिया को समझा जा सके। हम तेज सूर्य से आंख नहीं मिला पाते हैं, पर भारत का आदित्य यान सूर्य से सीधे आंख मिलाने में सक्षम होगा, इसमें लगे चार उपकरण तो केवल सूर्य को देखने का काम करेंगे, मतलब इस अभियान का मूल लक्ष्य सूर्य को करीब से देखना है। भारत पूरातन काल से ज्ञान–विज्ञान का असीम भंडार रहा है। हमारे ऋषियों–मनीषियों ने आचार–विचार, आत्म–विकास एवं गहन खोजों से चिकित्सा, दर्शन, अर्थ और सौरमंडल तक की ऐसी जानकारी प्रदान की है, जिसके बारे में विश्व को बहुत बाद में पता चला। स्वामी विवेकानन्द ने कहा भी है कि आधुनिक विज्ञान के सूत्र पुरातन काल में वेदों में लिखित सूत्र ही है। किसी भी आपदा या घटना का पूर्वानुमान भारत में इसी सौरमंडल की जानकारी के आधार पर ही संभव हुआ है। सूर्य में भारत की दिलचस्पी एवं श्रद्धाभाव को स्वाभाविक ही समझा जा सकता है। भारत एक ऐसा देश है जहां सूर्य को देवता मानकर पूजने वाले, पर्व–उपवास करने वाले लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। भारत में हर सुबह सूर्य नमस्कार और सूर्य को जल अर्पण दिनचर्या में शामिल है। भारतीय पौराणिक कथाओं में सूर्य एक चरित्र या किरदार के रूप में पुरजोर उपस्थित है। इसलिये कोई आश्चर्य नहीं, भारतीय ज्यादा श्रद्धाभाव से सूर्य का अध्ययन करते हुए विश्व मानवता को उपकृत सकेंगे। क्योंकि अब भारत पुरातन ज्ञान से अत्याधुनिक विज्ञान की स्वर्णिम यात्रा पर बढ़ रहा है।

निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच एवं प्रोत्साहन से देश की वैज्ञानिक सोच एवं उपक्रमों को नया आधार मिल रहा है। वह भी अद्भुत दृश्य था, प्रधानमंत्री जब ब्रिक्स समिट एवं अन्य देशों की यात्रा से सीधे इसरो मुख्यालय पहुंचे और विज्ञानियों और इंजीनियरों से खास तौर पर मुलाकात की और उनके योगदान को सराहा। इसे प्रधानमंत्री ने यह कहकर अच्छे से रेखांकित किया कि जब हम अपनी आंखों के सामने इतिहास बनते हुए देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है और ऐसी ऐतिहासिक घटनाएं जीवन में चिरंजीव चेतना बन जाती हैं। मोदी ने कहा भी है कि आज हर कोई यह कह रहा है कि 21वीं सदी भारत की सदी है। भारत ही वह देश है जिसके पास युवा शक्ति का भरपूर भंडार है, मजबूत इरादे है एवं स्वतंत्र पहचान है। पहले सोच थी की भारत बदलेगा ही नहीं लेकिन अब सोच है कि हमारा यह देश खुद भी बदल रहा है एवं पूरी दुनिया को बदलने की सामर्थ्य रखता है। प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना हमारे विश्वास को मजबूत करता है कि भारत से जो प्रकाशपुंज उठा है, उसमें विश्व को ज्योति नजर आ रही है। आज हमारे पास लोकतंत्र, जनसंख्या और विविधता है और यह त्रिवेणी भारत के हर सपने को साकार करने का सामर्थ्य रखती है। भारत का सबसे बड़ा सामर्थ्य बना है मोदी सरकार के प्रति जन–जन का और विश्व का भारत के प्रति विश्वास। यह बेवजह नहीं है। जरूरत है भारत के विभिन्न राजनीतिक दल भी इसके महत्व को स्वीकारें।

करोड़ों भारतीयों की प्रार्थना और इसरो के विज्ञानियों की मेधा एवं उनके अथक प्रयासों से जिस तरह चंद्रयान–3 अंतत: चांद पर पहुंच ही गया, उसी तरह 'आदित्य–एल 1' भी सूर्य पर फतेह करके दुनिया को आश्चर्य में डालेंगा एवं चमत्कृत करेंगा। इस महत्वाकांक्षी अभियान से एक बार फिर भारत के लोगों का सीना गर्व से चौड़ा होगा और पूरे देश में एक सुखद अनुभूति एवं ऊर्जा की लहर दौड़ेगी। इस महा सूर्य– अभियान के सफल होने से भारतवासियों के अंदर एक अनूठा आत्मविश्वास जागेगा, हौंसला बुलन्द होगा कि हम किसी भी जटिल से जटिल कार्य को पूर्ण कर सकेंगे और विश्वगुरु होने की पात्रता प्राप्त करेंगे।



## श्रम और नवीनता से जीवन सार्थक बनाइए

परिवर्तन का क्रिया चक्र खुद इस बात का प्रमाण है कि परिवर्तन की खोज ही नवीनता है। परिवर्तन का सीधा–सीधा तात्पर्य जड़ता का नाश और विकास की अनंत गाथा का प्रादुर्भाव होना और स्थिरता का अंत ही है। चलायमान परिवर्तन की विदाई स्थिर और जंगम का का समापन होता है। आज की परिस्थितियों ने जड़ता और स्थिरता को बड़ी चोट दी है। मशीनों का शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का बहुत बड़ा अवदान दिया है, इस परिवर्तन ने मानवीय समाज को को नया अवसर प्रदान किया है। इस परिवर्तन ने काम को सरल बनाया और व्यवस्था को पारदर्शिता के साथ समाज के सम्मुख रखा है। एक युगीन क्रांतिकारी कदम उठाया गया था। इतिहास में सबसे बड़ा तथा पहला परिवर्तन 1215 से मैग्नाकार्टा यानी कि नागरिक अधिकार पत्र की प्राप्ति हुई थी। यह वही समय था कि जब सदियों की जड़ता का प्रतिकार करते हुए मानव मस्तिष्क में नव विकास तथा नव प्रवर्तन का बीज बोया था। परिवर्तन की उस घड़ी में एक बड़े अवसर ने दस्तक दी थी। उसी अवसर का सदुपयोग करते हुए मानव को अधिकार प्रदान किया गया था, अब वह साधन नहीं साध्य बन गया है। अवसर में किए गए प्रयत्नों का परिणाम है कि आज हर सभ्य समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र की पारदर्शिता एवं उपलब्धता के कारण दिया जाता है। विश्व में बढ़ती जनसंख्या के कारण उत्पादन की न तो मात्रा संपूर्ण उपाय थी और ना ही गति के साथ साधन ही उपलब्ध हो पा रहे थे, ऐसे समय में युग में परिवर्तन की करवट ली और माननीय बौद्धिक क्षमता ने मशीनीकरण को जन्म दिया। मशीनीकरण के फल स्वरुप कार्य करने की गति, क्षमता और स्वरूप को बदला गया, मनुष्य ने अवसर के साथ परिवर्तन के चलते नए–नए कल पुर्जों का इजाद किया और प्रयत्नों का अंबार लगा कर संपूर्ण विश्व में औद्योगिक क्रांति का शंखनाद किया। और यही परिवर्तन आज विकास की धुरी है। इस बात से यह स्पष्ट होता है कि परिवर्तन नए–नए विकास तथा अविष्कार को जन्म देता है, और वह समाज के लिए सदैव बहु उपयोगी होते हैं। समाज में या देश में जब जब जनता ने गति रोकने का प्रयास किया तब तब माननीय साहस तथा मस्तिष्क ने उसे अपने प्रयासों से पराजित कर नई युक्ति को जन्म दिया। परिवर्तन वस्तुत: ना केवल जीवन की आवश्यक विशेषता और अपरिहार्य सच है बल्कि वह विकास के प्रत्येक स्वप्न का प्रथम चरण भी है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस आय हैव ए ड्रीम की कल्पना की थी वह परिवर्तन में छिपे अवसर को पाने का ही एक सपना था। महात्मा गांधी जी ने जिस स्वराज की कल्पना की, वह भी अवसर की तलाश की तरफ अग्रसर एक महत्वपूर्ण प्रयास ही था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने यस वी कैन में भी उसी परिवर्तन को साकार करने की लालसा थी। कुल मिलाकर बात यह है कि जब जब मनुष्य पुराने विचारों जड़ता स्थिरता का प्रतिकार करता है है तब–तब परिवर्तन ने समाज में नवप्रवर्तन आया है। प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ अनेक अवसर लेकर आया और अवसर को जिसने प्राप्त कर अपने अनुकूल ढालने की सामर्थ्यता दिखाई वह विश्व विजेता कहलाया।

### चमत्कारिक योग

भारतीय वैदिक योग
जनमानस होता निरोग,
विश्व गुरु बनने की
प्रथम क्रिया तथा
प्रतिक्रिया में
पहला कदम है
वैश्विक योग दिवस,
भारत की पहल पर
विश्व में मनाया जाएगा
वैश्विक योग दिवस।
पहले निरोगी काया
फिर उस पर योग का साया,
पड़ जाए फिर स्वस्थ
जीवन की छाया।
योग ने किया सबको निरोगी
वैश्विक मुद्रा के लिए भी उपयोगी।
स्वस्थ रहेगा तन और मन
योग शिक्षा से ही
कमा पाएंगे हम
पोंड, डॉलर और धन,
विश्व के गुरु तो बनेंगे ही
देंगे दुनिया को दिशा दर्शन,
आओ अपनाएं योग को
दूर भगाएं सारे रोग को,
योग विद्या है भारत की संपत्ति,
अपनाने में किसी को नहीं है आपत्ति,
आओ हम सब लोग
योग सीखे और सिखाएं
इस तरह इस विद्या से
निरोगी स्वास्थ धन पाए।
जितना भारत है महान
इतनी योग विद्या भी है महान।
आओ मिलकर करे
इसका
विश्व स्तर पर गुणगान,
छा जाएगा जब
हर तरफ योग
किसी को नहीं होगा तब
किसी तरह का कोई रोग।
रखे स्वस्थ तन मन धन को
यह चमत्कारिक वैदिक योग।

# ब्रिक्स सम्मेलन में विश्व क्षितिज पर भारत को मिलेगी नई मजबूती



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

दक्षिण अफ्रिका के जोहान्सबर्ग में 22 से 24 अगस्त के बीच होने वाले ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सदस्य देश के राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर सम्मेलन में शिरकत करने के लिए पहुंचें हुऐ थें। इस दौरान दक्षिण अफ्रीका में आयोजित ब्रिक्स देशों के तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में भारत के अलावा चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी शामिल हुए थें।

दरअसल ब्रिक्स देशों का सम्मेलन इसलिए भी खास रहा, क्योंकि एक बार फिर से एक ही मंच पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का आमना सामना हुआ था।

गौरतलब हो कि एशिया में दो उभरती हुई महाशक्तियों के रूप में भारत और चीन का नाम सबसे ऊपर आता है। ऐसे में यह बात जगजाहिर है कि भारत और चीन के राष्ट्राध्यक्षों को एक दूसरे की बढ़ती हुई ताकत बिल्कुल भी रास नहीं आएगी। लेकिन ब्रिक्स देशों का सदस्य होने के नाते दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों को एक ही मंच पर आना पड़ा है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि आखिरकार ब्रिक्स क्या है?

इसके अलावा ब्रिक्स देशों का महत्व क्या है, कि आखिर चीन और भारत दोनों एक दूसरे के चिर प्रतिद्वंदी होने के बावजूद भी इस शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के लिए पहुचें थें। दरअसल आज के इस लेख में हम ब्रिक्स समूह के बारे में जानने के साथ ही हम यह भी जानने की कोशिश करेंगें की ब्रिक्स देशों का क्या महत्व है? इसके अलावा समूह के सदस्य देश के तौर पर भारत को क्या क्या लाभ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने की उम्मीदें हैं?

### ब्रिक्स देश क्या हैं और वैश्विक स्तर पर इसके महत्व के मायने

दरअसल ब्रिक्स देश दुनिया की अग्रणी उभरती हुई पांच अर्थव्यवस्थाओं वाले देश ब्राजील, रूस, भारत चीन और दक्षिण अफ्रीका का समूह है। दरअसल 2001 में ब्रिटिश अर्थशास्त्री जिम ओनिल ने ब्रिक्स शब्द का प्रयोग ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का वर्णन करने के लिए किया था। हालांकि इसके बाद

## दुनिया के पांच उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत का बढ़ेगा कद

साल 2006 में पहली बार ब्रिक देशों के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक आयोजित की गई थी। इसके अलावा दिसंबर 2010 में दक्षिण अफ्रीका को भी इस समूह का सदस्य बनने के लिए आमंत्रित किया गया था। जबकि यदि हम ब्रिक्स देशों के महत्व की बात करें तो यह समूह दुनिया में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रखता है। दरअसल ब्रिक्स देशों का समूह दुनिया के पांच विकासशील देशों को एक साथ एक मंच पर लाने का काम करता है। ब्रिक्स देशों के वैश्विक महत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ब्रिक्स वैश्विक जनसंख्या का 42 प्रतिशत, वैश्विक जीडीपी का 31 फीसदी और वैश्विक व्यापार का तकरीबन 18 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। नतीजतन ब्रिक्स देशों के समूह का दुनिया की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रगति में काफी ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2023 भारत के लिए कितना महत्वपूर्ण ?

दरअसल दक्षिण अफ्रीका में हाल ही में हुए ब्रिक्स देशों का शिखर सम्मेलन भारत के लिहाज से काफी ज्यादा महत्वपूर्ण साबित हुआ है। दरअसल ब्रिक्स समूह में भारत के अलावा चीन भी उसका सदस्य देश है। हालांकि मौजूदा समय में देखें तो ब्रिक्स देशों में चीन ही सबसे ज्यादा शक्तिशाली देश है। नतीजतन चीन का ब्रिक्स समूह पर प्रभुत्व भी है। लेकिन अमेरिका चीन और रूस जो कि दोनों को अपना दुष्मन मानता है, जबकि भारत को अपना दोस्त मानता है। ऐसे में भारत के लिए अवसर है कि वह ब्रिक्स में चीन के बढ़ते दबदबे को खत्म करके अपना प्रभुत्व स्थापित कर सकें। क्योंकि चीन ब्रिक्स देशों के जरिए ही दुनिया भर में अपनी मुद्रा को मजबूत करके डॉलरको तोड़ना चाहता है।

लेकिन ब्रिक्स देश अपनी साझा मुद्रा का निर्माण करके डॉलरको चुनौती देना चाहतें हैं, ताकी भविष्य में ब्रिक्स देशों की डालर पर निर्भरता खत्म हो सकें। ऐसे में कहीं ना कहीं ब्रिक्स देशों के साझा मुद्रा यानी कामन करेंसी के निर्माण करने के बाद चीन को अपनी मुद्रा युआन के अंतरराष्ट्रीयकरण करने में काफी ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। नतीजतन चीन की मुद्रा युआन के डॉलरके मुकाबले कमजोर पड़ने से भारत को ही सबसे ज्यादा फायदा होगा। ऐसे में कहीं ना कहीं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2023 कई मायनों में भारत के लिए काफी ज्यादा महत्वपूर्ण है।

### ब्रिक्स के जरिए भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का अवसर

दरअसल ब्रिक्स समूह के द्वारा हाल ही में आयोजित हुए शिखर सम्मेलन के जरिए भारत को दुनिया में अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक अच्छा अवसर मिला था।

हालांकि इसमें कोई भी दो मत नहीं कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका भरपूर उचित लाभ भी उठाया। दरअसल ब्रिक्स समूह का सदस्य रूस जहां यूक्रेन पर हमले के बाद दुनिया भर के ज्यादातर देशों की आलोचना का शिकार हो चुका हैं। वहीं दूसरी ओर चीन लगातार अमेरिका के निशाने पर है।

ऐसे में ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के संबंध भारत से पहले ही बेहतर होने की वजह से ये दोनों देश भारत के पक्ष में रहतें हैं। इस लिहाज से ब्रिक्स समूह के दो प्रमुख देश रूस और चीन के दुनिया के ताकतवर देशों के बीच घिरे होने के बाद मौजूदा समय भारत के लिए बहुत ही मुफीद है, ताकि वह ब्रिक्स के जरिए अपने को विश्व क्षितिज पर मजबूती प्रदान कर सकें।

### ब्रिक्स देशों के समर्थन से चीन पर दबाव बढ़ा सकता है भारत

दरअसल ब्रिक्स देशों के समर्थन के जरिए भारत अपने धुर विरोधी चीन को कहीं ना कहीं मात देने की कोशिशों में सफल होता हुआ दिखाई दे रहा है। दरअसल भारत अमेरिका और रूस की मदद से ब्रिक्स समूह के अंदर चीन के ऊपर दबाव बढ़ाने में कामयाब हो सकता है।

क्योंकि मौजूदा समय में जहां अमेरिका चीन के खिलाफ है तो, वहीं रूस का दुनिया भर के ज्यादातर देश विरोध कर रहें हैं। ऐसे में यदि भारत ने रूस के साथ साथ दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील को अपने पक्ष में कर लिया तो चीन बिल्कुल अलग थलग पड़ जाएगा। नतीजतन भारत चीनी सेना के द्वारा आए दिन भारतीय सीमा में अवैध रूप से घुसने और युद्ध की धमकी देने जैसे मुददें पर चीन के उपर दबाव बना सकता है। हालांकि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन को छोड़कर ब्रिक्स के अन्य सभी तीन देशों यानी दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और रूस का भरोसा जीतने में सफल रहे हैं, उसे देखकर तो यह लगता है कि बहुत जल्द ही चीन भारत के दबाव में आ जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### मौलाना कलीम सिद्दीकी को सुप्रीम कोर्ट से राहत

लखनऊ। धर्मांतरण रैकेट चलाने के आरोपी मौलाना कलीम सिद्दीकी की जमानत की शर्तों में बदलाव की मांग पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कलीम सिद्दीकी की जमानत की शर्तों में बदलाव किया है। अब आरोपी अपने भाई के अंतिम संस्कार में शामिल हो सकेगा। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कलीम सिद्दीकी की जमानत रद्द करने की मांग भी की गई है। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मौलाना कलीम सिद्दीकी को जमानत दी थी। इस दौरान कोर्ट ने कहा था कि उन्हें दिल्ली एनसीआर से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने इसमें राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कलीम सिद्दीकी को उत्तर प्रदेश जाने की इजाजत दी। कोर्ट ने कलीम सिद्दीकी को मुजफ्फरनगर स्तिथ गाँव फूलत जाने की अनुमति दी है। कलीम सिद्दीकी ने भाई अलीम सिद्दीकी की मौत हो चुकी है। भाई के अंतिम संस्कार में शामिल होने मौलाना कलीम सिद्दीकी मुजफ्फरनगर स्थित फूलत गांव जाना चाहते थे।

### बलिया में युवती की गोली मार कर हत्या

बलिया। उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के चितबड़ा क्षेत्र में सोमवार भोर अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर एक युवती की सर में गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के रामपुर चिट गांव निवासनी गुड़िया यादव (24) को आज भोर अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर गोली मार दी । घटना के समय युवती के परिजन छत पर सो रहे थे । गोली की आवाज सुनकर नीचे पहुंचे परिजनों ने तीन लोगों को पीछे के दरवाजे से बाहर भागते हुए देखा है। घटना के बाद युवती को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने बताया कि युवती की सर में गोली लगी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । तीन टीमें बनाकर मामले की जांच की जा रही है । जल्द ही घटना का अनावरण करते हुए बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रेललाइन किनारे मिली सिर कटी लाश

अमरोहा। अमरोहा के गजरौला कोतवाली इलाके में सोमवार को एक युवक की सिर कटी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद ब्रज घाट से पहले दिल्ली-लखनऊ रेल लाइन किनारे मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को इकट्ठा किया। काफी खोजबीन के बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। माना जा रहा है कि ट्रेन से गिरने से यह हादसा हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। सीओ अरुण कुमार ने बताया कि सोमवार को पुलिस को ओसिता जगदेपुर के ग्रामीणों ने सूचना दी कि रेल लाइन के किनारे एक युवक की डेडबॉडी पड़ी है। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां देखा कि एक युवक की लाश सिर अलग और धड़ अलग पड़ा हुआ है। शव की शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। तलाशी में कोई भी ऐसी चीज नही मिली, जिससे उसकी पहचान की जा सके। आशंका है कि यह यात्री हो सकता है। जो किसी ट्रेन से नीचे गिर गया है। फिलहाल शव को मॉर्च्युरी में रखवाया गया हैं। शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे है।

### देवरिया में भरे गए खाद्य पदार्थों के नमूने

देवरिया। देवरिया में जिलाधिकारी द्वारा दिए गए आदेशों के अनुपालन में रक्षाबंधन त्यौहार पर आम जनमानस को स्वस्थ और सुरक्षित मिठाइयां तथा अन्य खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के खाद्य सचल दल ने आज देवरिया शहर में छापामार कार्यवाही करते हुए कुल 6 नमूने इकट्ठा किए तथा लगभग 17 हजार रुपए कीमत की दूषित मिठाइयों को नष्ट कराया। शहर के भटवालिया रोड सिविल लाइन के पास परंपरा स्वीट के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया गया तथा वहां पर निर्माण किया जा रहे छेना मिठाई का नमूना विश्लेषण के लिया। टीम ने स्टेशन रोड स्थित माखन भोग मिष्ठान भंडार के परिसर का निरीक्षण कर सफेद छेना जो मानव उपयोग के लिए उचित नहीं लग रहा था, जिसकी मात्रा लगभग 20 किलोग्राम था उसको विक्रेता के द्वारा ही नष्ट करवा दिया गया। प्रतिष्ठान में विक्रय के लिए उपलब्ध पनीर और छेना मिठाई का नमूना लिया। स्टेशन रोड पर आगे 56 भोग स्थित प्रतिष्ठान से भी छेना मिठाई का नमूना इकट्ठा किया। इसके बाद जांच टीम सीसी रोड पहुंची ।यहां पर मद्धेशिया स्वीट्स की निर्माण इकाई का निरीक्षण किया जिसमें निर्माण इकाई पर व्यक्ति गंदगी के लिए सुधार सूचना की नोटिस प्रदान करने की कार्यवाई की।

### 50 रुपए के लिए दोस्त का किया मर्डर

झांसी। झांसी में मात्र 50 रुपए के लिए एक दोस्त की हत्या कर दी गई। पहले दोनों ने एक साथ शराब पी। आरोपी युवक और शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगा। नहीं देने पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इसी झगड़े की रंजिश में आरोपी ने घर जाकर दोस्त के ऊपर लाठी से हमला कर उसकी हत्या कर ली। मामला सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के प्रीतमपुर गांव का है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुट गई। प्रीतमपुर गांव निवासी भागचंद अहिरवार (35) राजमिस्त्री था। बड़े भाई सालिकराम और भतीजे राहुल ने बताया कि भागचंद और पड़ोस में रहने वाला वीरसिंह अहिरवार अच्छे दोस्त थे। दोनों साथ में काम करते थे। रविवार को दिन में दोनों ने एक साथ शराब पी। फिर शाम करीब 7 बजे गांव के चौराहे पर वीर सिंह और शराब पीने के लिए 50-100 रुपए मांगने लगा। मना करने पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर दिया। इसके बाद भागचंद घर आ गए थे। बड़े भाई ने बताया कि रात करीब 11 बजे भागचंद घर के दरवाजे के बाद खाना खाने के लिए बैठे थे।

### झोपड़ी गिरी : मलबे में दबकर महिला की मौत

**बदायूं।** बदायूं में झोपड़ीनुमा घर की दीवार ढहने से सोमवार दोपहर उसमें मौजूद महिला की मलबे में दबकर मौत हो गई। आसपास इलाके के लोगों ने बमुश्किल मलबा हटाकर शव को बाहर निकाला। फिलहाल परिवार के लोग शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर रहे हैं। हादसा जरीफनगर थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव में हुआ। यहां रहने वाले रघुनाथ मजदूरी करके किसी तरह अपने परिवार का खर्च चलाते हैं। गांव में ही झोपड़ी डालकर वह अपनी पत्नी मोहरकली (45) के साथ रहते हैं। सोमवार दोपहर रघुनाथ मजदूरी की तलाश में निकले थे। जबकि मोहरकली उसी झोपड़ी में चूल्हे पर खाना बना रही थीं। बताया जाता है कि अचानक उनकी झोपड़ी की कच्ची दीवार अचानक ढही तो दीवार का मलबा भीतर की ओर गिरा। साथ ही छत का मलबा भी उन पर आ गिरा। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें घंटेभर की मशक्कत के बाद घायलावस्था में बाहर निकाला। बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां डाक्टर ने मृत घोशित कर दिया। दो दिन पहले जिले में हुई भीशण बारिश इस हादसे की वजह बनी है। इलाकाई लोगों के मुताबिक बारिश के कारण दीवार की मिट्टी काफी हद तक बह गई थी। जमीन भी अभी पूरी तरह गीली है। इसी कारण मोहरकली की झोपड़ी गिर गई।

### रामपुर में कांवड़िए की दर्दनाक मौत

रामपुर। रामपुर के भमरोआ के पातालेश्वर मंदिर में कावड़ परिक्रमा करते कांवड़िए को करंट लग गया। करंट लगने से कांवड़िए की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। साथ ही 5 कांवड़िए घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया है। घटना थाना सिविल लाइंस के भमरौआ पातालेश्वर मंदिर की है। इंद्री गाँव का कांवड़िया 22 वर्षीय रवि सैनी हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौटा था। आज सुबह अपने साथियों के साथ वह मंदिर में कांवड़ परिक्रमा कर रहा था कि अचानक लोहे की बैरीकेडिंग में करंट उतर आने से एक कांवड़िए की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य को करंट लगा है। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। घटना की जानकारी पर एडीएम प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य, अपर पुलिस अधीक्षक डा संसार सिंह ने घटना स्थल का जायजा लेकर कहा है कि घटना की मजिस्ट्रियल जांच कराई जाएगी। करंट लगने से एक कांवड़िए की मौत हुई है। एएसपी डा संसार सिंह ने बताया कि मंदिर प्रशासन की लापरवाही की प्रथम दृष्टि में नजर आ रही है। थाना सिविल लाइंस पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा मंदिर प्रशासन के खिलाफ दर्ज कर लिया गया है।

# न सावधानी हटे, न दुर्घटना घटे

## योगी सरकार ने परिवहन निगम को दिए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के निर्देश

लखनऊ। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश की योगी सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। सीएम योगी के निर्देश पर परिवहन निगम के चालकों के एडवांस प्रशिक्षण से लेकर आम लोगों की रोड पर गतिविधियों को देखते हुए रोडवेज चालकों को और अधिक सावधानी बरतने और अलर्ट रहने को कहा गया है। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकने और इसमें कमी लाने के लिए सरकार की ओर से केंद्रीकृत साफ्टवेयर के माध्यम से त्वरित समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।



### अचानक टकराने से होती हैं सर्वाधिक दुघटनाएं

मालूम हो कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कानपुर स्थित प्रशिक्षण संस्थान में प्रदेश में होने वाली दुर्घटनाओं की समीक्षा में पाया गया कि 35.15 प्रतिशत दुर्घटनाएं, मोटर साइकिल, साइकिल, पैदल व्यक्ति, जानवर आदि के अचानक आकर टकराने से, 18.63 प्रतिशत दुर्घटनाएं पीछे से टकराने से, 18.41 प्रतिशत दुर्घटनाएं दाहिनें-बाएं मुड़ने, गलत लेन पर चलने, असुरक्षित लेन परिवर्तन, लापरवाहीपूर्वक चलने, खतरनाक ड्राइविंग, अनुचित मोड़, ट्रैफिक सिगनल से, 17.25 प्रतिशत दुर्घटनाएं आमने-सामने टकराने से होती हैं। समीक्षा में यह भी पाया गया कि 41.14 प्रतिशत दुर्घटनाएं सुबह 06:00 बजे से लेकर दोपहर 03:00 बजे तक तथा 17.61 प्रतिशत दुर्घटनाएं दिन में 12:00 बजे से 03:00 बजे के बीच होती हैं।

परिवहन निगम द्वारा दुर्घटनाओं की त्वरित जानकारी हेतु आईआरएस बनाया गया है। जनवरी, 2022 से जुलाई 2023 तक (19 माह) में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की प्रशिक्षण संस्थान द्वारा समीक्षा की गई, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण चिन्हित किए गए।

### दुर्घटनाओं की हो तुरंत समीक्षा

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निगम बसों के सभी चालकों को और अधिक प्रशिक्षित किए जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि इन कारणों से स्पष्ट है कि चालकों को मोटर साइकिल, साइकिल, पैदल व्यक्ति एवं जानवर की गतिविधियों को भांपते हुए सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की आवश्यकता है, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोका जा सके और इसमें कमी लाई जा सके। परिवहन मंत्री ने आईआरएस व्हाट्सअप ग्रुप पर आने वाली दुर्घटनाओं की जानकारी को साफ्टवेयर के माध्यम से त्वरित समीक्षा करने के निर्देश दिए। इसके लिए केंद्रीयकृत साफ्टवेयर भी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु इससे बेहतर प्लानिंग करने में मदद मिलेगी।

## आजमगढ़ में वांटेड चार गैंगेस्टर गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के देवगांव थाने की पुलिस ने गैंगेस्टर में वांटेड चल रहे चार फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में सात मार्च को पुलिस को सूचना मिली थी की आठ आरोपी गोकशी कर रहे हैं। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित मांस की बरामगदी के साथ ही चाकू, स्कार्पियो और भारी मात्रा में सामान भी बरामद किया था। इस मामले में नसीम, मोहम्मद आकिब, मोहम्मद अकरम, मकसूद अहमद, मोहम्मद शाजिद, जियाद, सुहेब, और मोहम्मद जाहिद का नाम सामने आया था। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था जबकि चार आरोपी फरार हो गए थे जिनकी तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। इस मामले में देवगांव थाने की पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में देवगांव थाने के प्रभारी अनिल सिंह ने यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांटेड नसीम अहमद, मोहम्मद आकिब, मकसूद और मोहम्मद शाजिद को आजमगढ़ के ग्राम कटौली खुर्द से हिरासत में लिया है।

# बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है सरकार : योगी

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बाढ़ पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि डबल इंजन की सरकार उनकी मदद के लिये तैयार खड़ी है और उन्हे चिंता की जरूरत नहीं है।

जिले के अमृतपुर तहसील के राजेपुर क्षेत्र में 300 बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम के दौरान श्री योगी ने कहा कि बाढ़ विभीषिका में जिन लोगों के मकान गिर गए हैं उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराए जाएंगे।

प्रदेश में 700 गांव जहां पिछले कई दिनों से वाढ की चपेट में आ गए हैं वहीं दूसरी ओर सूखे की परिस्थितियां दिखाई दे रही हैं।

उत्तराखंड से अधिक जल आने पर, फर्रुखाबाद जिले की गंगा ब रामगंगा मे आई बाढ से 116 गांव में भारी नुकसान हुआ। इसके साथ ही शाहजहांपुर, बाराबंकी, बदायूं, अयोध्या में भी गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित गांव में जिन किसानों की फसले चौपट हो गई हैं, उनका सर्वे कराया जाए ताकि शासन पीड़ित किसानों को उनके हुए नुकसान का मुआवजा मुहैय्या कर सके।

प्रधानमंत्री द्वारा बाढ़ प्रभावित पीड़ितो के प्रति पूर्ण संवेदना दिखाए जाने का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग-अलग क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों के कार्यों की निगरानी जिला प्रशासन के साथ ही क्षेत्रीय मंत्री भी कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ पीड़ितों को दो, दो बार राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए ताकि बाढ़ पीड़ित सही तरीके से अपने जीवन यापन कर सकें।

उन्होंने बताया कि 12 जनपद प्रदेश में ऐसे हैं, जहां सामान्य से अधिक वर्षा हुई। 53 जनपद ऐसे हैं जहां 26 में सामान्य वारिश मे सामान्य से कम तथा 15 जनपदों में वर्ष काफी कम सूखा के हालात उत्पन्न हो गए। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश भर में 80000 लोग बाढ़ की चपेट में आए।

# गोरखपुर में सेक्सटॉर्शन कर वसूले 65 हजार रुपए

**गोरखपुर।** गोरखपुर में एक युवक संग सेक्सटॉर्शन का मामला सामने आया है। एक युवती ने उसे वीडियो कॉल किया। खुद वह न्यूड थी। अपनी बातों में उलझाकर युवक को भी न्यूड कराकर वीडियो बना लिया। फिर उससे ब्लैकमेल कर पैसे मांगने लगी। इसके बाद युवती की तरफ से युवक को एक अंजान कॉल आई। उसने खुद को पुलिसवाला बताया और स्न्ढ्ढक्रहोने धमकी देकर डरा दिया।

फिर युवक से 65 हजार वसूले लिए। घटना रामगढ़ताल इलाके के पथरा के रहने वाले एक युवक के साथ हुई। बात यहीं खत्म नहीं हुई। युवती और उसका साथी दोबारा कॉल करके भी युवक से पैसों की डिमांड कर रहे थे। तंग आकर उसने पुलिस में शिकायत की और मदद की गुहार लगाई। फिलहाल पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। दरअसल, रामगढ़ताल इलाके के पथरा के रहने वाले युवक ने बताया, %कुछ दिन पहले उसके फोन पर प्रिया नाम से लड़की की कॉल किया। हालचाल लेने के बाद वॉट्सऐप नंबर लिया। बात आगे बढ़ी तो फिर वीडियो कॉल भी किया।

लड़की वीडियो कॉल पर न्यूड थी और उसने युवक को बाथरुम भेजकर उसके भी कपड़े उतरा दिए। इस दौरान लड़की ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया।

## संभल में बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

भल। उत्तर प्रदेश में संभल जिले के जुनावई क्षेत्र में खेत पर सो रहे चाचा भतीजे को गोली मार दी गई, जिसमें से चाचा की मौत हो गई तथा भतीजा गंभीर घायल है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप गुनावत ने बताया कि ग्राम लावर के निवासी गंगा सहाय का पुत्र प्रताप (55) एवं रघुवीर का पुत्र उमेश रविवार रात्रि के समय अपने घेर में सो रहे थे कि रात्रि लगभग दो बजे गांव के ही लोगों ने रंजिशन प्रताप एवं उमेश को गोली मार दी। गोली लगने से प्रताप की मौके पर ही मौत हो गई तथा उमेश गंभीर घायल है जिसे उपचार के लिए अलीगढ़ भेजा गया है। पीड़ितों के परिजनों ने वारदात को अंजाम देने की तहरीर गांव के ही पांच लोगों के विरुद्ध दी है।

# यूपी टी-20 लीग के लिए टिकट बिक्री शुरू

## 30 अगस्त को कानपुर सुपर स्टार और नोएडा सुपर किंग्स के बीच पहला मुकाबला

कानपुर। 30 अगस्त से ग्रीनपार्क स्टेडियम में शुरू हो रहे यूपी टी-20 लीग के लिए टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। अभी टिकट ऑनलाइन पेटीएम के जरिए बेचे जा रहे। हालांकि टूर्नामेंट शुरू होने के एक-दो दिन बाद ऑफलाइन काउंटर बनाकर भी टिकटों को बेचा जाएगा। ऑनलाइन टिकटों का रेट 100, 200 और 400 रुपए रखा गया है।

यूपीसीए के सीईओ अंकित चटर्जी ने बताया, 30 अगस्त को कानपुर सुपर स्टार और नोएडा सुपर किंग्स के बीच उद्घाटन मुकाबला शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। 5 बजे से फिल्मी सितारों के बीच रंगारंग उद्घाटन समारोह होगा।

### रणजी खिलाड़ियों को बेहतरीन मौका

यूपी टी-20 लीग की सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें सभी 6 टीमों में ज्यादातर खिलाड़ियों को रणजी टीम से लिया गया है। इससे यूपी के खिलाड़ियों को एक बड़ा प्लेटफॉर्म भी मिल रहा है। प्रदेश के 6 जिलों कानपुर, लखनऊ, गोरखपुर, मेरठ, वाराणसी और नोएडा की टीमें बनाई गई हैं। हर टीम में कई बड़े खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है।

### 30 अगस्त को 5 बजे से होगा पहला मैच

यूपी लीग का पहला मैच 30 अगस्त को कानपुर सुपर स्टार और नोएडा सुपरकिंग्स में होगा। इस मैच से पहले पांच बजे ओपनिंग सेरेमनी भी है। इसमें बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ, अमीषा पटेल, मीत ब्रदर्स अपनी चमक बिखेरेंगे। ऑनलाइन टिकट खरीदने वाले लोगों को अगर दिक्कत होगी तो उनके लिए काउंटर भी ग्रीनपार्क में बनेगा। यूपीसीए नौ गैलरी के टिकट शहरवासियों को बेचेगा।

# ज्ञानवापी-श्रृंगारगौरी केस में 8 सितंबर को होगी अगली सुनवाई

## पांच वादनी महिलाओं के समेकित केस समेत आठ वाद को मिली अगली तारीख

वाराणसी। वाराणसी जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में मंगलवार को ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी के मूल वाद के साथ सात अन्य मामलों की सुनवाई आज टल गई। जिला जज की अदालत में लक्ष्मी देवी, सीता साहू, रेखा पाठक व मंजू व्यास की याचिका पर अगली तारीख मिल गई। इसके अलावा राखी सिंह की याचिका भी उसी तारीख पर सुनी जाएगी। सभी वादी और प्रतिवादी को 8 सितंबर को जिला जज ने तलब किया है।

जिला एवं सत्र न्यायालय में राखी सिंह की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्रों पर आज पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर सुना नहीं जा सका। प्रार्थना पत्र में



ज्ञानवापी परिसर में चल रहे सर्वे में हिंदू प्रतीक चिह्नों को सुरक्षित रखने की मांग की गई थी। यह भी अपील की गई है कि जिन क्षेत्रों में हिंदू प्रतीक चिह्न मिले हैं ।उस क्षेत्र को सुरक्षित और सील किया जाए।

इसमें ज्ञानवापी परिसर में नमाजियों की संख्या को निर्धारित एवं नियमित करने का अनुरोध किया गया है ताकि हिंदू प्रतीक चिह्नों को कोई नुकसान न पहुंचा सके। इस निमित्त सरकार और पक्षकारों को निर्देश देने की मांग की गई है। इसके साथ ही वहां रंगाई और पुताई को प्रतिबंधित करने का मस्जिद पक्ष को आदेश दिया जाए। इससे पहले भी राखी सिंह की ओर से दायर प्रार्थना पत्र के जरिए एक याचिका दाखिल की गई थी।

### सभी वादी-प्रतिवादी को दी जा चुकी याचिका की प्रति

वादिनी राखी सिंह के प्रार्थना पत्र की प्रति मां श्रृंगार गौरी मुकदमे की चार महिलाओं के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के अधिवक्ता रवि कुमार पांडेय, मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता मुमताज अहमद व तौहिद खान एवं राज्य सरकार के अधिवक्ता राजेश मिश्रा को सौंपी जा चुकी है। अधिवक्ताओं ने प्रार्थना पत्र पर अपना पक्ष रखने को समय मांगा, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए 8 सितंबर की तिथि नियत की गई जिसमें इस मामले पर वादी-प्रतिवादी पक्ष के वकील दलील देंगे।

# कानपुर में कॉन्स्टेबल को ट्रक ने कुचला, मौत

**कानपुर।** कानपुर में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार कॉन्स्टेबल को कुचल दिया। सिर पर पहिया चढ़ने से कॉन्स्टेबल जयवीर सिंह (37) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार को रामादेवी चौराहा के पास हुई। कॉन्स्टेबल बाइक से आगे जा रहा था। कॉन्स्टेबल को कुचलने के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग गया। जयवीर सिंह कानपुर के नौबस्ता थाने में तैनात था। बीते कई दिनों से गैरहाजिर चल रहा था। जयवीर ने ही कुछ महीने पहले डीसीपी समेत 11 लोगों के नाम सुसाइड नोट भी लिखा था। जयवीर सिंह सोमवार सुबह करीब 11ः45 बजे रामादेवी चौराहा से गुजर रहे थे। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मारी। वह उछलकर सड़क पर गिरे तो ट्रक का पहिया उनके सिर के उपर से गुजर गया। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची चकेरी पुलिस ने जांच पड़ताल की। मृतक की जेब से पुलिस विभाग का आईकार्ड मिलने से जयवीर की शिनाख्त हुई। चकेरी पुलिस ने हादसे की जानकारी परिवार और अफसरों को दी। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# कानपुर में बहन को बचाने में किशोर गंगा में डूबा

कानपुर। कानपुर में खतरे के निशान से ऊपर चल रही गंगा में नहाना एक परिवार को भारी पड़ गया। सावन के अंतिम सोमवार के चलते परिवार गंगा नहाने बिठूर के सुंदर घाट पर गया था। इस दौरान अपनी बहन को बचाने के चक्कर में एक किशोर गंगा में समा गया। जबकि चीख-पुकार सुन बहन को गोताखोरों ने बचा लिया, लेकिन भाई गंगा में डूब गया और उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा है। कानपुर के मंधना में रहने वाले राजीव उर्फ राजा दुबे गैस एजेंसी संचालक हैं। राजा ने बताया कि सावन का अंतिम सोमवार होने के चलते सोमवार को उनका बेटा उज्ज्वल दुबे (13), चचेरी बहन साक्षी दुबे, सगी बहन आयुषी दुबे और मौसेरी बहन मानसी दुबे समेत परिवार के अन्य लोगों के साथ बिठूर के सुंदर घाट पर गंगा नहाने गया था। उज्जवल, मानसी और आयुषी नहाकर सीढ़ियों पर बैठ गए। इस दौरान साक्षी नहाने के दौरान गंगा में डूबने लगी और उसके हाथ से घाट पर लगी जंजीर भी छूट गई। बहन को डूबता देख उज्जवल ने गंगा में छलांग लगा दी। बहनों की चीख-पुकार सुन घाट पर मौजूद तैराक सुनील पांडेय ने 23 साल की साक्षी को तो बचा लिया, लेकिन उज्जवल का कोई सुराग नहीं मिला। तेज बहाव की चपेट में आने से वह गंगा में समा गया। मामले की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग और बिठूर पुलिस मौके पर पहुंची।

## बागपत में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान

बागपत। बागपत में असामाजिक तत्वों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज की अपमान का मामला सामने आया है जहां असामाजिक तत्वों ने कूड़े के ढेर में राष्ट्रीय ध्वज को फेंक दिया जैसे ही यह बात स्थानीय लोगों को पता चली तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है वही स्थानीय लोगों ने जल्द पैसा असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की है। पूरा मामला खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के नगलाबड़ी गोठड़ा मार्ग का है जहां सुबह के समय घूमने जा रहे ग्राम प्रधान और स्थानीय लोगों ने तिरंगे को कूड़े के ढेर में पड़ा देखा जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की पड़ताल शुरू कर दी।

# प्रेम-प्रसंग में हुई थी 12वीं के छात्र की हत्या

## भतीजी को पेरशान करता था, इसलिए दोस्तों के साथ मिलकर मार डाला

**सहारनपुर।** सहारनपुर में दो दिन पहले हुई 12वीं की छात्र की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, प्रेम-प्रसंग के चलते छात्र की हत्या हुई थी। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। दो अभी फरार है, उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस पूछताछ में एक आरोपी ने बताया कि छात्र उसकी भतीजी को फोन कर आए दिन परेशान करता था। रास्ते में रोककर छेड़छाड़ भी करता था। छात्र को कई बार समझाया, लेकिन वह हरकतों से बाज नहीं आ रहा था इसलिए दोस्तों के साथ मिलकर उसको जान से मारने का प्लान बनाया। थाना नकुड़ के गांव सहसपुर जट्ट का रहने वाला अजय कुमार (19) 12वीं का छात्र था। 26 अगस्त को वह अपने दोस्त शोएब के



साथ जिम गया था। कुछ देर बाद कुछ युवक अजय को जिम से बुलाकर अपने साथ ले गए और उसके करीब दो घंटे बाद अजय रामगढ़ बिजलीघर के पास लहूलुहान हालत में मिला।

### अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ा

घरवाले उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने छात्र की हत्या का आरोप लगाते हुए घटना की जानकारी पुलिस को दी। अगले दिन पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर अजय, विशाल निवासी गांव नानूवाला, सूरज, शेखर पुत्र विजेंद्र निवासी गांव बाधी, तनवीर सैनी निवासी गांव भूरीबांस के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

# आजमगढ़ में टिकटों को ब्लैक करने वाला गिरफ्तार, एक फरार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले में रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने रेलवे के टिकटों को ब्लैक करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव और मंडल सुरक्षा आयुक्त डा. अभिषेक के नेतृत्व में वाराणसी टीम ने यह कार्रवाई की। रेलवे की साइबर सेल पुणे द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर रेलवे सुरक्षा पोस्ट आज़मगढ़ के सब इंस्पेक्टर संजय कुमार शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक लोकनाथ तथा सीआईबी वाराणसी के उप निराक्षक हरीश चंद ने सुरक्षा बल के जवानों के साथ आजमगढ़ स्थित सिद्धार्थ कम्युनिकेशन पर छापा मारकर दूकान संचालक मनोज सरोज पुत्र- रामदुलार सरोज निवासी ग्राम - जहांगीर नगर वार्ड नंबर 7 मेहनगर थाना-मेंहनगर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक आरोपी मनीष मौर्या फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

इस बारे में जानकारी देते हुए जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि आरोपी को रेलवे की धारा 143 रेलवे अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त से मौके पर एक लैपटॉप, एक प्रिंटर, एक मोबाइल व अन्य जामा तलाशी में कैश-1900/-तथा 33 अदद रेलवे ई टिकट जिसकी कुल कीमत 61062.12 रुपया बरामद किया।

### प्रतापगढ़ में बुजुर्ग महिला की पीट-पीटकर हत्या

प्रतापगढ़। खेल के दौरान बच्चों का विवाद शांत करने पहुंची बुजुर्ग महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बुजुर्ग महिला की उम्र 92 साल बताई जा रही है। आरोप है कि पड़ोसियों ने महिला को लाठी-डंडे से पीट दिया। इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बुजुर्ग की मौत के बाद गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया।आरोपियों की तलाश की जा रही है। पूरा मामला अंतू थाना क्षेत्र के पर हमीरपुर के भुवालपुर गांव का है। यहां कोटरा देवी के पति का काफी पहले निधन हो चुका था। शनिवार की शाम उसके परिवार के बच्चों का पड़ोस की सुदामा देवी के बच्चों से विवाद हो गया। इस दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों घरों के बड़े लोग भी आपस में भीड़ गए।

## शार्ट न्यूज

### जियो के लिए एक लाख करोड़ रुपये का निवेश लक्ष्य

मुंबई। देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो के लिए एक लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य तय किया गया है। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने आज यहां वार्षिक आम सभा को संबोधित करते हुये कहा कि जियो के लिए कंपनी का एक लाख करोड़ रुपये का निवेश लक्ष्य है। जियो नए भारत के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन का प्रतीक है और इसने अपने लक्ष्य की ओर बड़े कदम बढ़ाए हैं। जियो 5 जी का रोलआउट विश्व में किसी भी कंपनी का सबसे तेज 5जी रोलआउट है। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2023 तक पूरे भारत में जियो की 5जी सेवाएं मिलने लगेंगी। जियो भारत के जरिए यूपीआई पेमेंट्स को भी बढ़ाया जाएगा। जियो के इस्तेमाल से हर भारतीय का आत्मविश्वास बढ़ेगा क्योंकि वो नए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का सबसे पहले फायदा उठा पाएगा। अंबानी ने कहा कि जियो का नए भारत की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान हो रहा है। देश में औसत यूजर 25 जीबी डेटा हर दिन यूज करता है और देश के कुल 5 जी नेटवर्क यूज में 85 फीसदी हिस्सा जियो का है। जियो के जरिए दुनिया में सबसे तेजी से भारत में 5जी नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है।

### जनधन योजना की अगुवाई में डिजिटल बदलाव से वित्तीय समावेशन में आयी क्रांति

नयी दिल्ली। सभी देशवासियों विशेषकर बैंकिंग सेवायें से वंचितों को वित्तीय तंत्र की मुख्य धारा में शामिल करने और वित्तीय समावेशन को गति देने के उद्देश्य से शुरू की गयी 'प्रधानमंत्री जन धन योजना ' के राष्ट्रीय मिशन के सफल कार्यान्वयन के आज नौ साल पूरे हो गए हैं और अब इस मिशन के तहत 50 करोड़ से अधिक खाते खुले हैं जिनमें 2.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से इस योजना की घोषणा की थी और 28 अगस्त 2014 को इसकी शुरूआत की गयी। इस योजना के नौ वर्ष पूर्ण होने के मौके पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पीएमजेडीवाई की अगुवाई में ठोस उपायों के 9 साल के महत्वपूर्ण दौर और डिजिटल बदलाव ने भारत में वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी है। यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि जन धन खाते खोलकर 50 करोड़ से भी अधिक लोगों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है। इन खातों में से लगभग 55.5 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं, और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण/अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इन खातों में कुल जमा राशि बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक हो गई है। इसके अलावा, इन खातों के लिए लगभग 34 करोड़ 'रुपे कार्ड' बिना शुल्क के जारी किए गए हैं, जिसके तहत 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर भी प्रदान किया जाता है।

### ईडी ने दायर किया नया आरोप-पत्र, बंगाल के पूर्व डीजीपी और पूर्व सीपीएम विधायक का नाम

**नई दिल्ली।** सारदा समूह धनशोधन मामले में ईडी ने नया आरोप-पत्र दाखिल किया है। इस मामले में पश्चिम बंगाल के एक पूर्व डीजीपी और माकपा के एक पूर्व विधायक को आरोपी बनाया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने सारदा समूह धनशोधन मामले में नया आरोप-पत्र दायर किया है और एक पूर्व डीजीपी तथा माकपा के एक पूर्व विधायक को आरोपी बनाया है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि दूसरी पूरक अभियोजन शिकायत 21 अगस्त को कोलकाता में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत के समक्ष दायर की गई थी और अदालत ने उसी दिन आरोप-पत्र पर संज्ञान लिया था। ताजा आरोप-पत्र में पश्चिम बंगाल सशस्त्र पुलिस के पूर्व डीजीपी रजत कुमार मजूमदार, भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी और माकपा के पूर्व विधायक देबेंद्रनाथ बिस्वास, ईस्ट बंगाल क्लब की कार्यकारी समिति के सदस्य देबब्रत सरकार और संधीर अग्रवाल, सज्जन अग्रवाल, नरेश बलोदिया और अनुभूति प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड को आरोपी बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि यह कंपनी असम के पूर्व कैबिनेट मंत्री और राज्य कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष दिवंगत अंजन दत्ता के स्वामित्व वाली है।

### पहली तिमाही में करेंट अकाउंट डेफिसिट जीडीपी का एक प्रतिशत रहेगा: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** व्यापार घाटा कम होने के साथ भारत का चालू खाते का घाटा अप्रैल-जून तिमाही में घटकर करीब 10 अरब डॉलर रहने की संभावना है, जो सकल घरेलू उत्पाद का एक प्रतिशत होगा। एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है। इंडिया रेटिंग्स ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में व्यापार घाटा कम होने से चालू खाते के घाटे में गिरावट आने का अनुमान है। पिछले साल की समान तिमाही में यह 18 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 2.1 प्रतिशत था। हालांकि, वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में रेटिंग एजेंसी को चालू खाते का घाटा बढ़ने की आशंका है। आठ तिमाहियों के बाद पहली बार वस्तु निर्यात जुलाई-सितंबर तिमाही में 100 अरब डॉलर के नीचे आ सकता है। इस अवधि में आयात 163 अरब डॉलर रहने का अनुमान है जिसमें कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी की बड़ी भूमिका है। ऐसी स्थिति में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में व्यापार घाटा 64 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में मांग नरम पड़ने से सेवाओं की मांग भी हल्की पड़ी है। इससे दूसरी तिमाही में सेवाओं का व्यापार अधिशेष 36 अरब डॉलर पर ही बने रहने का अनुमान है।

### मोदी सरकार के कार्यकाल में नौ संगठित क्षेत्रों में डेढ़ करोड़ से ज्यादा लोगों को दी नौकरियां

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि 2014 में देश की बागडोर संभालने वाली नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी, मैन्युफैक्चरिंग, व्यापार और परिवहन समेत नौ संगठित क्षेत्रों में डेढ़ करोड़ से ज्यादा रोजगार पैदा हुए हैं। यादव ने सीमा सुरक्षा बल के इंदौर स्थित केंद्रीय आयुध एवं युद्ध कौशल विद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में कहा,' मोदी सरकार के कार्यकाल में कृषि क्षेत्र के अलावा सूचना प्रौद्योगिकी, मैन्युफैक्टरिंग, व्यापार, परिवहन, शिक्षा, अतिथि सत्कार और चिकित्सा समेत नौ संगठित क्षेत्रों में डेढ़ करोड़ से ज्यादा रोजगारों का सृजन किया गया है।' उन्होंने कहा कि गुज़रे नौ बरस के दौरान देश में विनिर्माण क्षमताओं के विस्तार के साथ ही नये उद्योगों का पंजीयन और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में नये सदस्यों का पंजीयन बढ़ा है जो रोजगारों की सकारात्मक वृद्धि दर को दर्शाता है। यादव ने कहा, 'नौ साल पहले भारत दुनिया की पांच सबसे ज्यादा डगमगाती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार होता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अब भारत दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है।' उन्होंने यह भी बताया कि सरकार के 'ई-श्रम' पोर्टल पर पिछले एक साल के भीतर असंगठित क्षेत्र के 29 करोड़ कामगारों का पंजीयन किया गया है जिनमें सुदूर गांवों के श्रमिक भी शामिल हैं।


### जालान-कॉलरॉक को 350 करोड़ रुपये के भुगतान के लिए और समय मिला

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने दिवालिया हो चुकी एयरलाइन जेट एयरवेज ( के कर्जदाताओं को 350 करोड़ रुपये के भुगतान के लिए जालान-कालरॉक गठजोड़ को 30 सितंबर तक की मोहलत दे दी है। अपीलीय न्यायाधिकरण की तीन-सदस्यीय पीठ ने भुगतान की समयसीमा बढ़ाने के लिए गठजोड़ की तरफ से दायर अर्जी स्वीकार करते हुए 30 सितंबर तक भुगतान करने को कहा। इसके अलावा पीठ ने 350 करोड़ रुपये के भुगतान में 150 करोड़ रुपये की राशि प्रदर्शन बैंक गारंटी से समायोजित करने पर भी अपनी सहमति दी। कर्ज समाधान प्रक्रिया में विजेता बोलीकर्ता के तौर पर उभरे जालान-कालरॉक गठजोड़ ने NCLT के समक्ष दायर अपने हलफनामे में 31 अगस्त तक 100 करोड़ रुपये का भुगतान करने के साथ 30 सितंबर तक 100 करोड़ रुपये के एक अन्य भुगतान की भी प्रतिबद्धता जताई थी। कर्जदाताओं को दिए जाने वाले 350 करोड़ रुपये में से बाकी 150 करोड़ रुपये की राशि PBG के मद से समायोजित करने का अनुरोध भी गठजोड़ ने किया था।

# रिलायंस की पांच वर्षों में 100 सीबीजी संयंत्र लगाने की घोषणा

**मुंबई।** पेट्रो रसायन , रिटेल, दूरसंचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में लगाये गये पहले कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र के परिणामों से उत्साहित होकर अगले पांच वर्षों में देश में ऐसे 100 संयंत्र लगाने की आज घोषणा की।

कंपनी के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने आज यहां वार्षिक आम बैठक में यह घोषणा करते हुये कहा कि एक साल पहले जैव ऊर्जा के क्षेत्र में उतरने वाली रिलायंस पराली से ईंधन बनाने का काम करती है। इसके लिए रिलायंस ने स्वदेशी तौर पर कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) तकनीक विकसित की है। इस तकनीक का विकास रिलायंस की जामनगर स्थित रिफाइनरी में किया गया। उन्होंने कहा हमने रिकॉर्ड 10 महीने में उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में प्लांट लगाया है, हम तेजी से पूरे भारत में 25 प्लांट और लगाएंगे। हमारा लक्ष्य अगले 5 वर्षों में 100 से अधिक प्लांट लगाने का है। इन प्लांट में 55 लाख टन कृषि-अवशेष और जैविक कचरा खप जाएगा। जिससे लगभग 20 लाख टन कार्बन उत्सर्जन कम



होगा और सालाना 25 लाख टन जैविक खाद का उत्पादन होगा। उल्लेखनीय है कि देश में लगभग 23 करोड़ टन गैर-मवेशी बायोमास (पराली) का उत्पादन होता है और इसका अधिकांश भाग जला दिया जाता है। जिससे वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ता है। सर्दियों के दौरान राजधानी दिल्ली समेत कई भारतीय शहर पराली जलाने के कारण गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में आ जाते हैं। रिलायंस की इस पहल से वायु प्रदूषण में खासी कमी आने की उम्मीद है।

पवन ऊर्जा के क्षेत्र में भी रिलायंस उतरने को तैयार है। पवन चक्कियों के ब्लेड बनाने में इस्तेमाल होने वाले कार्बन फाइबर का बड़े पैमाने पर निर्माण कर, कंपनी इन ब्लेड की कीमत कम रखना चाहती है। इसके लिए रिलायंस दुनिया भर की विशेषज्ञ कंपनियों से हाथ मिला रही है। रिलायंस का लक्ष्य 2030 तक कम से कम 100 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का है।

### रिलायंस रिटेल में एक हजार करोड़ का निवेश: ईशा अंबानी

देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की रिटेल कारोबार करने वाली इकाई रिलायंस रिटेल ने पिछले एक वर्ष एक हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है और 3800 स्टोर शुरू किये गये हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज की आज यहां वार्षिक आम सभा को संबोधित करते हुये रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की निदेशक ईशा अंबानी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले साल कंपनी के स्टोरों में 78 करोड़ फुटफॉल रिकॉर्ड किया गया है। उन्होंने कहा कि रिलायंस रिटेल इस समय दुनिया का सबसे बड़ा रिटेल एंप्लॉयर है। इसकी पहुंच 30 फीसदी भारतीयों तक है। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी ने 5 लाख लैपटॉप बेचे हैं। वहीं अपैरेल की बात करें तो वित्त वर्ष 2023 के दौरान 54 करोड़ अपैरेल बेचे हैं।

# 63वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी शुरू, 20 कलाकार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

नयी दिल्ली। ललित कला अकादमी द्वारा शुरू की गई 63वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी (एनईए) के शुभारंभ के साथ ही आज यहां देश भर के 20 कलाकारों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अभिनेता मनोज जोशी ने इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अकादमी के अध्यक्ष प्रो.वी.नागदास ने की। इस समारोह में मंगोलिया के राजदूत डी गनबोल्ड, इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन, इजरायल दूतावास की संस्कृति अटैचे सुश्री रेयूमा मंत्जुर, हंगरी सांस्कृतिक केंद्र दिल्ली के डायरेक्टर/काउंसलर संस्कृति सुश्री डॉ मारियन एर्डो, अल्जीरिया के राजदूत डॉ अली आचोई, स्पेन के राजदूत जोसे मारिया रिडाओ डोमिंगेज़ जैसी हस्तियां मौजूद थी।

सभी बीस राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकारों को शॉल, प्रशस्ति प्रमाण पत्र और दो लाख रुपये से सम्मानित किया गया। सम्मानित कलाकारों में अभिप्सा प्रधान (दिल्ली), आकाश विश्वास (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह), अनामिका सिंह (उत्तरप्रदेश), अनस सुल्तान (उत्तर प्रदेश), आरती पालीवाल (दिल्ली), भाऊराव बोदाडे (मध्यप्रदेश), चुगुली कुमार साहू (ओडिशा), दीपक कुमार (हरियाणा), दीपक कुमार (उत्तर प्रदेश), जान्हवी खेमका (उत्तर प्रदेश), किरण अनिला शेरखाने (कर्नाटक), कुमार जिगीशु (दिल्ली), महेंद्र प्रताप दिनकर (दिल्ली), नागेश बालाजी गाडेकर (गुजरात), नरोत्तम दास (ओडिशा), पंकज कुमार सिंह (उत्तर प्रदेश), पवन कुमार (हरियाणा), प्रियौम तालुकदार(असम), समा कंथा रेड्डी (आंध्र प्रदेश) और सोमेन देबनाथ (त्रिपुरा) शामिल है। इस अवसर पर श्री जोशी ने कहा- कला एक असीमित क्षेत्र है। मनुष्य की प्रत्येक अभिव्यक्ति कला है, जब यह हमारे शरीर और पहनावे के माध्यम से व्यक्त होता है तो यह अभिनय बन जाता है और जब यह अन्य सामग्रियों और माध्यमों से व्यक्त होता है तो यह दृश्य कला बन जाता है। दृश्य कला आज रचनात्मकता और सामग्रियों की विभिन्न धाराओं का मिलन बिंदु है। समकालीन कलाकार हमेशा नए माध्यमों और सामग्रियों के साथ प्रयोग करते रहते हैं। इस क्रम में आज का नवीनतम चलन एआई यानी आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस कि बदौलत तैयार कलारूपों को रखा जा रहा है। हमारे रोजमर्रा के जीवन से लेकर फिल्मों तक, विज्ञान से लेकर स्वास्थ्य सेवा तक, मोटर वाहनों के निर्माण से लेकर जीवन शैली तक,आज इस एआई की उपस्थिति हमारे चारों तरफ है। लेकिन इन सबके बावजूद रचनात्मकता में मानव हृदय और हाथों की भागीदारी को कोई कम नहीं कर सका और न कर सकता है। मैं इस 63वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के सभी प्रतिभागियों और पुरस्कार विजेताओं की उनके योगदान के लिए सराहना करता हूं। प्रो नागदास ने कहा कि ललित कला अकादमी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वसुधैव कुटुंबकम के दर्शन को साकार करने की दिशा में काम करने वाली भविष्यवादी और प्रगतिशील संस्था है। श्री मोदी न केवल देश में बल्कि विश्व में शांति और सद्भाव प्राप्त करने में सांस्कृतिक कूटनीति के प्रभावों के महत्व को रेखांकित करते रहे हैं। कला नरम कूटनीति का एक सशक्त माध्यम है। और ललित कला अकादमी में हम कला की सेवा के माध्यम से पूरी दुनिया में शांति और सद्भाव का संदेश फैलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा हम विंसेंट वान गॉग की कहानियों को जीना पसंद करते हैं जिन्होंने जीवन भर आर्थिक रूप से संघर्ष किया था। लेकिन हम राजा रवि वर्मा को भूल जाते हैं जो एक राजा की तरह रहते थे और अपनी कला का प्रदर्शन करते थे। कलात्मक संघर्ष का मतलब आर्थिक रूप से संघर्ष करना नहीं होना चाहिए। हम युवा प्रतिभाओं को खोजने, उन्हें अवसर प्रदान करने और उन्हें पर्याप्त पुरस्कार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जी20 सम्मेलन के समय बाजार बंद रखवाने के प्रस्ताव पर पुनर्विचार की अपील

**मुंबई।** संगठित खुदरा कारोबार करने वाली फर्मों के मंच रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) ने जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान दिल्ली में कार्यालय और कारोबार में चौतरफा अवकाश के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हुए कहा है कि दुकान, माल तथा रेस्त्रां खोलने की पाबंदी समय और स्थान के हिसाब से लागू करना उचित होगा।

जी20 शिखर सम्मेलन 8-10 सितंबर के बीच आयोजित किया जा रहा है।

आरएआई ने सोमवार को एक बयान में कहा कि फोरम दिल्ली में तीन दिन के सार्वजनिक अवकाश के निर्णय का समर्थन करता है, लेकिन चाहता है कि सम्मेलन के दौरान खुदरा दुकानों, मॉल और रेस्तरां के काम-काज को तीन दिन के लिए पूरी तरह बंद रखने के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की जरूरत है।

संगठन ने कहा कि दिल्ली खुदरा खरीदारी की एक अच्छी जगह के रूप में जाना जाता है। दुकान-डलिया और होटल-रेस्त्रां बंद होने से विदेशी मेहमान दिल्ली में खरीदारी की संस्कृति के अनुभव से वंचित हो सकते हैं।

आरएआई का कहना है कि यह पाबंदी नपे-तुले अंदाज में लगायी जा सकती है। ऐसा करते हुए चौतरफा रोक के बजाय सम्मेलन की दृष्टि से व्यस्त समय और सम्मेलन स्थल के आस पास के इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियों को मानक प्रक्रिया अपनाते हुए निलंबित किया जा सकता है।

आरएआई के सीईओ कुमार राजगोपालन ने टिप्पणी की, 卐 खुदरा कारोबार दिल्ली की एक सांस्कृतिक पहचान है। खुदरा प्रतिष्ठानों पर जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान चौतरफा बंद करने से नुकसान होगा। इस दौरान आने वाले अंतरष्ट्रीय मेहमान खरीदारी और पाक कला के दृश्यों का अनुभव करने से वंचित रह जाएंगे।

उन्होंने कहा, हम आग्रह करते हैं दिल्ली सरकार सेल इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान खुदरा परिचालन की कम से कम आंशिक अनुमति देगी। एआरआई का दावा है कि वह 13,667 से अधिक खुदरा व्यवसायों का प्रतिनिधित्व करती है। इसमें छोटे स्थानीय स्टोर से लेकर भव्य शॉपिंग मॉल शामिल हैं।

### अग्निसह केबलों, 'कास्ट आयरन उत्पादों' के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने सोलर डीसी केबल एंड फायर सर्वाइवल (अग्निसह) विद्युत केबल और कास्ट आयरन उत्पादों के लिए दो नए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) अधिसूचित किए हैं। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि शुक्रवार को अधिसूचित ये आदेश अधिसूचना की तिथि से छह महीने में प्रभावी होंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सोलर डीसी केबल और फायर सर्वाइवल केबल (क्वालिटी कंट्रोल) ऑर्डर, 2023 में सौर बिजली प्रणालियों में लगाए जाने वाले बिजली के केबल शामिल है जिन्हें सौरपाल की श्रृंलाओं को आपस में जोड़ने में उपयोग किया जाता है। फायर सर्वाइवल केबल को प्रत्यक्ष आग के तहत एक निर्धारित न्यूनतम अवधि के लिए उच्च तापमान को सहन करने के लिए डिज़ाइन किया जाता है। इसका उपयोग परमाणु ऊर्जा संयंत्रों, हवाई अड्डों, मेट्रो रेल, रिफाइनरियों, ऊंची इमारतों, शॉपिंग मॉल और सिनेमा थिएटरों आदि में भी किया जाता है। कास्ट आयरन उत्पाद (क्वालिटी कंट्रोल) ऑर्डर, 2023 में विभिन्न कच्चा लोहा उत्पादों जैसे मैनहोल कवर, कास्ट आयरन पाइप, मॉलेबल आयरन फिटिंग और ग्रे आयरन कास्टिंग से संबंधित मानक शामिल हैं। इन गुणवत्ता मानकों की अधिसूचना से पहले इन पर संबंधित हितधारकों से परामर्श आयोजित किए गया था और प्रतिक्रिया तथा सुझाव आमंत्रित करने के लिए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की वेबसाइट पर 60 दिनों के लिए रखा गया था। बयान में कहा गया है कि घरेलू लघु/सूक्ष्म उद्योगों के सुरक्षोपाय के लिए, क्यूसीओ के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने और व्यापार करने में सुगमता के लिए, कास्ट आयरन उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश में समय-सीमा के संदर्भ में लघु/सूक्ष्म उद्योगों को छूट दी गई है।

# सोलह समूहों में हुई लिवाली से शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई।** चीन के अपने संकटग्रस्त बाजार को सहारा देने के लिए उपायों की घोषणा करने के बाद विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, दूरसंचार, कैपिटल गुड्स और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार में तेजी लौटी आई।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 110.09 अंक की तेजी लेकर 64,996.60 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 40.25 अंक चढ़कर 19,306.05 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.59 प्रतिशत चढ़कर 30,899.36 अंक और स्मॉलकैप 0.67 प्रतिशत उछलकर 36,298.44 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3907 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2066 में तेजी जबकि 1676



में गिरावट रही वहीं 165 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी 32 कंपनियां हरे जबकि शेष 19 लाल निशान पर रही।

बीएसई के 16 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.63, सीडी 0.53, वित्तीय सेवाएं 0.57, हेल्थकेयर 0.79, इंडस्ट्रियल्स 1.09, दूरसंचार 0.87, यूटिलिटीज 0.70, ऑटो 0.65, बैंकिंग 0.55, कैपिटल गुड्स 1.37, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.03, धातु 0.47, तेल एवं गैस 0.20, पावर 0.63, रियल्टी 0.95 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.07 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.07, जर्मनी का डैक्स 0.39, जापान का निक्केई 1.73, हांगकांग का हैंगसेंग 0.97 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.13 प्रतिशत चढ़ गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 22 अंक बढ़कर 64,908.08 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होन से थोड़ी देर बाद 64,776.92 अंक के निचले स्तर पर आ गया। इसके बाद हुई लिवाली से यह लगातार बढ़ता हुआ दोपहर बाद 65,213.45 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 64,886.51 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 64,996.60 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 33 अंक उठकर 19,298.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,366.85 अंक के उच्चतम जबकि 19,249.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,265.80 अंक के मुकाबले 0.21 प्रतिशत चढ़कर 19,306.05 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की तेजी में रही 16 कंपनियों में से पावरग्रिड ने सबसे अधिक 2.50 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही एलटी 2.09, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.95, एचडीएफसी बैंक 1.01, सन फार्मा 0.89, मारुति 0.87, एक्सिस बैंक 0.68, टाटा स्टील 0.60, कोटक बैंक 0.58, इंडसइंड बैंक 0.58, एसबीआई 0.45, अल्ट्रासिमको 0.41, बजाज फाइनेंस 0.35, एनटीपीसी 0.28, आईसीआईसीआई बैंक 0.04 और एशियन पेंट के शेयर भी 0.02 प्रतिशत मजबूत रहे।

वहीं, रिलायंस 1.11, नेस्ले इंडिया 0.97, एचसीएल टेक 0.67, टाइटन 0.59, आईटीसी 0.56, टाटा मोटर्स 0.54, भारती एयरटेल 0.50, विप्रो 0.49, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.48, टेक महिंद्रा 0.42, इंफोसिस 0.33, बजाज फिनसर्व 0.30, जियो फाइनेंस 0.28, टीसीएस 0.17 और जेएसडब्ल्यूएस स्टील ने 0.01 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# भारत पेट्रोलियम की 1.5 लाख करोड़ के निवेश की योजना

**नयी दिल्ली।** तेल विपणन करने वाली देश की प्रमुख कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने क्षमता बढ़ाने, नेटवर्क का विस्तार करने और अपने हरित पोर्टफोलियो को बढ़ाने सहित अन्य कार्यों के लिए अगले पांच वर्षों में 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की आज घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी ने नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन रोडमैप भी तैयार किया है जिसमें नवीकरणीय क्षमता की स्थापना शामिल है।

कंपनी के अध्यक्ष जी कृष्णकुमार ने कंपनी की 70वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि बीपीसीएल ने अपने फोकस क्षेत्र का पुनर्मूल्यांकन और प्राथमिकता तय की है। इसने %प्रोजेक्ट एस्पायर% पेश किया है जो %नर्चरिंग द कोर% और %फ्यूचर बिग बेट्स% के प्रमुख विषयों पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि %नरचरिंग द कोर% के तीन मूलभूत स्तंभ हैं- रिफाइनिंग, मार्केटिंग और अपस्ट्रीम। फ्यूचर बिग बेट्स पांच प्रमुख क्षेत्रों पर आधारित है गैस, गैर-ईंधन खुदरा बिक्री, पेट्रोकेमिकल्स, हरित ऊर्जा व्यवसाय और डिजिटल वेंचर्स।

रिफाइनिंग के तहत कंपनी ने बीना रिफाइनरी की क्षमता वर्तमान में 78लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) से बढ़ाकर 11 एमएमटीपीए करने की परियोजना को मंजूरी दे दी है।

उन्होंने कहा कि अपने बुनियादी ढांचे के नेटवर्क का विस्तार करने के उद्देश्य से, बीपीसीएल लगभग 2,753 करोड़ रुपये के निवेश से पाइपलाइनों के साथ पीओएल और एलओबीएस प्रतिष्ठान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए वैश्विक प्रयास की आवश्यकता और 2070 तक नेट-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के देश के उद्देश्य स्कोप 1 और स्कोप 2 ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) के लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

श्री कृष्णकुमार ने कहा कि बीपीसीएल की योजना आने वाले पांच वर्षों में 7,000 ऊर्जा स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग सुविधाएं प्रदान करने की है। कंपनी 2025 तक 1 गीगावाट (जीडब्ल्यू) और 2040 तक 10 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बनाने की इच्छा रखती है जिसमें जैविक और अकार्बनिक दोनों माध्यम शामिल होंगे। जैव ईंधन क्षेत्र में, इस वर्ष पेट्रोल में 10.6 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण हासिल करने के बाद, कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में मिश्रण को 12 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बनाई है और 2025 तक 20 प्रतिशत मिश्रण तक पहुंचने का प्रयास किया जायेगा।

### रिलायंस बोर्ड : नीता अंबानी बाहर: ईशा, आकाश और अनंत शामिल

मुंबई । देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल से नीता अंबानी ने इस्तीफा दे दिया जबकि अंबानी परिवार की अगली पीढ़ी ईशा अंबानी, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी को इसमें शामिल कर लिया गया है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक में निदेशक मंडल ने श्रीमती नीता अंबानी के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की वार्षिक आमसभा में कंपनी के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने यह जानकारी दी।मुकेश अंबानी अगले पांच वर्षों तक अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बने रहेंगे। निदेशक मंडल में हुये इस बदलाव पर मुकेश अंबानी ने कहा, बोर्ड की बैठक में ईशा अंबानी, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल में शामिल करने की सिफारिश की गई। मैं गर्व से कह सकता हूं कि उन्होंने समर्पण, प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत से यह उपलब्धियां हासिल की हैं। अन्य निदेशकों के साथ मिलकर, वे रिलायंस समूह को नेतृत्व देने और हमारे सभी व्यवसायों का मार्गदर्शन करने के लिए एक टीम के रूप में काम करेंगे।

# 10 वर्षों में 150 अरब डालर का किया निवेश

मुंबई। पेट्रो रसायन, रिटेल से लेकर दूरसंचार तक कारोबार करने वाली देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने पिछले 10 वर्षों में 150 अरब डॉलर का निवेश किया है।

कंपनी के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने आज यहां वार्षिक आम बैठक में यह जानकारी देते हुये कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज केवल एक कॉरपोरेट नहीं रह गया है, ये एक भारतीय संस्थान बन गया है। ये भारतीयों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। नया रिलायंस भारत के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। अंबानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस पर दिए भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि नया भारत ना रुकता है, ना थकता है और ना हारता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज अपने ग्रह, धरती, देश और कंपनी के तमाम निवेशकों का ध्यान रखता है। नया रिलायंस भारत की ग्रोथ में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपने न्यू एनर्जी कारोबार में 75,000 करोड़ रुपये का निवेश कर लिया है। वहीं जामनगर रिफाइनरी का कैमिकल प्रोडक्शन पर फोकस बना हुआ है। कंपनी के न्यू एनर्जी बिजनेस के लिए आरआईएल लगातार नए निवेश पर फोकस कर रही है। अंबानी ने कहा कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के बीमा आदि कारोबार में उतरने की योजना बताते हुये कहा कि इसके जरिए 142 करोड़ भारतीयों को फाइनेंशियल सर्विसेज दी जाएंगी। जेएसएफल ने ऐसेट मैनेजमेंट बिजनेस के लिए ब्लैकरॉक के साथ संयुक्त उपक्रम बनाया है।

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज देश में बड़े वित्तीय विकास को बढ़ावा देगा। जिस तरह रिलायंस रिटेल और जियो ने सफलतापूर्वक अपने विकास को दिखाया है, उसी तरह जेएसएफएल वित्तीय क्षेत्र में अपना सिक्का जमाएगा।

नई दिल्ली
मंगलवार 29 अगस्त 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### 4×400 मीटर रिले में पांचवें स्थान पर रहा भारत

बुडापेस्ट। मोहम्मद अनस, अमोज जेकब, मोहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय टीम ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 की 4 गुना 400 मीटर रिले दौड़ में पांचवां स्थान हासिल किया है। क्वालीफिकेशन राउंड में एशियाई रिकॉर्ड स्थापित करने वाली भारतीय टीम रविवार को फाइनल में दो मिनट 59.92 सेकंड के समय में दौड़ पूरी कर पांचवें स्थान पर रही। अमेरिका ने दो मिनट 57.31 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि फ्रांस ने दो मिनट 58.45 सेकंड के समय के साथ चांदी हासिल की। ग्रेट ब्रिटेन (दो मिनट 58.71 सेकंड) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम चौथे स्थान पर रहने वाले जमैका (2: 59.34) से कुछ सेकंड ही पीछे रही। उल्लेखनीय है कि भारत ने शनिवार को हुए क्वालीफिकेशन राउंड में दो मिनट 59.05 सेकंड के समय में दौड़ पूरी कर नया एशियाई रिकॉर्ड स्थापित किया था।

### नीरज की उपलब्धि पर खट्टर ने दी बधाई

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अंतरराष्ट्रीय एथलीट नीरज चोपड़ा के विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर उन्हें बधाई दी है। खट्टर ने सोमवार को यहां राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सदन को इस सम्बंध में सम्बोधित करते हुए कहा कि नीरज ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य और देश दोनों को फिर से गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि नीरज विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने वाले देश के पहले एथलीट बने हैं। उन्होंने नीरज के परिवार, कोच और सभी खेल प्रेमियों को भी बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नीरज चोपड़ा के निरंतर प्रयासों से वैश्विक मंच पर हरियाणा और देश को और अधिक जीत हासिल होंगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में खेलों को बढ़ावा देने और खेल प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए राज्य सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराई और आश्वस्त किया कि खेलों को बढ़ावा देने के अपने प्रयास जारी रखेगी, जिससे एथलीटों को अपने हुनर का प्रदर्शन करने और सफल होने के लिए एक मंच मिलेगा।

### फिटनेस साबित करने के लिए विलियमसन के पास दो हफ्ते का समय

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सीमित ओवर कप्तान केन विलियमसन को अक्टूबर में शुरू होने वाले वनडे विश्व कप 2023 के लिए अपनी फिटनेस साबित करने के लिए दो हफ्ते का वक्त दिया है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्टीड ने संवाददाताओं से कहा,हम करीब दो हफ्ते में टीम की घोषणा करने वाले हैं। हम उसे उस पूरे समय का उपयोग करने का पूरा मौका देंगे। वह पूरी तरह से रिहैब प्रक्रिया पर ध्यान दे रहा है। वह फिर से नेट्स में बल्लेबाजी कर रहा है, जो देखना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा,वह अच्छी प्रगति कर रहा है, लेकिन उसे अभी भी बहुत काम करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह उस स्तर तक पहुंचे जहां हमें उसकी आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते समय विलियमसन के दाहिने घुटने में चोट लगी, जिसके कारण उन्हें सर्जरी करवानी पड़ी थी। विलियमसन ने न्यूजीलैंड के लिए 161 एकदिवसीय मैचों में 47.8 की औसत से 6,554 रन बनाए हैं। उनकी अगुवाई में न्यूजीलैंड 2019 विश्व कप में उपविजेता रही थी।

### तिरंगे के सम्मान में नीरज ने ठुकराई महिला फैन की मांग, फिर टी शर्ट पर ऑटोग्राफ देकर जीता दिल




**बुडापेस्ट।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद नीरज चोपड़ा ने तिरंगे का सम्मान कर सभी का दिल जीत लिया है। नीरज चोपड़ा ने बुडापेस्ट में आयोजित प्रतियोगिता में 88.17 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय हैं। ऐतिहासिक पदक जीतने के बाद नीरज ने तिरंगा लेकर फोटो के लिए पोज किया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के एथलीट अरशद नदीम को भी अपने साथ बुला लिया और उनके इस काम की भी जमकर तारीफ हुई। अब तिरंगे के प्रति सम्मान दिखाकर वह चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक जीतने के बाद हंगरी की एक फैन उनके पास पहुंची थी। यह फैन बहुत अच्छी हिंदी बोल रही थी और नीरज से ऑटोग्राफ मांगा। नीरज तुरंत इसके लिए तैयार हो गए, लेकिन जब महिला फैन ने ऑटोग्राफ के लिए तिरंगा आगे बढ़ाया तो नीरज ने भारतीय झंडे पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। इसके बाद उन्होंने महिला की टी शर्ट में बांह पर ऑटोग्राफ दिया। तिरंगे के प्रति नीरज के इस सम्मान ने सभी का दिल जीत लिया।

### दुर्घटनाग्रस्त अमेरिकी विमान से तीन शव बरामद

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी तट पर एक अमेरिकी विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद मलबे से तीन अमेरिकी नौसैनिकों के शवों को बरामद किया गया और तलाश अभियान मिशन जारी है। आस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र (एनटी) के तट पर रविवार को एक नियमित सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। अमेरिकी एमवी -22बी ऑस्प्रे विमान पर 23 कर्मी सवार थे। डार्विन में मरीन रोटेशनल फोर्स ने रविवार रात तीन नौसैनिकों की मौत और अन्य 20 के घायल होने की पुष्टि की, जिनमें से पांच को इलाज के लिए रॉयल डार्विन अस्पताल ले जाया गया। सोमवार को इस दुर्घटना के बारे में नवीनतम जानकारी देते हुए एनटी पुलिस आयुक्त माइकल मर्फी ने ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (एबीसी) रेडियो को बताया कि आपातकालीन सेवाओं के बाद तीन अमेरिकी नौसैनिकों के शवब बरामद हुए है। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान टीम ने डार्विन से लगभग 60 किमी उत्तर में मेलविले द्वीप पर उबड़-खाबड़ इलाके से शवों को निकालने के लिए रात भर अभियान चलाया। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने आज एबीसी टीवी को बताया कि सरकार ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और हरसंभव मदद करने के लिए अमेरिकी राजदूत कैरोलिन कैनेडी के संपर्क में है।

### इराक, चीन ने राजनयिक संबंधों की वर्षगांठ

**बगदाद।** इराकी विदेश मंत्रालय ने इराक और चीन दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 65वीं वर्षगांठ के अवसर पर बगदाद में एक समारोह आयोजित किया है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के बारे में इराकी उप मंत्री मोहम्मद हुसैन बहर अल-उलूम ने अपने भाषण में कहा,इराकी-चीनी दोस्ती ऐतिहासिक है और दोनों देशों के बीच मित्रता की जड़ें कई दशकों से मजबूत हैं। उन्होंने कहा, 65 साल पहले अपनी स्थापना के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों ने सम्मान और पारस्परिक लाभ के आधार पर काफी प्रगति की है। इराक में चीनी राजदूत कुई वेई ने कहा कि दोनों देशों के बीच गहरी पारंपरिक मित्रता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन सिल्क रोड ने 2,000 साल से भी पहले दोनों लोगों को जोड़ा था। कुई ने कहा, पिछले 65 वर्षों में, चीन और इराक ने हमेशा एक-दूसरे को समझा, भरोसा किया है तथा हर मुद्दे पर एक-दूसरे का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि बेल्ट एंड रोड पहल के तहत चीनी कंपनियां इराक में तेल और बिजली परियोजनाओं में व्यापक रूप से तथा गहराई से शामिल हैं। उन्होंने देश की आर्थिक वृद्धि और लोगों की आजीविका में सुधार के लिए महान योगदान दिया है।

# मलेशिया को हराकर भारत ने विश्व कप में बनाई जगह




सलालाह। भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में मलेशिया को 9-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

भारत के लिए नवजोत कौर (सातवां, 10वां, 17वां मिनट) ने तीन गोल किए, जबकि मारियाना कुजूर (नौंवा, 12वां मिनट) और ज्योति (21वां, 26वां मिनट) ने दो गोल किए। महिमा चौधरी (14वां) और मोनिका दीपी टोप्पो (22वां मिनट) ने एक एक गोला जमाया।

मलेशिया के लिए ज़ती मुहम्मद (चौथा, पांचवां मिनट), डियान नाज़ेरी (10वां, 20वां मिनट) और अजीज़ ज़फीराह (16वां मिनट) ने गोल जमाए। उल्लेखनीय है कि विश्व कप में क्वालीफाई करने के लिए भारत को शीर्ष तीन में रहना था और इस जीत के साथ भारतीय टीम शीर्ष आयोजन में पहुंच गई है।

भारत मैच में शुरू से ही आक्रामक रहा, लेकिन मलेशिया ने ज़ती मुहम्मद के गोल की मदद से चौथे मिनट में बढ़त बनाई। ज़ती मोहम्मद ने अगले ही मिनट मलेशिया की बढ़त दोगुनी कर भारत पर दबाव बनाया। भारत ने हालांकि अपनी आक्रामक नीति के बदलाव नहीं किया और उसे जल्द ही इसका फल भी मिला।

कप्तान नवजोत कौर और मरियाना कुजूर ने क्रमश: सातवें और नौवें मिनट में गोल जमाकर भारत के लिए स्कोर बराबर किया। नज़ेरी ने 10वें मिनट में मलेशिया का तीसरा गोल किया लेकिन 12वें मिनट तक नवजोत और कुजूर ने एक एक गोल जमाकर भारत को पहली बार बढ़त की स्थिति में पहुंचा दिया। महिमा ने 14वें मिनट में फील्ड गोल दागा और भारत हाफ टाइम तक 5-3 से आगे रहा। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने ज़ोरदार शुरुआत की और जफीराह के गोल के दम पर मलेशिया एक बार फिर पहले स्कोर करने में कामयाब रहा, हालांकि इसके बाद भारतीय टीम पूरी तरह प्रतिद्वंदी पर हावी हो गई।

फुल टाइम से पहले मलेशिया ने कई मौके बनाए लेकिन नाज़ेरी (20वां मिनट) के अलावा कोई खिलाड़ी इन्हें गोल में नहीं बदल सका। दूसरी ओर, भारत ने नवजोत, मोनिका और ज्योति (दो) ने मौकों को गोल में बदलते हुए भारत को जीत दिलाई। फाइनल में भारत का सामना बंगलादेश या चीनी ताइपे में से किसी एक से होगा।

## नीरज की जीत से झूमा उत्तर प्रदेश, आनंदीबेन, योगी ने दी बधाई

लखनऊ। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर उत्तर प्रदेश के खेल प्रेमियों के बीच खुशी की लहर दौड़ गयी है।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने नीरज को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनायें प्रेषित की हैं वहीं युवा एथलीटों ने खुशी का इजहार करते हुये नीरज को भारतीय एथलीट का गौरव बताया है।

राज्यपाल ने देश का मानवर्धन करने वाली इस उपलब्धि के लिए नीरज चोपड़ा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। नीरज चोपड़ा ने 88.17 मीटर के अपने ऐतिहासिक थ्रो के साथ भारत को पहली बार वर्ल्ड एथलेटिक्स चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक का



सम्मान दिलाया है। उन्होने नीरज चोपड़ा के इस उल्लेखनीय प्रदर्शन की प्रशंसा की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट किया बधाई हो नीरज चोपड़ा। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आपके अभूतपूर्व 88.17-मीटर थ्रो के कारण, आप डायमंड लीग ट्रॉफी, विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण और ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। आपकी उपलब्धियाँ पूरे देश की भावना को ऊपर उठाती हैं। प्रत्येक भारतीय गर्व और प्रेरणा से सातवें आसमान पर है। जय हिन्द।

## नये राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ पारुल ने कटाया पेरिस का टिकट

**बुडापेस्ट।** भारत की पारुल चौधरी ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के 3000 मीटर स्टीपलचेज़ फाइनल में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए 2024 पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर लिया है।

पारुल रविवार को नेशनल एथलेटिक्स सेंटर में हुए फाइनल में 11वें स्थान पर रहीं, लेकिन उन्होंने नौ मिनट 15.31 सेकंड में दौड़ पूरी कर ललिता बाबर (नौ मिनट 19.76 सेकंड) का रियो ओलंपिक 2016 में बनाया गया सात साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया।

पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये खिलाड़ियों को नौ मिनट 23 सेकंड में दौड़ पूरी करनी थी और अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर पारुल ने पेरिस का टिकट भी कटा लिया।

इससे पूर्व, पारुल क्वालीफिकेशन राउंड में अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ (9.29.51) से पांच सेकंड तेज दौड़ीं और इससे उन्हें पांचवें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई थी। हाल के वर्षों में, अमेरिकी कोच निक सिमंस द्वारा निर्धारित कोचिंग कार्यक्रम से उन्हें काफी फायदा हुआ है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में 5000 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और इस साल एशियाई चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में स्वर्ण पदक जीता था।

## बंगलादेश के खिलाफ शुरू होगा भारत का विश्व कप क्वालीफायर अभियान

सलालाह। भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को यहां बंगलादेश के खिलाफ पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

भारत को 29 अगस्त से दो सितंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के एलीट पूल में मलेशिया, पाकिस्तान, जापान, ओमान और बंगलादेश के साथ रखा गया है, जबकि चैलेंजर्स पूल में हांगकांग चीन, इंडोनेशिया, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और ईरान शामिल हैं।

बंगलादेश के खिलाफ अपनी शुरुआती मुकाबले के बाद भारतीय पुरुष बुधवार को ओमान और पाकिस्तान के खिलाफ एक-एक मैच खेलेंगे, जबकि गुरुवार को उनका सामना मलेशिया और जापान से होगा।

भारतीय टीम 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप में जगह पक्की करने के लिये शीर्ष तीन में जगह बनाने की उम्मीद के साथ क्वालीफायर में उतरेगी।

उल्लेखनीय है कि 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप में कुल 16 देश हिस्सा लेंगे। मेजबान देश होने के नाते ओमान ने पहले ही टूर्नामेंट में जगह बना ली है। एशियाई क्वालीफायर में शीर्ष तीन स्थानों पर रहने वाले देशों के अलावा अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप और ओशिनिया में महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं के शीर्ष तीन देश भी 2024 5एस विश्व कप में हिस्सा लेंगे। आखिरी बार, भारत और बंगलादेश एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ढाका 2021 में आमने-सामने आये थे, जहां भारत ने 9-0 की जीत अर्जित की थी। ओमान के खिलाफ भारत की आखिरी भिड़ंत एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2018 में हुई थी, जिसे भारत ने 11-0 से जीता था। पाकिस्तान के विरुद्ध भारत ने हालिया एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 में 4-0 से ठोस जीत हासिल की थी। मलेशिया के खिलाफ भारत की आखिरी भिड़ंत उसी प्रतियोगिता के फाइनल में हुई थी जहां हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने रोमांचक मुकाबले के बाद मलेशिया को 4-3 से हराया था।

उस टूर्नामेंट में भारत ने जापान को भी 5-0 से मात दी थी। अपनी प्रतिभा के दम पर भारत यह टूर्नामेंट जीतने का प्रबल दावेदार है और कप्तान मनदीप मोर भी आत्मविश्वास से भरे हुए हैं।

मनदीप ने मैच से पहले कहा,हर खिलाड़ी का सबसे बड़ा सपना हमेशा विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व करना होता है। यह हमारे लिये एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और हम 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप के लिये सीधी योग्यता हासिल करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा,हमने आगामी प्रतियोगिता के लिये खुद को अच्छी तरह से तैयार किया है। हमें विश्वास है कि हम टूर्नामेंट में सकारात्मक नतीजे प्राप्त करने और शीर्ष-तीन में स्थान हासिल करने में सक्षम होंगे। भारत के उप-कप्तान मोहम्मद राहील मौसीन ने कहा,2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप के लिये क्वालीफिकेशन को ध्यान में रखते हुए हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं।

# लीबिया की फॉरेन मिनिस्टर ने देश छोड़ा

## इजराइली विदेश मंत्री से मुलाकात के बाद सस्पेंड हुई थीं, देश में हिंसक प्रदर्शन जारी

तेल अवीव/त्रिपोली। लीबिया की फॉरेन मिनिस्टर नाजला मैंगोश ने रविवार रात देश छोड़ दिया। नाजला ने शनिवार को माना था कि पिछले हफ्ते रोम में उन्होंने इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन से सीक्रेट मुलाकात की थी। इसके बाद देश में नाजला के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन और हिंसा हुई।

सोमवार को प्रधानमंत्री अब्दुलहामिद ने नाजला को पद से हटा दिया और उनके खिलाफ जांच के आदेश दिए। लीबिया अरब वर्ल्ड का हिस्सा है और फिलिस्तीन का साथ देता है। लीबियाई इजराइल को दुश्मन देश मानते हैं।

### क्यों शुरू हुआ विवाद

पिछले हफ्ते रोम में फॉरेन मिनिस्टर्स की एक कॉन्फ्रेंस हुई थी। इसमें लीबिया की फॉरेन मिनिस्टर नाजला मैंगोश और इजराइली विदेश मंत्री एली कोहेन भी शामिल हुए थे। इटैलियन मीडिया में यह खबर लीक हो गई कि कोहेन और नाजला ने



आपसी सहयोग के रास्ते तलाशने की शुरुआत कर दी है।

खबर लीक होने के बाद इजराइल सरकार के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि कर दी कि दोनों विदेश मंत्रियों की रोम में मुलाकात हुई है। इसके बाद लीबिया में बवाल शुरू हो गया। वहां दो दिन से सरकार के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। राजधानी त्रिपोली में आगजनी की कई घटनाएं हुईं। इसके बाद प्रधानमंत्री अब्दुलहामिद ने फॉरेन मिनिस्टर को सस्पेंड कर दिया और उनके खिलाफ इन्वेस्टिगेशन के ऑर्डर भी जारी कर दिए।

दूसरी तरफ, इजराइल की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि दोनों विदेश मंत्रियों की मुलाकात इटली सरकार ने कराई थी और दोनों देशों की टॉप लीडरशिप इस बारे में सब जानती थी। इसके लिए पहले से तैयारियां की जा रहीं थीं।

### लोगों का गुस्सा शांत करने के लिए जांच

गल्फ रीजन के बड़े अखबार 'अरब वर्ल्ड' के मुताबिक- लीबियाई सरकार को यह मामला संभालने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही गठबंधन सरकार में भी बगावत नजर आने लगी। यही वजह है कि न सिर्फ प्रधानमंत्री ने फॉरेन मिनिस्टर को सस्पेंड कर दिया, बल्कि उनके खिलाफ जांच के भी आदेश दे दिए। फॉरेन मिनिस्टर से इस मामले में जवाब देने को भी कहा गया है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि नाजला रविवार रात एक प्राईवेट जेट से मुल्क छोड़कर चली गईं हैं।

सोमवार को भी लीबिया के कई शहरों में फॉरेन मिनिस्टर के पोस्टर जलाए गए। इस दौरान लोगों ने फिलिस्तीन के झंडे भी लहराए। इनका कहना है कि सरकार और खासकर विदेश मंत्री नाजला मैंगोश ने देश को धोखा दिया है, और इजराइल से सीक्रेट बातचीत की है।

इस मामले को पर इजराइल का विपक्ष भी अपनी सरकार के रवैये से नाराज है। उसका कहना है कि सरकार ने सीक्रेट बातचीत की पुष्टि करके एक गलत उदाहरण पेश किया है और अब अरब देशों के साथ रिश्ते सुधारने में ज्यादा दिक्कत आएगी।

# ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव लड़ेंगे फॉक्सकॉन कंपनी के फाउंडर

## टेरी गौ बोले- ताइवान को यूक्रेन नहीं बनने दूंगा; जीता तो 50 साल शांति रहेगी

दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग कंपनी फॉक्सकॉन के फाउंडर टेरी गौ ताइवान का राष्ट्रपति बनने के लिए चुनाव लड़ेंगे। सोमवार को उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपनी दावेदारी पेश की है। ये राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर उनकी दूसरी बिड है।

इससे पहले उन्होंने साल 2019 में फॉक्सकॉन के चीफ पद छोड़कर ताइवान की विपक्षी पार्टी KMT का राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की पेशकश की थी। हालांकि, पार्टी ने उनकी बजाय किसी और को चुना। ताइवान में KMT को चीन की करीबी पार्टी माना जाता है।

### 2 नवंबर तक 3 लाख वोटरों के सिग्नेचर की जरूरत

गौ को निर्दलीय उम्मीदवार बनने के लिए 2 नवंबर तक 3 लाख वोटरों के सिग्नेचर की जरूरत होगी। गौ कुछ हफ्तों से ताइवान के दौरे पर हैं। कैंपेन के दौरान उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टी के रूल में ताइवान जंग की तरफ बढ़ता जा रहा है। इनकी पॉलिसी गलतियों से भरी पड़ी है।

गौ ने लोगों से कहा- मुझे 4 साल दीजिए मैं ताइवान में 50 साल के लिए शांति ला दूंगा। ताइवान को यूक्रेन नहीं बनने दूंगा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक गौ का चुनावी कैंपेन चीन से रिश्ते सुधारने और देश को जंग के मुहाने पर ले जाने से बचाने का है। ताइवान की सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी उप- राष्ट्रपति विलियम लाई को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बना सकती है। चीन इन्हें खासतौर पर नापसंद करता है। हाल ही में अमेरिका की यात्रा पर जाने पर चीन ने उन्हें ट्रबल मेकर यानी मुसीबतें खड़ी करने वाला कहा था।

### ताजिकिस्तान में मूसलाधार बारिश से 13 लोगों की मौत

दुशांबे। पश्चिमी ताजिकिस्तान में मूसलाधार बारिश से 13 लोगों की मौत हो गई है। राष्ट्रपति इमोमाली रहमोन की प्रेस सेवा ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया,कल मूसलाधार बारिश के कारण 13 लोगों की मौत हो गई, जिसमें वाहदत शहर में 11 और रुदाकी के पास दो अन्य लोग शामिल हैं। प्रेस सेवा ने कहा, रहमोन ने पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री और आपातकालीन स्थिति समिति को प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने के निर्देश दिये। आपातकालीन समिति की प्रवक्ता ने बताया कि रविवार को देश में हुई बारिश के कारण दुशांबे, वाहदत और गिसार शहरों तथा रुदाकी, रश्त, सांगवोर एवं तोजिकोबोड जिलों में भूस्खलन और चट्टानें गिरीं।

### नॉटिंग हिल कार्निवल के दौरान 85 लोग गिरफ्तार

लंदन। लंदन के नॉटिंग हिल जिले में पुलिस ने कैरेबियन कार्निवल के पहले दिन 85 लोगों को गिरफ्तार किया है, हालांकि इस दौरान कोई गंभीर घटना दर्ज नहीं की गई। मेट्रोपॉलिटन पुलिस सेवा ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने एक बयान में कहा, रविवार को 21: 30 बजे (20: 30 जीएमटी) तक, 85 गिरफ्तारियां हो चुकी थीं। बयान में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए ज्यादातर लोगों को हथियार, मादक पदार्थ रखने या यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बयान में एक उप सहायक आयुक्त एडे एडेलकन और नॉटिंग हिल कार्निवल के संचालन प्रमुख के हवाले से कहा गया,जैसा कि हमने हमेशा देखा है कि बहुत बड़ी भीड़ लंदन और उसके बाहर से आ रही है... जहां भी ऐसा होगा, हमारे अधिकारी निर्णायक रूप से जवाब देंगे, जो अब तक की गई 85 गिरफ्तारियों से स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारियों की संख्या कार्निवल के पहले दिन पुलिस की अपेक्षाओं के अनुरूप 'मोटे तौर पर सुसंगत' थी। पुलिस ने यह भी कहा कि सुरक्षा अभियानों की बदौलत पहला दिन बिना किसी गंभीर घटना के बीता। उल्लेखनीय है कि नॉटिंग हिल कार्निवल एक वार्षिक सड़क उत्सव है जो कैरेबियाई लोगों की संस्कृति, कला और विरासत का सम्मान करने के लिए अगस्त के अंतिम सप्ताहांत में होता है।

### अमेरिका की वाणिज्य मंत्री चार चीन पहुंची

बीजिंग। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो व्यापार और पर्यटन के क्षेत्र में वाशिंगटन तथा बीजिंग के बीच सहयोग स्थापित करने के लिए चीन पहुंची हैं। फाइनेंशियल टाइम्स अखबार ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुश्री रायमोंडो 30 अगस्त तक चीनी यात्रा पर हैं। चीनी वाणिज्य मंत्रालय की प्रवक्ता शू जुएटिंग ने गुरुवार को कहा था कि रायमोंडो की यात्रा के दौरान चीनी सरकार अमेरिका के साथ आर्थिक संबंधों में मतभेदों को खत्म करने पर चर्चा करने की योजना बना रही है। चीन ने मई में कहा था कि अमेरिकी




सेमीकंडक्टर निर्माता माइक्रोन साइबर सुरक्षा जांच में विफल रहा है, इसलिए, महत्वपूर्ण चीनी सूचना बुनियादी ढांचे को कंपनी के उत्पादों को खरीदना बंद कर देना चाहिए। तभी से दोनों देशों के बीच नवीनतम व्यापार को लेकर मतभेद हैं। कथित तौर पर अमेरिकी सांसदों ने जवाब में अमेरिकी वाणिज्य विभाग से चीन की एकीकृत सेमीकंडक्टर निर्माता चांगएक्सिन मेमोरी टेक्नोलॉजी को ब्लैकलिस्ट करने का आग्रह किया। इससे पहले अप्रैल में, अमेरिका ने कथित तौर पर माइक्रोन में सुरक्षा जांच शुरू करने के बाद दक्षिण कोरिया से चीन को अपने सेमीकंडक्टर निर्यात को प्रतिबंधित करने के लिए कहा था।

### मिस्र, इतालवी विदेश मंत्रियों ने द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की

काहिरा। मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी और उनके इतालवी समकक्ष एंटोनियो तजानी ने द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, तजानी ने नाइजर में विकास के बारे में शौकरी के आकलन और नाइजर और क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने के लिए राजनयिक माध्यमों से संकट को हल करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने लीबिया की स्थिति पर भी चर्चा की, जहां शौरी ने अपने इतालवी समकक्ष को राजनीतिक और सुरक्षा स्थिति में विकास के संबंध में मिस्र के दृष्टिकोण से अवगत कराया। शौकरी ने उन समाधानों का समर्थन करने के तरीकों की भी समीक्षा की जो लीबिया में जल्द से जल्द संसदीय और राष्ट्रपति चुनाव कराना सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा दोनों शीर्ष राजनयिकों ने अवैध आप्रवासन सहित भूमध्यसागरीय क्षेत्र में सामान्य स्थितियों और चुनौतियों को संबोधित किया। उन्होंने आर्थिक और निवेश क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की और सितंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों के मौके पर चर्चा करने पर सहमति व्यक्त की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### विपक्ष के कुचक्रों को समझ चुकी है जनता, घोसी में जीतेगी भाजपा : स्वाती सिंह



लखनऊ। विपक्ष में कोई धर्म के नाम पर तो कोई जाति के नाम पर लोगों को भड़काने में लगा हुआ है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विश्व गुरु बनाने में जुटे हुए हैं। आज पूरा विश्व भारत के वैज्ञानिकों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोहा मान रहा है। आम जनता आज विपक्ष के कुचक्रों को समझ चुका है। घोसी विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार की ऐतिहासिक जीत होगी। ये बातें पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि एक तरफ विपक्ष अपने-अपने परिवार को आगे बढ़ाने के लिए राजनीति कर रहा है। वहीं भाजपा पूरे राष्ट्र को बढ़ाने के लिए राजनीति करती है। यह आज दिख रहा है। चंद्रमा पर अपना यान पहुंचाकर यहां के वैज्ञानिकों ने पूरे विश्व में देश का नाम रोशन कर दिया। समाजवादी पार्टी की तो स्थिति यह है कि वह अपने नेताओं को ही नहीं रोक पा रही है। लोकसभा चुनाव आते-आते आधा से अधिक सपा के नेता दूसरी तरफ देखने को मिलेंगे। स्वाती सिंह ने कहा कि घोसी की जनता समझ चुकी है। उसको विकास चाहिए। सभी का विकास हो, इसके लिए एक मात्र भाजपा ही है। भाजपा राज में बिना राजनीति के हर वर्ग का विकास होता है। हर वर्ग के लोगों तक विकास की योजनाएं पहुंचती हैं। हर पात्र को बिना कुछ कहे, दरवाजे तक सुविधाओं को पहुंचाया जाता है। आज जनता विपक्ष के कुचक्रों को समझ चुकी है और वह भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीताने जा रही है।

### पुस्तकें कबाड़ में बेचने के मामले में तीन निलंबित

खरगोन। मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के महेश्वर विकासखंड स्थित एक विद्यालय की वर्तमान तथा पुराने सत्र की पुस्तकें व अन्य सामग्री कबाड़ में बेचने के मामले में जिला कलेक्टर के निर्देश पर दो शिक्षकों समेत तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग खरगोन प्रशांत आर्य ने बताया कि जिला कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा के निर्देश पर कराई गई जांच के आधार पर आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नांद्रा के उच्च श्रेणी शिक्षक सुनील कोचले व दिनेश पठान तथा संस्था के भृत्य उस्मान पठान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जांच प्रतिवेदन प्रभारी प्राचार्य सेवंती भूरिया द्वारा सौंपें जाने पर आज सायं कार्रवाई की गई। जिला कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा ने बताया कि विकासखंड महेश्वर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नांद्रा में वर्तमान एवं पुराने सत्र की किताबें तथा अन्य सामग्री कबाड़ में बेचे जाने पर कल ग्रामीणों ने इन्हें रोका था। उन्होंने बताया कि दोनों शिक्षकों के कहने पर भृत्य ने कल विद्यालय का दरवाजा खोल कर पुस्तकें व सामग्री कबाड़ में दे दी थी। नागरिकों द्वारा घटना देख लिए जाने के उपरांत पुलिस को सूचना दी गई थी । पुलिस ने पंचनामा बनाकर बेची गई सामग्री और वाहन को थाना परिसर में खड़ा कराया था। उन्होंने बताया कि आज घटना की जांच के आदेश दिए गए थे।

### श्रावण माह के अंतिम सोमवार को निकली भगवान महाकालेश्वर की अष्टम सवारी

उज्जैन। मध्यप्रदेश के उज्जैन में श्रावण माह के अंतिम सोमवार पर आज भगवान महाकालेश्वर की बड़े शाही ठाठ बाट से सवारी निकली। भगवान महाकालेश्वर की सवारी में रजत जडित पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर शिवतांडव, नन्दी रथ पर उमा-महेश, डोल रथ पर होल्कर स्टेट के मुखारविंद, बैलगाड़ी में श्री घटाटोप स्वरुप, श्री जटाशंकर रूप व अष्टम सवारी में श्री रुद्रेश्वर स्वरुप में अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलें। भगवान श्री महाकालेश्वर के वैभव, ऐश्वर्य व गरिमा की छटा चारों ओर देखतें ही बन रही थी । भगवान महाकालेश्वर की सवारी निकलने से पहले मंदिर के सभामंडप में भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर का षोडशोपचार से पूजन-अर्चन कर भगवान की आरती की गई। मंदिर परिसर के सभामंडप में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा, पंचायती महानिर्वाणी अखाड़े के महंत विनीत गिरी जी महाराज, महापौर मुकेश टटवाल, आयुक्त नगर पालिक निगम रोशन सिंह, अपर कलेक्टर एवं प्रशासक संदीप सोनी आदि सम्मिलित हुए।

### डॉ पाली चंद्रा की कृतियां सराहनीय

नयी दिल्ली। नाट्यसूत्र एवं कथक गुरु डॉ पाली चंद्रा तथा उनकी टीम ने जयदेव की प्रसिद्ध 12वीं सदी की संस्कृत कविता का एक डिजिटल संस्करण निकाला है, जिसमें राधा-कृष्ण के अटूट प्रेम को दर्शाया गया है। इससे देश का शास्त्रीय संगीत और समृद्ध होगा तथा उसे नया आयाम दिया है। जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने राष्ट्रीय राजधानी में 'डिजिटल गीत गोविंद' का उद्घाटन किया है। औपचारिक रूप से नये युग की कलात्मक रचना का शुभारंभ किया। इसमें जयदेव की 24-प्रबंध कृति के पूर्ण पाठ का कथक-शैली चित्रण शामिल है। केरल स्थित नाट्यसूत्र-इनविस टीम नाट्यसूत्रऑनलाइनडॉटकॉम पर पूर्ण पाठ की कोरियोग्राफी उपलब्ध है। कार्यक्रम को नाट्य शास्त्र और अभिनय दर्पण के आधार पर डिजाइन किया गया है, जिससे विद्यार्थी इस सामग्री का अपने-अपने रूपों में उपयोग कर सकें। स्विट्जरलैंड में रहने वाली डॉ चंद्रा ने नृत्य कला विरासत को सुरक्षित रखा है। वह प्रसिद्ध गुरु विक्रम सिंघे और गुरु कपिला राज की अग्रणी शिष्या हैं। कांत ने उनके 'अनूठे योगदान' के लिए 'दूरदर्शिता और मिशन' की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे, लाभार्थी पेशेवर नर्तक, छात्र और संस्कृति प्रेमी होंगे। इससे बड़े पैमाने पर सभ्यतागत मूल्यों पर प्रभाव पड़ेगा।

### अगस्त में एनसीएस पर दस लाख से अधिक रिक्तियां

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार के राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर इस वर्ष अगस्त में दस लाख से अधिक रिक्तियां पंजीकृत की गयी हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि इन रिक्तियों की सूचना सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न नियोक्ताओं ने भी दी गई है। एनसीएस पोर्टल पर रिक्तियां नियोक्ताओं की सीधी रिपोर्टिंग और विभिन्न निजी नौकरी-पोर्टलों के साथ एपीआई एकीकरण के माध्यम से जुटाई जाती हैं। आंकड़ों के अनुसार दस लाख सक्रिय रिक्तियों में से लगभग एक तिहाई रिक्तियां नए छात्रों के चयन के लिए अधिसूचित की गयी हैं, जिससे कई युवा उम्मीदवारों को उनकी शिक्षा के तुरंत बाद रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सुविधा होगी। एनसीएस पर पंजीकृत रिक्तियों की एक महत्वपूर्ण संख्या तकनीकी सहायता कार्यकारी, बिक्री कार्यकारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर, लॉजिस्टिक्स कार्यकारी, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, रखरखाव इंजीनियर आदि की नौकरी भूमिकाओं से संबंधित है।

### सभी विभागो के चिकित्सको को समयबद्ध वेतनमान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सभी विभागो के चिकित्सको को समयबद्ध वेतनमान दिया जायेगा। बिना पदोन्नति की बाध्यता के पाँच, दस और पन्द्रह वर्ष में वेतन वृद्धि मिलेगी। मेडिकल कालेज के चिकित्सको को भी एक जनवरी 2016 से सातवाँ वेतनमान मिलेगा। चौहान आज यहां चिकित्सा महाविद्यालय में 2 हजार बिस्तरीय अस्पताल के निर्माण कार्य, नर्सिंग कॉलेज एवं हॉस्टल तथा ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वेतन की एन पी ए गणना की त्रुटियों को दूर किया जायेगा। संविदा कर्मियों के जैसे ही संविदा चिकित्सको को भी सुविधाएं मिलेंगी। सभी विभागो के डाक्टर को समान कार्य समान वेतन मिलेगा। चिकित्सा छात्रों के ग्रामीण क्षेत्रों में अनिवार्य सेवा संबंधी बांड राशि का युक्तियुक्त करण होगा। सहायक प्राध्यापक के विलोपित वेतनमान में सुधार किया जायेगा। शहर के 11 नर्सिंग होम की शिफ्टिंग के नियम सरल किए जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविदा चिकित्सकों को शासकीय संविदा कर्मियों के जैसे ही सुविधाएं मिलेंगीं। उन्होंने कहा कि शरीर स्वस्थ रहे इससे बड़ा सुख कोई नहीं हो सकता।

# कोई दूसरा नहीं ले सकेगा लाभार्थी के हिस्से का पोषाहार

### ई-पॉस मशीनों की स्थापना एवं संचालन के लिए यूपीडेस्को को नामित किया गया कार्यदायी संस्था

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश की बाल विकास परियोजनाओं के तहत संचालित आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत पोषाहार वितरण को और सुदृढ़ तथा पारदर्शी बनाने के लिए बायोमैट्रिक्स प्रणाली लागू किए का निर्णय लिया है। इसके तहत ई-पॉस मशीनों की स्थापना एवं संचालन के लिए उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। ई-पॉस मशीनों की स्थापना के लिए टेंडर के साथ ही ई-टेंडरिंग के माध्यम से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) तैयार करने की जिम्मेदारी यूपीडेस्को की होगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में योगी कैबिनेट ने ई-पॉस मशीनों के माध्यम से अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत पोषाहार वितरण की व्यवस्था को मंजूरी दी है।

इसके माध्यम से लाभार्थी के हिस्से का पोषाहार कोई दूसरा नहीं ले सकेगा। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा प्रदेश की बाल विकास परियोजनाओं के तहत संचालित आंगनबाड़ी व मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों (अति कुपोषित सहित), गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा 14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं (केवल आकांक्षात्मक जनपदों में) को पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है।

#### एक से अधिक सिस्टम इंटीग्रेटर्स का भी हो सकता है चयन

ई-पॉस मशीन की बिड प्रक्रिया में मल्टीपल कंपोनेंटट सम्मिलित होने के कारण इसे उत्तर प्रदेश शासन के ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल https://etender.up.nic.in के माध्यम से किए जाने के प्रबंध किए गए हैं। निदेशक, यूपीडेस्को की अध्यक्षता में क्रय समिति का गठन किया जाएगा। समिति में प्रशासकीय विभाग के सदस्य के रूप में संयुक्त निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार सदस्य के रूप में सम्मिलित होंगे। इसके अतिरिक्त आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा समिति में जरूरत के अनुसार अन्य विभागीय अधिकारियों एवं वित्त विभाग के प्रतिनिधि को सदस्य नामित किया जाएगा। चयनित होने वाली सिस्टम इंटीग्रेटर संस्थाओं को ई-पॉस मशीन सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन, आइरिश आइडेंटिफिकेशन, फील्ड लेबल मैनपावर, तकनीकी मैनपावर, मोबाइल सिम उपलब्ध कराने होंगे। साथ ही इन सभी का 03 वर्षो तक रख-रखाव भी करना होगा। यह परियोजना सिस्टम इंटीग्रेटर आधारित बीओओ (बिल्ड, ओन, ऑपरेट) मॉडल पर संचालित की जाएगी। ई-पॉस मशीन की बिड प्रक्रिया में विभिन्न कंपोनेंट (हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर आदि) सम्मिलित होंगे, जिसमें एक से अधिक सिस्टम इंटीग्रेटर्स का भी चयन संभावित है।

### शिवराज ने वित्त व्यवस्था पुस्तक का विमोचन किया

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज शाम मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वित्त सेवा अधिकारी संघ द्वारा प्रकाशित पुस्तक वित्त व्यवस्था का विमोचन किया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री चौहान ने पुस्तक के प्रकाशन के लिए संघ को बधाई दी। उन्होंने अधिकारी संघ के सदस्यों का मुख्यमंत्री निवास में स्वागत किया। संघ ने मुख्यमंत्री को स्मृति-चिन्ह भेंट किया। मुख्यमंत्री को संघ के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि वित्त व्यवस्था पुस्तक में जुलाई तक के सामान्य प्रशासन, वित्त, स्वास्थ्य, उद्योग आदि विभागों के नियम, निर्देशों का संकलन कर उनकी सरल भाषा में व्याख्या की गई है। पुस्तक प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त संदर्भ सामग्री उपलब्ध कराने में सहायक होगी। साथ ही पुस्तक से वित्त विभाग के नियम निर्देशों को समझना भी अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए सरल होगा। नियमों की सरल व्याख्या, राज्य के अधिकारियों के प्रतिदिन के कार्यों में उपयोगी साबित होगी तथा उनकी कार्य कुशलता और कार्यों में शुद्धता को बढ़ाएगी।

### चार पहिया वाहनों का फर्जी दस्तावेज तैयार कर जनता से धोखाधड़ी करने वाले 02 जालसाज गिरफ्तार



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल के निर्देश में थाना इटियाथोक पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा चार पहिया वाहनों का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जनता से धोखाधड़ी करने के 02 जालसाज अभियुक्तों-01.अवनीश प्रताप सिंह, 02. नेकराम यादव उर्फ लेखपाल यादव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 03 चार पहिया वाहन, 03 मोबाइल फोन बरामद किया गया। उक्त अभियुक्तों ने ओमप्रकाश तिवारी, जय प्रकाश मिश्रा, राजेश कुमार दुबे से श्रीराम फाइनेंस कम्पनी व महाकाल कम्पनी का रिकवरी एजेण्ट बताकर कियानामा एग्रीमेंट के तहत 03 चार पहिया वाहन ली थी। जब पीड़ित द्वारा उक्त अभियुक्तो से किराया मांगा गया तो उन्होने पीड़ित को फर्जी बेचीनामा दिखाकर गाली-गुप्ता देते हुए भगा दिया था। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि पीड़ित द्वारा थाना इटियाथोक में एफआईआर दर्ज कराया गया था। जिसमें विवेचना के दौरान सोमवार को उक्त दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि हमलोग भोले भाले लोगों से धोखाधड़ी कर उनकी गाड़ी को किराये पर ज्यादा पैसों का लालच देकर एग्रीमेंट कर उनकी गाड़ी लेकर अपनी गाड़ी बताकर मोटी रकम लेकर फर्जी बेचीनामा बनाकर दूसरे लोगो को बेच देते थे तथा गाड़ी का कागजात बाद में देने की बात करते थे तथा फिर अपना नम्बर चेंज कर लेते थे यह कार्य हमलोग द्वारा कभी लखनऊ तो कभी बहराइच में रहकर किया जाता था। गिरफ्तार अभियुक्तो के विरूद्ध गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## 'बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ' का चला हस्ताक्षर अभियान



**सोनभद्र ।** डीएम के निर्देशन में विकासखंड रॉबर्ट्सगंज के पुरानाजिम ग्राम के पंचायत भवन में जागरूकता कैंप के माध्यम से शासन स्तर प 'संचालित सभी योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी सभी विभागो द्वारा। कार्यक्रम में महिला कल्याण से सम्बंधित योजनाओं, बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, कन्या बाल विवाह कों रोकने प' रोशनी डाली मौजूद विभागों के अधिकारियों ने। सशक्त महिला की यही पहचान, मुश्किल से न होती परेशान विषयक परिचर्चा की गयी इसके तथा अन्य योजनाओं के आलोक में सम्यक परिज्ञान प्राप्त हो और शासकीय योजनाओं से पात्र लाभान्वित हो सके, यही परम् लक्ष्य बताते जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने पुरनाजिम ग्राम पंचायत में आयोजित कैंप में उपस्थित जन मानस को सम्बोधित करते अपने उद्बोधन में आगे कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु जन कल्याणकारी विभिन्न योजनाएं जो जिनके संचालन हो रहे हैं , उसका लाभ लें वांछित लोग । जिला प्रोबेशन अधिकारी ने पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला को पेंशन सुविधा की उपलब्धता के बाबत आनलाईन आवेदन करने के पथ प्रशस्त करते कहा कि एक हजार रूपये प्रति माह पेंशन प्राप्त करने के के लिए आवेदक द्वारा आनलाईन फार्म एकीकृत पेंशन पोर्टल पर भरे जाने की व्यवस्था है।

महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत योजनाओं की जानकारी के निस्बत कैंप आयोजित करने के निहितार्थ बताये जिला प्रोबेशन अधिकारी ने। इस दौरान उन्होंने कहा कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने, बालिकाओं को अपनी सुरक्षा स्वयं करने हेतु सशक्त बनाने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिसमें एक ही छत के नीचे कई प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाती है। महिलाओं में पुरुषों से अधिक साहस , क्षमता व शक्ति होती है ,बस महिलाओं को उसे पहचानने की आवश्यकता होती है।

## आयुष्मान गोल्डेन कार्ड पाकर कन्हैयालाल के चेहरे पर आयी खुशहाली

### शासन और प्रशासन के प्रति जताया आभार, कहा - अब होगा मेरा मुफ्त ईलाज

सोनभद्र । राज्य सभा सांसद राम सकल व जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में नागनार हरैया निवासी दोनों पैर से दिव्यांग कन्हैयालाल पुत्र स्वर्गीय श्याम लाल यादव को गोल्डन आयुष्मान कार्ड प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बताया गया की दिव्यांग कन्हैयालाल का आयुष्मान कार्ड सूची में नाम नहीं था, जिससे उनको स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था।

जिलाधिकारी को कुछ दिन पहले एक प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि मेरा वीपीएल सूची में नाम न होने के करण अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं



बना है और ना ही मेरे पास राशन कार्ड बना है। डीएम ने इस समस्या का तत्क्षण समाधान करते उपचार का पथ प्रशस्त करने की मुहिम चलाई और आयुष्मान योजना से वंचित लाभार्थी कन्हैया लाल को लाल राशन (अंत्योदय राशन) कार्ड बनाने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिये तो त्वरित कार्यवाही करते अंजाम तक पहुंचाया अंत्योदय राशन कार्ड बनाने को। राशनकार्ड बनते ही डीएम ने समन्धित को आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत की डी0आई0यू0 टीम सोनभद्र को कार्ड बन जाने के बाद उसकी केवाईसी कर आयुष्मान कार्ड बनवाया गया, जिसे 28 अगस्त को राज्यसभा सांसद राम सकल व जिलाधिकारी द्वारा आयुष्मान कार्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बताया गया कि कन्हैयालाल को सड़क पार करने के दौरान ट्रक से धक्का लग गया और दोनों पैर बुरी तरह से टूट गए था, जिस वजह से इनको अपना जीविकोपार्जन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था।

### महिला कल्याण योजनाएं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में पहचान बना रहा है

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि महिला कल्याण की योजनाएँ मध्यप्रदेश महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एक चमत्कार है। महिलाओं को सशक्त बनाने का मिशन निरंतर चलेगा। चौहान ने आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों से मुख्यमंत्री निवास आकर उन्हें राखी बांधने वाली बहनों को संबोधित किया।

## जिला पंचायत परिसर में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

बलरामपुर। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियां विषयक जिला पंचायत परिसर में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि चित्र प्रदर्शनी के द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं की



जानकारी एवं सरकार की उपलब्धियां आकर्षक ढंग से प्रस्तुत की गई है। आम जनमानस को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाने हेतु चित्र प्रदर्शनी काफी बेहतर माध्यम है।

## सेंट्रलाइज्ड एक्सीडेंट और ट्रॉमा सर्विसेज ( कैट्स ) में मेरी पोस्टिंग



**आर एल श्रीवास्तव**

दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग से जून 1995 में मेरी पोस्टिंग डी डी ए में डेपुटेशन पर हो गई । वहां मैं डायरेक्टर हाउसिंग के पद पर दिसंबर 1997 तक रहा । उसके बाद दिल्ली सरकार में जॉइंट सेक्रेटरी पीडब्ल्यूडी में 6 माह रहा। फिर दिल्ली सरकार के दो कॉर्पोरेशन में पोस्टिंग पर रहा । पहले एससी एस.टी कॉरपोरेशन में जनरल मैनेजर था फिर 1 साल 6 महीने के बाद दिल्ली सिविल सप्लाई कारपोरेशन में सीनियर जनरल मैनेजर पर लगभग 15 महीने रहा । सर्विस के आखिरी साल में लगभग 10 महीने के लिए मार्च 2001 में मेरी पोस्टिंग दिल्ली सरकार में एडिशनल सेक्रेटरी( हेल्थ) पद पर हुई । इसके साथ ही प्रोजेक्ट एंड एडमिनिस्ट्रेटर सेंट्रलाइज्ड एक्सीडेंट और ट्रॉमा सर्विसेज (कैट्स) का भी चार्ज था । एडिशनल सेक्रेटरी के लिए मुझे दिल्ली सचिवालय में जाना होता था और प्रोजेक्ट एडमिनिस्ट्रेटर (कैट्स) के पद का चार्ज के लिए करोल बाग में ऑफिस था । कैट्स सेवा दिल्ली सरकार में और शायद देश में पहली बार कुछ साल पहले ही आरंभ की गई थी । तब फील्ड स्टाफ एवं एंबुलेंस कम थी परंतु अब 25 साल के बाद इसकी सर्विसेज काफी बढ़ गई है । इसमें दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर सड़क दुर्घटना में शीघ्र फर्स्ट एड एवं पहुंचाना एवं मेडिकल इमरजेंसी में मरीज को शीघ्र अटेंड करना एवं अस्पताल पहुंचाना मुख्य कार्य है । इसके लिए दिल्ली में ज्यादा एक्सीडेंट वाले इलाके (एक्सीडेंट प्रोन एरिया) में फर्स्ट एड एवं मेडिकल इमरजेंसी से संबंधित मशीन एवं दवा तथा ऑक्सीजन से पूरी एंबुलेंस स्थापित होती है । इन एंबुलेंस में दो अधिकारी जो ड्राइविंग के अतिरिक्त फर्स्ट एड और मेडिकल सहायता में ट्रेंड होते हैं । यह सेवा प्रतिवेदन 24 घंटे चलती है और फोन नंबर 102 पर कनेक्ट होते हैं द्व फोन काल मिलने पर 5 मिनट के अंदर कैट्स एंबुलेंस अति शीघ्र पहुँच जाती है।





कैट्स के लिए एक सरकारी समिति रजिस्टर्ड की गई है द्व इसके हेड प्रोजेक्ट एडमिनिस्ट्रेटर होते हैं समिति पूरा सरकारी फंड से चलती है जो दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग से आता है । मेरे टाइम में उस समय प्रतिदिन लगभग 80 से 100 कॉल अटेंड होती थी । दैनिक कार्य के अलावा मुझे इसमें कुछ और महत्वपूर्ण कार्य करने थे । पहले 29 अप्रैल 2001 को कैट्स एम्बुलैस सर्विस और प्री हॉस्पिटल केयर पर सम्मेलन (कॉन्फ्रेंस) अरेंज करना था । सम्मेलन का आयोजन मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में किया गया आदरणीय स्वास्थ्य मंत्री दिल्ली सरकार श्री अशोक वालिया जी तथा स्वास्थ्य सचिव श्री आर चंद्र मोहन और दिल्ली फायर सर्विसेज के शीर्ष अधिकारी तथा प्रमुख डॉक्टर साहब लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये और सुझाव दिए ।

दूसरा महत्वपूर्ण कार्य माननीय डॉक्टर कर्ण सिंह राज्य सभा एमपी द्वारा अपने एमपी फंड से दो एंबुलेंस कैट्स को दी गई थी । उनकी फ्लैग ऑफ सेरेमनी करवानी थी। यह कार्य काफी दिनों से रुका हुआ था । प्रयास करने पर मिस्टर कपूर उनके सेक्रेटरी के सहयोग से अपॉइंटमेंट मिल गया द्व फ्लैग ऑफ सेरेमनी का आयोजन दिल्ली विधानसभा के प्रांगण में संपन्न हुआ । माननीय श्रीमती शीला दीक्षित मुख्यमंत्री और सभी मंत्रियों के साथ लगभग सारे एम एल ए ने इसमें भाग लिया । तीसरा कार्य जापान से तीस अच्छी क्वालिटी की बड़ी एंबुलेंस आर्थिक सहयोग में आधार पर इम्पोर्ट कर के कैट्स बेड़े में शामिल कराना था । एक बार देर होने से कुछ अड़चन पड़ने पर भारत में जापान एम्बेसी के एक ऑफिसर से मेरी मीटिंग हुई । यह आश्वासन दिया गया कि यह कार्य जल्द से संपन्न किया जाएगा । कुछ दिनों के बाद इन एंबुलेंस के भारत पहुंचने पर कंटेनर कॉरपोरेशन के अधिकारियों से बातचीत करके इन गाड़ियों की डिलीवरी ली गई ।एंबुलेंस बड़ी और ऊंची थी तो इनके पार्किंग की विशेष व्यवस्था कराई गई द्व टेक्निकल और मेडिकल एक्सपर्ट की जांच के बाद इन्हें कैट्स बड़े में शामिल करने का रास्ता साफ हो गया । आदरणीय स्वास्थ्य मंत्री श्री अशोक वालिया और स्वास्थ्य सचिव चंद्र मोहन से बात करके इन एम्बुलेंस को कैट्स में शामिल करने का फंक्शन 22 जून 2001 को निश्चित किया गया द्व उस दिन इन एंबुलेंस को सजाकर दिल्ली सरकार के विधानसभा के प्रांगण में लगवाया गया द्व इनॉग्रेशन के लिए आदरणीय मुख्यमंत्री शीला दीक्षित, उनके सभी मंत्री एवं एमएलए और दिल्ली सरकार के सभी सेक्रेटरी, दिल्ली के महापौर और जापान के एंबेसडर को आमंत्रित किया गया। सभी के सहयोग से कार्य अच्छी तरह संपन्न हो गया । मुख्यमंत्री महोदया ने इनॉग्रेशन के समय स्वयं एक एंबुलेंस की ड्राइविंग की। बाद में एक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इन एंबुलेंस को कैट्स बड़े में शामिल करने पर इसके कार्य क्षमता में बढ़ोतरी हुई । इन समारोहों के कुछ चित्र, मेरा इंटरव्यू निम्न है।13 दिसंबर 2001 को पार्लियामेंट ऑफ़ इंडिया पर अटैक हुआ द्व वहां मौजूद एंबुलेंस और हमारे कैट के लोगों ने रेस्क्यू करने तथा फर्स्ट एड देने में अच्छा काम किया । माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी ने कैट के इस कार्य की कई फोरम में उल्लेख किया द्व एक और घटना जो कैट्स में पोस्टिंग के दौरान हुई उसका उल्लेख करना रोचक होगा । रिटायरमेंट के कुछ दिनों पहले तीस हजारी कोर्ट से कई ऑफिस होते हुए मेरे नाम एक सम्मन आया । पता लगा कि 1975-1976 में सेल्स टैक्स विभाग में एक रेड (छापे) के बाद मेरे नाम से फर्म के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी द्व 25 साल के बाद केस के बारे में थोड़ा बहुत पता चला । मैं कोर्ट में हाजिर हुआ फर्म के वकील साहब जो लगभग 50 साल के आसपास के थे ने मेरे से कई सवाल किये और मैंने जवाब दे दिया द्व आखिर में उन्होंने उनसे पूछा सर अभी आप कहां पर पोस्टेड हैं ? मैंने उत्तर में बताया कि मैं कैट्स में प्रोजेक्ट एडमिनिस्ट्रेटर हूं । उन्होंने कैटस का आशय सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (कैट) से समझ लिया जहाँ सर्विसेज से संबंधित मुकदमे चलते हैं। कोर्ट से बाहर आते समय उन्हीं वकील साहब ने कहा सर मैं क्षमा चाहता हूं आपसे इतने सवाल पूछने के लिए, आप कैट में हैं मुझे मालूम नहीं था । मैं मुस्कुराया और यह कहते हुए की कोई बात नहीं आगे चल दिया। इस तरह जनवरी 31 2002 को दोपहर बाद सेक्रेट्रिएट से एडिसनल सेक्रेटरी पद से विदाई लेने के बाद कैट्स के कार्यालय करोल बाग़ आया । कैट्स क्योंकि नई-नई सर्विस थी अतः वहां से पहले रिटायरमेंट मेरा हुआ । वहां के स्टाफ ने धूमधाम और बाजे, नगाड़े बजाकर विदाई की।